आश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 08:40 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 16 अक्टूबर 2024

वर्ष 34, अंक 257, पृष्ठ 16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार





दुर्लभ ऑरोरा की रोशनी में जगमगाया मैक्सिको 16

परमसुंदरी में साथ दिखेगी सिद्धार्थ-जाह्नवी की जोड़ी 15


# भारत और कनाडा के बीच बढ़ा विवाद ट्रूडो के आरोपों को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी



- कनाडाई विदेश मंत्री ने कहा- भारत पर लगा सकते हैं प्रतिबंध सभी विकल्प विचाराधीन

सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे को लेकर भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक विवाद मंगलवार को और गहरा गया जहां ओटावा ने अपने यहां गुप्त अभियान चलाने में बिश्नोई गिरोह के तार भारत सरकार के एजेंटों से जोड़ने का प्रयास किया तो वहीं नई दिल्ली ने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

दोनों देशों में तनाव बढ़ने के बीच कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने भारत के खिलाफ पाबंदी लगाने की संभावना को खारिज नहीं किया और कहा कि सभी विकल्प विचाराधीन हैं। भारत ने कनाडा में आपराधिक गिरोहों से भारतीय एजेंटों को जोड़ने के कनाडाई अधिकारियों के प्रयासों को पुरजोर तरीके से खारिज कर दिया। ओटावा का यह दावा सच नहीं है कि उसने निज्जर मामले में नई दिल्ली के साथ साक्ष्य साझा किए थे। सूत्रों ने कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो के इन आरोपों को भी खारिज कर दिया कि भारत, कनाडा में कनाडाई नागरिकों को निशाना बनाते हुए गुप्त अभियान सहित कई गतिविधियों में संलिप्त था।

### निज्जर की हत्या के बाद संबंधों में आई खटास

पिछले साल सितंबर में प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा खालिस्तानी चरमपंथी निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में गंभीर तनाव पैदा हो गया था। निज्जर की पिछले साल जून में ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# वैश्विक स्तर पर डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए बनाए जाएं नियम

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं कर सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक स्तर पर ऐसी रूपरेखा तैयार करने की जरूरत है, जिसमें कृत्रिम मेधा और प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हों। उन्होंने कहा कि आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

प्रधानमंत्री ने यहां अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (डब्ल्यूटीएसए) और इंडिया मोबाइल कांग्रेस के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि जिस तरह विमानन क्षेत्र के लिए वैश्विक समुदाय ने एक व्यापक रूपरेखा तैयार की है, उसी तरह डिजिटल दुनिया को भी नियमों तथा विनियमों की आवश्यकता है। वैश्विक संस्थाओं को एक साथ मिलकर यह तय करना चाहिए कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं। मोदी ने कहा समय आ गया है जब वैश्विक संस्थाओं को डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए नियम-आधारित रूपरेखा के महत्व को स्वीकार करना होगा। डिजिटल नियम केवल इसलिए महत्वपूर्ण नहीं हैं क्योंकि उनमें व्यक्तिगत गोपनीयता, मीडिया में गलत सूचना, प्रौद्योगिकी दिग्गजों की जवाबदेही और सामाजिक महत्व के अन्य मुद्दे शामिल हैं, बल्कि इसलिए भी क्योंकि वस्तुओं और सेवाओं का व्यापार डेटा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवाह पर निर्भर करता है।



नई दिल्ली में आईटीयू विश्व दूरसंचार मानकीकरण असेंबली में प्रधानमंत्री मोदी।

### कोई भी समुदाय डिजिटल परिवर्तन में पीछे न छूटे

मोदी ने कहा कि संघर्षों से त्रस्त दुनिया में आम सहमति और संपर्क की आवश्यकता है और भारत दुनिया को संघर्ष से बाहर निकालने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा चाहे वह प्राचीन रेशम मार्ग हो या आज का प्रौद्योगिकी मार्ग, भारत का एकमात्र मिशन दुनिया को जोड़ना और प्रगति के नए द्वार खोलना है। प्रधानमंत्री ने नयी दिल्ली के भारत मंडपम में अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ – विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (डब्ल्यूटीएसए) 2024 का उद्घाटन किया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 के 8वें संस्करण का भी उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर एक प्रदर्शनी को भी देखा। मोदी ने कहा कि हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि कोई भी देश, कोई भी क्षेत्र और कोई भी समुदाय इस डिजिटल परिवर्तन में पीछे न छूटे।






## एक नजर

### पूर्व सांसद नवनीत राणा को मिली धमकी, 10 करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग

अमरावती (महाराष्ट्र)। भाजपा नेता और महाराष्ट्र की पूर्व सांसद नवनीत राणा को एक धमकी भरी चिट्ठी मिली है जिसमें 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि अमरावती की पूर्व सांसद को आमिर नामक व्यक्ति ने स्पीड पोस्ट के जरिये पत्र भेजा है। राणा के निजी सचिव विनोद गुहे ने अमरावती के राजापेठ पुलिस थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है।

### वृद्ध को सांड़ ने पटक कर मार डाला, 5 घायल

बंडा (शाहजहांपुर)। घर के बाहर आग जला रहे बुजुर्ग पर सांड़ ने हमला कर दिया और कई बार जमीन पर पटका, जिससे उनकी मौत हो गई। सांड़ ने पांच अन्य ग्रामीणों को भी घायल कर दिया। इसके बाद लोग बचने के लिए घरों में छिप गए।

# महाराष्ट्र में 1 व झारखंड में 2 चरणों में विधानसभा चुनाव, 15 राज्यों में उपचुनाव

## मतदान के लिए तिथियां घोषित, दोनों राज्यों में मतों की गिनती 23 नवंबर को

- झारखंड में 13 और 20 को तो महाराष्ट्र में 20 नवंबर को डाले जाएंगे वोट

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। इसके तहत महाराष्ट्र में एक चरण में 20 नवंबर को जबकि झारखंड में दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा। दोनों राज्यों में मतगणना 23 नवंबर को होगी। इसी के साथ दोनों राज्यों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। निर्वाचन आयोग ने 15 राज्यों की 48 विधानसभा सीट तथा दो लोकसभा क्षेत्रों वायनाड और नांदेड़ के लिए उपचुनाव की भी घोषणा की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि महाराष्ट्र में 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी तथा नामांकन की आखिरी तिथि 29 अक्टूबर होगी। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र चार नवंबर, 2024 तक वापस लिए जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा महाराष्ट्र में 9.63 करोड़ योग्य मतदाता हैं जबकि झारखंड में यह संख्या 2.6 करोड़ है। कुमार ने कहा कि महाराष्ट्र में कुल 1,00186 मतदान केंद्रों पर 20 नवंबर को मतदान होगा 23 नवंबर को मतगणना होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि पूर्वी भारत के जनजातीय बहुल राज्य झारखंड में दो चरणों में क्रमशः 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा।




मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार चुनाव संबंधी जानकारी देते हुए।

### एक्जिट पोल पर आत्मचिंतन जरूरी, ईवीएम पूरी तरह सुरक्षित

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने कहा है कि एक्जिट पोल पर आत्मचिंतन तथा जिम्मेदारी से काम करने की जरूरत है और ईवीएम को लेकर जो सवाल उठते हैं वे आधारहीन हैं, ईवीएम पूरी तरह से सुरक्षित है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि एक्जिट पोल का कोई मतलब नहीं है और मतगणना के दिन जो रुझान मतगणना आरंभ होने के साथ ही आने शुरू होते हैं वे एक्जिट पोल को सही ठहराने का प्रयास है। उनका कहना था कि हाल के चुनाव में जो रुझान टीवी चैनलों ने शुरु में दिये वे पूरी तरह से आधारहीन थे।

### उप्र में नौ सीटों पर होंगे विधानसभा उपचुनाव

लखनऊ। भारत निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को प्रदेश में विधानसभा की खाली चल रही 10 सीटों मे से नौ सीटों पर उपचुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया। इसके तहत 18 अक्टूबर से नामांकन शुरू होंगे, जबकि 13 नवंबर को मतदान होगा। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव का प्रकरण हाईकोर्ट में लंबित होने के कारण इस सीट के लिए उपचुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है। घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट, मुरादाबाद की कुंदरकी, गाजियाबाद जिले की गाजियाबाद, अलीगढ़ की खैर (अजा), मैनपुरी की करहल, कानपुर की सीसामऊ, प्रयागराज की फूलपुर, अंबेडकरनगर की कटेहरी व मिर्जापुर की मझवां सीटों पर उपचुनाव कराए जाएंगे। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर ने बताया कि 18 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। इसी दिन से नामांकन शुरू होंगे। नामांकन की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर निर्धारित की गई है। 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है। इन सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा, जबकि मतगणना 23 नवंबर को की जाएगी। 25 नवंबर के पहले निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

# योगी से मिला बहराइच हिंसा में मारे गए युवक का परिवार



पीड़ित के परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- परिजनों को आवास और 10 लाख रुपये देने के साथ योगी ने कहा, दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा

**अमृत विचार:** बहराइच में बीते दिनों हुई घटना में मृत रामगोपाल मिश्र के परिजनों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने घटना पर शोक जताया और परिजनों को आश्वासन दिया कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपये की तुरंत आर्थिक सहायता देने के साथ आवास, शौचालय व आयुष्मान समेत सरकार की सभी योजनाओं से आच्छादित कराने के लिए भी निर्देशित किया।

मृतक रामगोपाल मिश्र के पिता, माता, पत्नी व भाई मंगलवार को महसी विधायक सुरेश्वर सिंह के साथ मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पहुंचे थे। योगी से मिलने के बाद मृतक रामगोपाल के भाई किशन ने कहा कि हमें मुख्यमंत्री से वह सब कुछ मिला है, जिसकी हमें जरूरत थी। पूरे परिवार को यह भरोसा है कि हमें न्याय मिलेगा। रामगोपाल के चचेरे भाई किशन मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। योगी आदित्यनाथ ने भी इस संबंध में अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि प्रकरण घोर निंदनीय और अक्षम्य घटना के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

वहीं, हमारे बहराइच संवाददाता के अनुसार मुख्यमंत्री कार्यालय से जिलाधिकारी मोनिका रानी को फोन आया। मुख्यमंत्री की ओर से प्राप्त 10 लाख रुपये में पांच लाख रुपये माता-पिता के नाम और पांच लाख रुपये पत्नी के नाम की चेक से मिलेगी। चेक लेकर खंड विकास अधिकारी और जिला विकास अधिकारी गांव पहुंचे। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि 10 लाख की आर्थिक सहायता और एक मुख्यमंत्री आवास मिला है। अन्य मांग भी पूरी होगी।

# खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट मिलना संज्ञेय अपराध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने कहा, सार्वजनिक व्यवस्था के बारे में उपभोक्ताओं में विश्वास बनाए रखने के लिए जरूरी है सख्ती
- पहचान छिपाकर खाद्य सामग्रियों व पेय पदार्थ में मानव अपशिष्ट व मिलावट रोकने को शीघ्र बनाया जाएगा नया कानून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, स्ट्रीट वेंडर से जुड़ी इन गतिविधियों के संबंध में सुस्पष्ट कानून तैयार करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कारावास और अर्थदंड की सजा सुनिश्चित होनी चाहिए। ऐसे अपराध को संज्ञेय और अजमानतीय मानते हुए सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। खाद्य पदार्थों की पवित्रता सुनिश्चित करने के साथ सार्वजनिक व्यवस्था के बारे में उपभोक्ताओं में विश्वास बनाए रखने का महत्व समझते हुए कठोर कानून बनाया जाना आवश्यक है। नियम का पालन न करने वालों की जगह जेल होगी।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर एक बैठक में हाल के दिनों में घटित जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, अखाद्य अथवा गंदी चीजों की मिलावट की घटनाओं पर स्थायी रोक लगाने के लिए प्रस्तावित नए कानून पर विमर्श किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, ऐसी घटनाएं वीभत्स हैं और आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हैं। यह सामाजिक सौहार्द पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। ऐसे कुत्सित प्रयास कतई स्वीकार नहीं किया जा सकते।

मुख्यमंत्री के अनुसार, हर उपभोक्ता को यह अधिकार हो कि वह खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रेता तथा सेवा प्रदाताओं के बारे में आवश्यक जानकारी रख सके। इसके लिए विक्रेता द्वारा प्रतिष्ठान पर साइनबोर्ड लगाना अनिवार्य हो। खाद्य प्रतिष्ठान में काम करने वाले सभी कार्मिकों को पहचान पत्र धारण करना अनिवार्य हो। छद्म नाम रखने, गलत जानकारी देने वालों के विरुद्ध कठोरतम सजा का प्रावधान होना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि उसके प्रतिष्ठान में कोई भी खाद्य-सामग्री दूषित न हो। खाद्य प्रतिष्ठानों के रसोईघर एवं भोजन कक्ष में सतत निगरानी के लिए पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य हो, जिसकी न्यूनतम एक माह की फुटेज जिला प्रशासन द्वारा मांगे जाने पर हर समय उपलब्ध कराई जाए।

# अदालतें एफआईआर रद करने से पहले जांच सामग्री पर करें गौर

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि जब प्राथमिकी में किसी आरोपी पर बेईमानी का आरोप लगाया जाता है और सामग्री में संज्ञेय अपराध का पता चलता है तो प्राथमिकी को रद करके जांच को विफल नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि किसी आपराधिक कार्यवाही या प्राथमिकी को शुरुआत में ही रद कर दिया जाना चाहिए या नहीं, इस पर निर्णय लेते समय जांच के दौरान एकत्र की गई सामग्रियों सहित प्राथमिकी में लगाए आरोपों पर गौर किया जाना चाहिए ताकि यह तय किया जा सके कि प्रथम दृष्टया आरोपी के खिलाफ जांच के लिए मामला बनता है या नहीं।

# सनातन धर्म अपनाया तो नाम आरिफ क्यों

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने धर्म छिपाकर शादी करने के आरोप में दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली याचिका खारिज



- कथित शादी के 15 साल बाद दर्ज हुआ है मामला

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने धर्म छिपाकर शादी करने तथा दुराचार करने के आरोप में दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली एक याचिका को खारिज कर दिया है।

मामले के अभियुक्त व तथाकथित पति का कहना था कि उसने 15 साल पहले वर्ष 2009 में इस्लाम धर्म छोड़कर सनातन धर्म अपना लिया था, जिसके पश्चात पीड़िता से आर्य समाज मंदिर में विवाह किया था। हालांकि कोर्ट ने पाया कि याचिका के साथ दाखिल अभियुक्त के आधार कार्ड पर आरिफ हुसैन नाम लिखा हुआ है। इस पर कोर्ट ने अभियुक्त के अधिवक्ता से पूछा कि यदि उसने सनातन धर्म अपना लिया है तो उसका नाम अब भी आरिफ हुसैन क्यों है? अभियुक्त के अधिवक्ता द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर न दे पाने पर कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही पुलिस को यह भी स्वतंत्रता दी है कि वह इस बिंदु की भी जांच करे कि क्या अभियुक्त ने आरिफ हुसैन के नाम से आधार कार्ड बनवाकर कोई अन्य अपराध भी कारित किया है? क्योंकि वह वर्ष 2009 में ही धर्म परिवर्तन कर चुका था। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति एनके जौहरी की बेंच ने आरिफ हुसैन उर्फ सोनू सिंह व अन्य की याचिका पर पारित किया है।

याचियों की ओर से सुशांत गोल्फ सिटी थाने में 9 सितंबर 2024 को दर्ज हुई मामले की एफआईआर को चुनौती देते हुए दलील दी गई कि याची संख्या एक व पीड़िता का विवाह 24 जनवरी 2009 को आर्य समाज मंदिर अलीगंज में संपन्न हुआ था।

# बम की धमकी पर उड़ान को कनाडा की ओर मोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली से शिकागो जा रहे एअर इंडिया के एक विमान को मंगलवार को बम की धमकी के बाद कनाडा के एक हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया।

एअरलाइन ने एक बयान में कहा कि 15 अक्टूबर, 2024 को दिल्ली से शिकागो के लिए उड़ान संख्या एआई 127 ऑनलाइन पोस्ट की गई सुरक्षा धमकी के बाद एहतियात के तौर पर कनाडा के इकालुइट हवाई अड्डे पर उतरी गई है। निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार विमान और यात्रियों की फिर से जांच गई। एअर इंडिया ने यात्रा फिर से शुरू होने तक यात्रियों की सहायता के लिए हवाई अड्डे पर एजेंसियों को सक्रिय कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि इस उड़ान में बम रखे होने की धमकी मिली थी।

### जयपुर से अयोध्या आ रहे विमान में बम की सूचना

**अयोध्या:** जयपुर से अयोध्या मंगलवार को आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान में बम की सूचना मिलने के बाद हड़कंप मच गया। विमान में 139 यात्री सवार थे। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बम स्क्वायड की टीम ने करीब ढाई घंटे तक जांच पड़ताल की। कुछ यात्रियों की तबीयत बिगड़ने की भी सूचना है। सब कुछ ठीक-ठाक मिलने के बाद यात्रियों को एयरपोर्ट से बाहर निकाला गया।

# रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास पीजीआई में भर्ती



**अयोध्या।** राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास की मंगलवार को अचानक तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें लखनऊ के पीजीआई में भर्ती कराया गया है। जहां डाक्टरों की टीम जांच कर रही है। उनके शिष्य प्रदीप दास ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने फोन पर हालचाल लेते हुए पीजीआई के निदेशक को बेहतर इलाज का निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि बीते कई दिनों से उन्हें खड़ा होने के लिए सहारे की जरूरत पड़ रही थी। दो दिन से कमर के नीचे दिक्कत बढ़ गई।

# इस्लामाबाद पहुंचे विदेश मंत्री, नौ साल में पहली यात्रा

## जयशंकर एससीओ बैठक में भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व, अधिकारियों ने नूर खान एयरबेस पर स्वागत किया

इस्लामाबाद, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन में शामिल होने के लिए मंगलवार को इस्लामाबाद पहुंचे। यह दोनों पड़ोसी देशों के तनावपूर्ण संबंधों के बीच पिछले करीब एक दशक में किसी वरिष्ठ भारतीय मंत्री की पहली पाकिस्तान यात्रा है।

जयशंकर का विमान स्थानीय समयानुसार अपराह्न करीब 3.30 बजे पाकिस्तान की राजधानी के बाहरी इलाके में स्थित नूर खान हवाई अड्डे पर उतरा और पाकिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पिछले करीब नौ साल में पहली बार भारत के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान की यात्रा की है। दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंध कश्मीर मुद्दे पर और पाकिस्तान से सीमापार आतंकवाद को लेकर तनावपूर्ण रहे हैं।

विदेश मंत्री बुधवार को एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करेंगे। उन्होंने एक्स पर लिखा एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद की बैठक में शामिल होने के लिए इस्लामाबाद पहुंचा हूं। जयशंकर ने हवाई अड्डे पर फूल देकर उनका स्वागत करते कुछ बच्चों और अधिकारियों की तस्वीरें साझा कीं। इससे पहले विदेश मंत्री के रूप में सुषमा स्वराज ने पाकिस्तान की यात्रा की थी। वह दिसंबर 2015 में अफगानिस्तान पर हार्ट ऑफ एशिया सम्मेलन में शामिल होने के लिए इस्लामाबाद की यात्रा पर आयी थीं। उस समय जयशंकर भारत के विदेश सचिव के नाते सुषमा स्वराज के शिष्टमंडल का हिस्सा थे।



इस्लामाबाद पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर का स्वागत करते पाकिस्तानी अधिकारी।

### कई देशों के प्रधानमंत्री होंगे शामिल

सम्मेलन में चीन, रूस, बेलारुस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान की ओर से उनके प्रधानमंत्री शामिल होंगे, वहीं ईरान का प्रतिनिधित्व प्रथम उप राष्ट्रपति करेंगे। फरवरी 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में भारत के युद्धक विमानों ने पाकिस्तान के बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर पर बमबारी की थी, जिसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में गंभीर तनाव आ गया था। भारत सरकार द्वारा 5 अगस्त, 2019 को जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त किए जाने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किए जाने की घोषणा के बाद दोनों देशों के संबंध और खराब हो गए।

## एक नजर

### युवक जेवर व नकदी के साथ विवाहिता को लेकर फरार

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में एक युवक जेवर व नगदी के साथ विवाहिता को लेकर फरार हो गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। संडीला कोतवाली क्षेत्र एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादीशुदा बेटी घर पर थी। 12 अक्टूबर को बेटी को एक युवक फुसलाकर भगा ले गया। जाते समय बेटी घर में रखे जेवर और व 20 हजार नगदी भी ले गई। सण्डीला कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि विवाहता के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द दोनों की तलाश कर बरामदगी की जायेगी।

### जादू के माध्यम से छात्राओं को किया गया जागरूक

**हरदोई।** आर्य कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आयोजित तंबाकू मुक्त युवा अभियान में जादू के माध्यम से छात्राओं से जागरूक किया गया। कार्यक्रम की आयोजक प्रो. सरिता यादव, प्रभारी क्रीडा तथा चिकित्सा विभाग ने तंबाकू से होने वाले विभिन्न दुष्प्रभावों से छात्राओं को परिचित कराया। जिला चिकित्सालय के सहयोग से सिकंदर मुन्ना भारतीय जादू पार्टी के कलाकारों ने छात्राओं को जागरूक किया। जादूगर सिकंदर ने एक लघु नाटिका भी छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत की। प्राचार्या डॉ सुमन वर्मा ने छात्राओं को तंबाकू मुक्त भारत की शपथ दिलाई। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया किया वे अपने-अपने घरों एवं समाज में इस जागरूकता की अलख को निरंतर जलाए रखकर इस पुनीत उद्देश्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

**हरदोई, अमृत विचार।** ढोलक वादक अपने साथी के साथ बाइक से एक कार्यक्रम में जा रहा था। उसी बीच सीतापुर रोड पर सिकरोहरी नहर पुल के पास चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, हादसे में ढोलक वादक की मौत हो गई जबकि उसका साथी घायल हो गया। मृतक की पहचान अतरौली थाने के बहुती गांव निवासी 60 वर्षीय नन्हक्के व घायल की पहचान उसके साथी सोनू के रूप में हुई है।

# पीला ईंट से हो रहा रिसोर्स रिकवरी सेंटर का निर्माण

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खंड भरावन की ग्राम पंचायत बकवा में रिसोर्स रिकवरी सेंटर के निर्माण में पीली ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। साथ ही इसके टिन शेड में घटिया टिन चादर के प्रयोग की शिकायत ग्रामीणों ने डीएम सहित उच्चाधिकारियों से की है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में कूड़ा प्रबंधन के लिए रिसोर्स रिकवरी सेंटर बनाये जा रहे हैं। इसके निर्माण व प्रबंधन के लिए लाखों रुपये का बजट भी निर्धारित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत जिले की 523 ग्राम पंचायतों को चुना गया था। इसमें सचिव, प्रधान, पंचायत सहायक, सफाईकर्मी, खंड प्रेरक व जिला कंसल्टेंट को प्रशिक्षित भी किया गया है। ग्राम पंचायतों में कूड़ा गाड़ी खरीदकर उससे घर-घर जाकर कूड़ा इकट्ठा किया जाएगा। एकत्रित कूड़े की आरआरसी सेंटर में छंटनी की जाएगी। इसके बाद गीले कूड़े से जैविक खाद तैयार ग्राम पंचायत की आय बढ़ाई जाएगी। 30 नवंबर तक सभी आरआरसी सेंटर का निर्माण कार्य पूर्ण


बकवा में बन रहा आरआरसी सेंटर।

करने का फरमान भी जारी कर दिया गया है। लेकिन कूड़ा प्रबंधन योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। आरआरसी सेंटर निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिला पंचायत राज अधिकारी विनय सिंह का कहना है कि जांच करवाकर कार्यवाही करेंगे। निर्माण कार्य मे गड़बड़ी बर्दाश्त नही की जाएगी।

## 4.40 लाख से बना सामुदायिक शौचालय बदहाल

**संवाददाता, अतरौली, हरदोई।** ग्राम पंचायत बकवा में चार लाख चालीस हजार पांच सौ नौ रुपये खर्च कर बनाये गए सामुदायिक शौंचालय की हालत खस्ता है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में बकवा ग्राम पंचायत में दो सामुदायिक शौंचालयों का निर्माण कराया गया था। जिसमें एक कड़ैला व दूसरा बकवा गांव में बनाया गया था। बकवा निवासी ग्रामीण रामकरन ने बताया कि मौजूदा प्रधान रामकुमार व अधिकारियों के कहने पर उन्होंने अपने खेत में सामुदायिक शौंचालय के निर्माण के लिए जगह दे दी थी। प्रधान व अधिकारियों ने कहा था कि तुम्हारी पत्नी को केयर टेकर की नौकरी दे देंगे। लेकिन फिर शौंचालय पूरा बनाया ही नही अधूरा ही पड़ा रहा। सुनील ने बताया कि सामुदायिक शौंचालय के नाम पर लाखों रुपये निकाल लिए गए। कार्य भी अधूरा पड़ा है। सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार बंद ही नही होता। सामुदायिक शौंचालय का कोई लाभ नही मिल रहा। अधिकारी भी कोई ध्यान नही देते।


बदहाल सामुदायिक शौचालय।


ग्रामीण रामकरन व सुनील।


बाजार चौक से गुजरती प्रतिबंधित हरी लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्राली।

## फर्राटा भरते हुए गुजर रहीं प्रतिबंधित लकड़ी लादकर ट्रालियां, पुलिस व वन विभाग मौन

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** चौक बाजार से प्रतिबंधित आम की हरी लकड़ी लादकर ट्रालियां फर्राटा भरती हुई दौड़ रही है, लेकिन वन विभाग या पुलिस के जवानों की नजर के इस कारोबार पर नहीं पड़ पा रही है। फोटो में जो ट्रैक्टर ट्राली देख रहे हैं यह ट्रैक्टर ट्राली सिंडिकेट बैंक से होकर राम वाटिका चौक की सड़क से गुजर रही है। सोमवार की शाम तकरीबन पांच बजे आम की प्रतिबंधित हरी प्रतिबंधित लकड़ी लादकर ट्रैक्टर ट्राली दौड़ रही थी। उसी समय दौड़ती हुई ट्रैक्टर ट्राली को कैमरे में कैद कर लिया गया। यह ट्रैक्टर ट्राली बालाजी मंदिर की ओर तेजी के साथ संचालित आरा मशीनों पर जा रही है। इस संबंध में स्थानीय पुलिस या वन विभाग के अधिकारियों को भनक है या नहीं यह तो वही जाने। फिलहाल हरी और प्रतिबंधित आम की लकड़ी काटना एक बड़ा अपराध है और इस ट्राली में लकड़ी लादकर ले जाने वाले शायद खुलेआम यह अपराध कर रहे हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी पूरी तरह से खामोश है।

# डॉ. के. लक्ष्मण बनाए गए भाजपा संगठन चुनाव के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन चुनाव के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी और राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। पार्टी हाईकमान ने ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य डॉ. के. लक्ष्मण को संगठन चुनाव के संचालन के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इसके साथ ही पार्टी ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा, लोकसभा सांसद एवं पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा और राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद नरेश बंसल को राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है।भाजपा राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने संगठनात्मक नियुक्ति को लेकर पत्र जारी करते हुए मंगलवार को बताया बताया कि भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्णय के अनुसार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संगठन चुनाव के संचालन के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी एवं राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारियों की नियुक्त की घोषणा की है।

# घर में फंदे से लटकी मिली किशोरी थी गर्भवती

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा, परिजनों ने कहा- पेट दर्द से परेशान होकर की आत्महत्या

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** 10 वीं तक पढ़ाई कर चुकी किशोरी का शव उसके कमरे में फांसी पर लटका हुआ देखा गया। हालांकि उसके घर वालों का कहना था कि उसने पेट दर्द से ऊब कर ऐसा कदम उठाया, जबकि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किशोरी का प्रेग्नेंट होना तमाम तरह के सवाल खड़े कर रहा है, साथ ही उसकी मौत को आनर किलिंग से जोड़ कर देखा जा रहा है। उधर पुलिस का दावा है कि मामले की गहराई से जांच-पड़ताल की जा रही है।

बताया गया है कि पाली थाने के नगला पत्तू निवासी हरिशंकर की 6 बेटियों में 17 वर्षीय लक्ष्मी 10 वीं तक की पढ़ाई करने के बाद अपनी मां सरस्वती के साथ घरेलू कामों में हाथ बंटाती थी। बहनों में तीन उससे बड़ी व दो छोटी है और तीन भाई है। सोमवार की शाम को घर वाले अपने-अपने कामों में उलझे हुए थे, उसी बीच देखा गया कि कमरें के अंदर लक्ष्मी का शव रस्सी से बंधा हुआ फांसी पर लटक रहा था। इसका पता होते ही घर में चीख-पुकार मच गई। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए पूछताछ की, लक्ष्मी के बारे में बताया गया कि वह पेट दर्द से परेशान रहती थी, उसी के चलते उसने आत्महत्या कर ली, जबकि गांव में तरह-तरह की बातें हो रही हैं। उसी बीच मंगलवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसकी रिपोर्ट में किशोरी को प्रेग्नेंट बताया गया है। रिपोर्ट में हुए इस खुलासे के बाद किशोरी की मौत पर तमाम तरह के सवाल खड़े हो रहें है। आत्महत्या करने की बात कहने वाले उसके घर वालों पर भी उंगलियां उठ रहीं है,हर कोई उसकी मौत को आनर किलिंग से जोड़ कर चल रहा है,फिलहाल पुलिस का दावा है कि सारे मामले की पूरी गहराई से जांच-पड़ताल की जा रही है।

## शुगर मिल की आवासीय कालोनी में छात्रा ने लगाई फांसी

**हरदोई/हरियावां, अमृत विचार।** डीएससीएल हरियावां शुगर मिल के हेड फिटर की 16 वर्षीय बेटी जोकि 9 वीं की छात्रा थी,ने मंगलवार की सुबह वहां की आवासीय कालोनी में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। बताते हैं कि स्कूल बस के छूट जाने के बाद मां और भाई ने डांटा-फटकारा था, उसी के चलते उसने ऐसा कदम उठाया। पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच में जुट गई। जौनपुर निवासी विजय भारद्वाज डीएससीएल हरियावां शुगर मिल में हेड फिटर है और वहीं आवासीय कालोनी के ब्लाक एफ-1 में पत्नी,16 वर्षीय बेटी पलक उर्फ भावना और बेटे के साथ रहते है। बेटी पलक उर्फ भावना शहर के एक पब्लिक स्कूल में 9 वीं की छात्रा है। मंगलवार की सुबह विजय रोज़ की तरह अपनी ड्यूटी पर चले गए,घर में पत्नी व दोनों बच्चे थे,उसके बाद पलक उर्फ भावना भी तैयार हो कर स्कूल के लिए निकली,लेकिन उसके पहुंचने में कुछ देर हो गई और स्कूल बस निकल गई। बस छूटने के बाद वह कालोनी पहुंची। जहां उसकी मां और भाई ने उसी की लापरवाही बताते हुए बस छूटने पर डांटा-फटकारा। उसके बाद मां छत पर गेंहू सुखाने चली गई और भाई बाहर चला गया। उसी बीच छात्रा ने बरामदे में लगे पंखे से फांसी लगा ली। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। वहां पहुंचे एसएचओ दिनेश यादव ने इस बारे में पूछताछ की। पुलिस के अलावा वहां पहुंची फोरेंसिक टीम जांच में जुटी हुई है।

# ब्रह्मदेव स्थान पर प्रार्थना कर रही वृद्ध महिला श्रद्धालु को कार ने रौंदा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बहन अपने बीमार भाई को देखने के बाद उसके जल्द ठीक होने की कामना के साथ ब्रह्मदेव स्थान पर चढ़ावा चढ़ा कर मनौती मान रही थी, उसी बीच तेज़ रफ्तार कार उसे कुचलते हुए निकल गई। श्रद्धालु को आनन-फानन में मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया,जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

**नर्सिंग होम में भर्ती भाई के जल्द ठीक होने की मांगने गई थी मनौती**

बेहटा गोकुल थाने के सुरजीपुर की विद्यावती (64) पत्नी जगदीश का मायका सुरसा थाने के मढ़िया मजरा सरसैंया में है। उसका भाई अनंतराम बीमार है और शहर के एक नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है। विद्यावती सोमवार को भाई को देखने आई थी, शाम को दूसरे भाई हरिहर के साथ बाइक से मायके जाने के लिए निकली। उसी बीच रास्ते में बिलग्राम रोड पर फर्दापुर ब्रह्मदेव स्थान के पास रुक कर वहां चढ़ावा चढ़ाया और भाई के जल्द ठीक होने की कामना करते हुए मनौती मान रही थी। उसी बीच एक तेज़ रफ्तार कार ने टक्कर मारते हुए उसे कुचल दिया,जिससे वह घायल हो गई। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया,जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। विद्यावती के अकेला पुत्र राजवीर है।

# घर लौट रहे जेसीबी चालक की सड़क दुर्घटना में मौत

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** पिहानी आया जेसीबी चालक वहां अपना काम निपटा कर बाइक से वापस घर जा रहा था, उसी बीच वहीं कस्बें में पुरानी पुलिस चौकी के पास एक तेज़ रफ्तार गाड़ी ने उसे ज़ोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। इसका पता होते ही लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

पिहानी कोतवाली के बजेहरा निवासी 20 वर्षीय हरिओम पुत्र रामसेवक जेसीबी चालक था, वह अपने चार भाइयों में सबसे छोटा था। हरिओम सोमवार को किसी काम के सिलसिले में पिहानी आया था, जहां काम निपटाने के बाद शाम को बाइक से घर जा रहा था,उसी बीच वहीं कस्बे में पुरानी पुलिस चौकी के पास एक तेज़ रफ्तार गाड़ी से उसकी बाइक में ज़ोरदार टक्कर मार दी,जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। पुलिस ने उसके पास से मोबाइल बरामद किया, जिससे उसके घर वालों को हादसे की सूचना दी गई।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**संवाददाता, संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** बस अड्डा चौकी के अंतर्गत बस स्टैंड चौराहे के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। राम नरेश पुत्र स्व छोटे लाल 50 वर्ष निवासी जरहा सोमवार की देर शाम पोस्ट ऑफिस मे ड्यूटी करके वापस बाइक से घर जा रहा था तभी बस स्टैंड चौराहे के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एक निजी अस्पताल भेज दिया और ट्रक को कब्जे मे ले लिया है चालक मौका देखकर फरार हो गया।

## सार-संक्षेप


रैली निकाल कर जागरूक करती पुलिस। अमृत विचार

### बेटियों व महिलाओं को डरने की जरूरत नहीं : सीओ

**संवाददाता, माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** महिला शक्ति मिशन के फेज पांच के तहत सीओ बिलग्राम ने स्कूल की छात्राओं के साथ गांव में रैली निकालकर जागरूक किया गया। सीओ श्री शर्मा की अगुवाई में गांव की महिलाओं को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। थाना क्षेत्र के गांव तपनौर स्थित महात्मा मंगूलाल इंटर कालेज में मिशन शक्ति अभियान में क्षेत्रधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि बेटियों व महिलाओं को डरने की जरूरत नहीं है। पुलिस की मदद से मनचलों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दुस्साहस करने वाले युवकों व छेड़छाड़ करने वाले युवकों की स्कूल में लगी पिंक शिकायत पेटिका में पत्र के माध्यम से दी जा सकती। शिक़ायत पेटी को हल्का दरोगा द्वारा खोलकर कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष केके यादव ने सीयूजी नंबर व डायल 112, टोल फ्री नम्बरों के बारे में जानकारी दी व छात्राओं को नोट कराएं। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं पर होने वाले अपराधों की सूचना दे सकती है। छात्राओं जागरूकता के नारे लगाते हुए चल रही थी। इस मौके पर आरक्षी अखिलेश यादव, आराधना, अनीता, रीता वह ग्राम प्रधान धर्मेंद्र कुमार उर्फ़ डी के आदि ग्रामण मौजूद रहे। विद्यालय संचालक महेंद्र सिंह कुलदीप ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया है।

### किसानों से हो रहा अन्याय बर्दाश्त से बाहर : राकेश

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** पंवाया में आयोजित भाकियू लोकतांत्रिक की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश चौहान ने कहा कि किसानों से हो रहा अन्याय अब बर्दाश्त के बाहर है। विकास कार्यों में दलाल भ्रष्टाचार कर रहे हैं। दिन रात मेहनत करने वाला अन्नदाता छला जा रहा है। ब्लॉक व थानों में किसानों का शोषण किया जा रहा है। इसके विरुद्ध संडीला तहसील परिसर में 21 अक्टूबर को संगठन की किसान महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष बीरप्रकाश सिंह ने महापंचायत को लेकर तैयारियों पर चर्चा की। संगठन के विस्तार के लिए कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए। बैठक में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सिंह, प्रदेश महासचिव कौशलेंद्र सिंह, अजय प्रताप सिंह, यशबीर सिंह, सरवन पाल, संजय बाबू, संतोष सिंह, पिंकू सिंह, विष्णु चौहान, देवीप्रसाद यादव, प्रमोद, हरिशंकर, सर्वेश यादव मौजूद रहे।

### मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन सावित्री गुट ने सोमवार की शाम ग्राम मीरनगर अजिगवा मे अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान पंचायत की एवं जिलाधिकारी संबंधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अरुणिमा श्रीवास्तव को सौंपा। किसान यूनियन सावित्री गुट की राष्ट्रीय अध्यक्ष सावित्री सिंह द्वारा दिये गये ज्ञापन में कहा कि ब्लॉक कोथावां की ग्राम पंचायत झरोईया में चकमार्ग पर दीवार बनाकर रास्ता व नाली का पानी को रोक दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास अपात्रों को दिए जाने, गौशालाओं में हरे चारे की व्यवस्था की करए जाने, सण्डीला नगर के प्रतिभा हाल के पास बने शराब ठेका की जांच की जाये सहित अन्य मांगें शामिल रहीं। जिलाध्यक्ष रफीक लम्बू सहित सैकड़ो की तादाद में किसान मौजूद रहे।

### किसानों ने चार सूत्रीय मांग पत्र देकर समस्याएं बताईं

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष शिव कुमार वाजपेयी ने उप जिलाधिकारी को चार सूत्री मांग पत्र सौंपा। कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर धान व मूंगफली खरीदी जाए। रबी की बुवाई को संज्ञान में लेते हुए सभी केंद्रों पर डीएपी खाद भेजी जाए। बाजारों में फुटकर डीएपी खाद 1600 रुपए प्रति बोरी में बेची जा रही है, कालाबाजारी तत्काल रोकी जाए। ब्लाक माधोगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत बढनवा में मजरा पुरौली में चक मार्ग गाटा संख्या 1218 को कुछ लोगों ने जोत लिया है। चक मार्ग को खाली कराया जाए। ग्राम पंचायत गुरौली के मजरा पुसेड़ा में कुछ किसानों की जमीन गंगा एक्सप्रेसवे में 9 जुलाई को बैनामा कराया गया था, जिसका भुगतान तत्काल कराया जाए। इस दौरान बेचेलाल कुशवाहा, रविंद्र कुमार, विकास, रामनरेश, पृथ्वीराज समेत दर्जनों किसान मौजूद रहे।

## 'हिसाब दो जवाब दो' नारे के साथ किया प्रदर्शन

**हरदोई, अमृत विचार।** कांग्रेस कार्यकताओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में शारदा नहर खंड में अनुरक्षण मद में खर्च किए गए 245 लाख में वित्तीय अनियमितता एवं ई-निविदा प्रणाली में धांधली की जांच किए जाने की मांग को लेकर हिसाब दो- जवाब दो नारे के साथ प्रदर्शन किया। इसके बाद कांग्रेसियों ने प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग लखनऊ को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त सरकार का नारा देने वाली सरकार में ही हरदोई खंड शारदा नहर विभाग में तैनात अधिशासी अभियंता, गोमती रिवर फ्रंट घोटाले में संलिप्त अवर अभियंता एवम भाजपा के चहेते ठेकेदारों द्वारा मिलीभगत करके वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुरक्षण मद में आवंटित 50 .88 लाख रुपए, विशेष अनुरक्षण मद में 82 .66 लाख रुपए और बाढ़ नियंत्रण अनुरक्षण मद में 112 लाख रूपए का गोलमाल किया गया। इन मदों से कराएं गए कार्य का भौतिक सत्यापन किया जाए तो अधिकांश कार्य शून्य ही पाए जाएंगे। महोलिया ड्रेन के किलोमीटर .900 पर पुलिया का निर्माण चहेते ठेकेदार द्वारा निविदा आमन्त्रण के पहले ही कर दिया गया व भुगतान भी 6 लाख 51 हजार रुपए कर दिया गया। प्रदर्शन कर कांग्रेसियों ने वित्तीय घोटाले की जांच कराने की मांग की। प्रदर्शन में शहर अध्यक्ष जमील अहमद अंसारी सहित अन्य शामिल रहे।

# संस्कारयुक्त होनी चाहिए शिक्षा : रजनी तिवारी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** डॉ राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय अल्लीपुर में तीन दिवसीय विद्या भारती अवध प्रान्त से संबद्ध सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयो का प्रांतीय ज्ञान विज्ञान मेला एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, विशिष्ट अतिथि कौशल विभाग प्रचारक आरएसएस, अध्यक्ष प्रभाष कुमार विधायक सांडी ,डॉ


प्रस्तुति देने वाले नन्हें-मुन्नों के साथ उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी।

सुशील चंद्र त्रिवेदी मधुपेश प्रबंधक सार्वजनिक शिक्षण एवं संस्थान व राष्ट्रीयअध्यक्ष अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। राज्य शिक्षा मन्त्री ने कहा कि आज के समय में शिक्षा संस्कार युक्त होनी चाहिए जिसे स्वाभाविक रूप से यह सरस्वती शिशु मंदिर पूरा कर रहे हैं छात्रों का नव निर्माण कर विवेकानंद के रूप में हम सभी के समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं, क्योंकि आधुनिक समय में शिक्षा के साथ-साथ अगर देखे जो संस्कार मिलते हैं। वह सरस्वती शिशु मंदिर में ही देखने को मिलते हैं। इस अवसर पर सुशील मिश्रा प्रबंधक ग्रामोदय डिग्री कॉलेज डिघिया, रणवीर संभाग निरीक्षक सीतापुर संभाग, देवेंद्र सिंह प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर पाली आदि उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** बाबा खाटू श्याम भजन संध्या कार्यक्रम में सैकड़ों श्याम प्रेमी ने लगाई हाजरी...

# हम तो खड़े तेरे द्वार, सुन लीजिए मेरी करुण पुकार...

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** मेरा सर्वेश्वर मेरा श्याम सेवा ट्रस्ट द्वारा एकादशी पर भव्य भजन संध्या के कार्यक्रम का आयोजन किया। गायक सुरजीत अलबेला और गायिका शिवानी पाठक के भजनों पर भक्त थिरकते नजर आए।

रामनगर बरहुवां में बाबा खाटू श्याम मन्दिर का भूमि पूजन के अगले दिन एकादशी पर शाम को आयोजित भजन संध्या में भजन गायक अनंत भट्ट कानपुर ने हम तो खड़े तेरे द्वार, सुन लीजिए मेरी करुण पुकार के भजन पर भक्तों ने खूब आनंद लिया। भजन


माल्यार्पण करते बाबा खाटू श्याम के भक्तजन व कार्यक्रम में भजन प्रस्तुत करते गायक सुरजीत अलबेला। अमृत विचार

गायिका शिवांगी पाठक लखनऊ ने किशोरी जी कुछ ऐसा काम हो जाए, जिससे हर जुबां पे तेरा नाम हो जाए के भजन पर भक्त खूब झूमे। देव गुप्ता माधौगंज ने भजन "यह चमक ये दमक सब कुछ सरकार तुम ही से है सुनाया। प्रसिद्ध गायक सुरजीत अलबेला कानपुर ने दीनानाथ मेरी बात जाने कौन थारे से और दूसरा भजन कजरारे तेरे मोटे-मोटे नैन हाय नजर ना लग जाए, तीसरा भजन दरबार सांवरिया एसो सजो प्यारो, दयालु आपको पर भक्त झूमते नजर आए। भजन संध्या में मुख्य आकर्षण श्याम बाबा का दिव्य श्रृंगार, व बाबा श्याम जी का 56 भोग, वहां मौजूद श्याम भक्तों पर इत्र की वर्षा के साथ श्याम रसोई से भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर मंदिर के ट्रस्टी जगदीश प्रसाद, बुद्धिमती, सपा नेता बृजेश कुमार वर्मा उर्फ टिल्लू, रजनीकांत वर्मा सदरपुर, भाजपा नेता अभय शंकर शुक्ला,समाजसेवी विशाल जायसवाल, विनय गुप्ता, विप्र पटेल, अनूप कुमार कप्तान, सुबोध कुमार वर्मा, विदित वर्मा, राम चरन सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## बालमुकुंद बने मुख्यालय आयुक्त

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला विद्यालय निरीक्षक बालमुकुंद प्रसाद भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश, जिला संस्था के जिला मुख्यालय आयुक्त बनाए गए। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त पूनम संधू ने जिला विद्यालय निरीक्षक को भारत स्काउट और गाइड जिला संस्था के मुख्यालय आयुक्त पद का अधिकार पत्र सौंपा। जिला विद्यालय निरीक्षक की जिला मुख्यालय आयुक्त के पद पर नियुक्ति भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार भूतपूर्व आईएएस ने की। इस मौके पर राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्याम नारायण यादव, भारत स्काउट और गाइड जिला संस्था के जिला कमिश्नर अवधेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सण्डीला सीएचसी रहे डॉ. शरद वैश्य का हुआ तबादला

**हरदोई, अमृत विचार।** आठ दिन पहले सण्डीला सीएचसी अधीक्षक डा. शरद वैश्य ने अधीक्षक पद से इस्तीफा दे दिया था। मंगलवार को सीएमओ डॉ. रोहताश कुमार ने इनका तबादला हरपालपुर सीएचसी में कर दिया। अब यह हरपालपुर में निस्चेतक ( ऐंनस्थेटिक) के पद पर कार्य करेंगे। अभी सण्डीला में अधीक्षक के पद पर किसी की तैनाती नही हुई है। सीएमओ डॉ रोहताश कुमार ने बताया कि सण्डीला में जल्द ही किसी को अधीक्षक बनाया जाएगा।

### आदि कवि महर्षि गुरू वाल्मीकि प्रगटोत्सव कल

**हरदोई।** अध्यक्ष पप्पू वाल्मीकि ने बताया कि 17 अक्टूबर को आदि कवि महर्षि गुरू वाल्मीकि प्रगटोत्सव धूमधाम से मोहल्ला नई बस्ती में वाल्मीकि मन्दिर/आश्रम पर मनाया जायेगा। जिसमें विशाल शोभायात्रा एवं मनमोहक झांकियों के साथ शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए मन्दिर आश्रम पर सायंकाल छह बजे महाआरती एवं प्रसाद वितरण व भजन संध्या के बाद समापन होगा।

### मां दुर्गा जागरण 18 को

**हरदोई।** टोडरपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत सुंदरपुर उमरौली में प्रधान रजनीकांत अग्निहोत्री की ओर से 18 अक्तूबर को विशाल दुर्गा जागरण आयोजित होगा। जिसमें शानू पूजा एंड म्यूजिकल ग्रुप बरेली के कलाकारों की तरफ से मातारानी के सुंदर भजन और झाकियां पेश की जायेगी। यह जानकारी प्रधान प्रतिनिधि अवनीश अग्निहोत्री ने दी है।

### कल लगेगा रोजगार मेला

**हरदोई।** प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी रामवीर सिंह ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय में 17 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा।

### समीक्षा बैठक कल

**हरदोई, अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने बताया कि सदस्य राज्य महिला आयोग द्वारा 17 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे खण्ड विकास कार्यालय पिहानी के सभागार में जन सुनवाई समीक्षा बैठक की जाएगी।

# प्राथमिक विद्यालय डबहा बदहाली का शिकार

संवाददाता, टोंडरपुर, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय डबहा में सरकारी शिक्षा व्यवस्था को जिम्मेदार ही पलीता लगाने में जुटे हुए हैं। जिसके चलते स्कूल में बच्चों की संख्या घटकर करीब एक दर्जन ही बची है। एक तरफ जहां सरकार स्कूलों का कायाकल्प करने का प्रयास कर रही है वहीं दूसरी ओर इस स्कूल में अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है।

विद्यालय परिसर में बड़ी- बड़ी घास उगी हुई है। शौचालय के दरवाजे टूटे हुए हैं और पानी न आने से शौचालय में गंदगी भरी पड़ी है। मरम्मत न होने से बरसों से टूटी बाउंड्री वॉल का अब प्लास्टर भी छूटकर गिर रहा है। विद्यालय में लाइट की व्यवस्था कई महीनों से नहीं है। स्कूल या परिसर में साफ-सफाई का कार्य महीनों से और मरम्मत का कार्य वर्षों से नहीं हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार पहले यहां 40 बच्चे पढ़ते थे लेकिन बदहाली के चलते अभिभावकों ने अपने बच्चों के नाम कटाकर दूसरे स्कूलों में लिखा दिए। ग्रामीणों के अनुसार अब यहां केवल 16 बच्चे ही पढ़ रहे हैं। विद्यालय खंडहर में तब्दील हो गया है। चारों तरफ गहरी खाई में गंदे पानी का जल भराव बना हुआ है। उच्च अधिकारी व ग्राम प्रधान कुछ करना ही नहीं चाहता है यहां बच्चों के उज्जवल भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

### बोले बीईओ

खंड शिक्षा अधिकारी टोंडरपुर प्रभास कुंवर श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय स्थिति सुधार के लिए हम विकास खंड अधिकारी टोंडरपुर को कई बार बता चुके हैं, लेकिन फिर भी विद्यालय की समस्याओं का निस्तारण नहीं हो रहा है। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा लिखित शिकायती पत्र मिल जाता तो इस समस्या का निस्तारण जल्द ही हो जायेगा।



प्राथमिक विद्यालय डबहा के आस-पास उगी झाड़ियां व बाउंड्रीवाल का छूटता प्लास्टर। अमृत विचार



# करंट लगने से देवर की मौत बचाने दौड़ी भाभी भी झुलसी

संवाददाता, हरदोई

**हादसा**

▸▸ बच्चे के मुण्डन संस्कार के दिन घर में हुए हादसे से परिजनों में कोहराम

**अमृत विचार।** घर में बच्चे के मुण्डन संस्कार वाले दिन अचानक बिजली के करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। उसे बचाने के प्रयास में उसकी भाभी भी झुलस गई। साण्डी थाने के मुरौली कठेरियान गांव में सोमवार की रात हुए हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया। खुशियों वाले घर में मातम व चीख पुकार मच गई। पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया।

सोमवार को साण्डी थाने के मुरौली कठेरियान गांव निवासी दिलीप के पुत्र यश का मुण्डन संस्कार कार्यक्रम था। सारे नाते-रिश्दार आए हुए थे। दिलीप का 27 वर्षीय भाई पारुल पुत्र श्रीनिवास भी मेहमानदारी में लगा हुआ था। जैसा कि बताया गया है कि सारा कुछ निपटने के बाद थका-हारा पारुल अपने कमरें में पहुंचा तभी वह बिजली के करंट की चपेट में आ गया,उसके चीखने की आवाज़ सुन कर भाभी उर्मिला पत्नी दिलीप पीछे से दौड़ पड़ी। करंट के चपेट में आए पारुल को बचाने में उर्मिला भी झुलस गई। आनन-फानन में दोनोंको सीएचसी पहुंचाया जा रहा था, उसी बीच पारुल की रास्तें में ही मौत हो गई। खुशियों वाले घर में इस तरह का हादसा होने से वहां कोहराम बरपा हो गया। पारुल अपने चार भाइयों में बड़ा था,लेकिन उसने शादी नहीं की थी। पुलिस ने उसके शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है, जबकि करंट लगने से झुलसी उर्मिला का इलाज चल रहा है।

# ग्राम्य विकास विभाग में ई-फाइलिंग व्यवस्था शुरू

## जिलाधिकारी ने की व्यवस्था की शुरुआत, कहा- अब फाइलों के निस्तारण में आएगी तेजी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी ने ग्राम्य विकास विभाग में ई-फाइलिंग का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि ई-फाइलिंग से फाइलों के निस्तारण में तेजी आएगी एवं लाल फीताशाही पर लगाम लगेगी तथा बैक डेटिंग नहीं हो सकेगी और कार्य में किसी प्रकार के अनावश्यक विलम्ब के लिए जिम्मेदार पर जवाबदेही तय करने में सहूलियत होगी।

उन्होंने निर्देशित किया कि जल्द ही पंचायती राज विभाग में भी ई-फाइलिंग व्यवस्था शुरू की जाये। पहली ई-फ़ाइल जिला अर्थ एवं संख्या विभाग की चलायी गयी। इस फ़ाइल का अग्रसारण मुख्य विकास अधिकारी को किया गया। मुख्य विकास अधिकारी की डीएससी को सिस्टम पर रजिस्टर किया गया। सम्पूर्ण तकनीकी प्रक्रिया का संचालन जिला सूचना विज्ञान अधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट को एडिट किया जा सकता है, लेकिन अनुमोदन के उपरांत इसे एडिट नहीं किया जा सकता। इस व्यवस्था में फ़ाइल को ऑनलाइन ही वापस भेजा जा सकता है। लंबित मामले इनबॉक्स में दिखेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार उपस्थित रहे।



ग्राम्य विकास विभाग में ई-फाइलिंग व्यवस्था की शुरुआत करते जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी। अमृत विचार

### पोषाहार वितरण में डीएम ने जताई नाराजगी

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि पोषाहार का वितरण समय से कराया जाये। पोषाहार की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। समय-समय पर टीएचआर प्लांट का निरीक्षण किया जाये। समय से आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संयन्त्रों की संख्या बढ़ाई जाये। उत्पादन में वृद्धि की जाये। पोषाहार वितरण में बैकलॉग को लेकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि आपूर्ति श्रृंखला को निर्बाध बनाया जाये। टीएचआर संयन्त्र के बिल के सत्यापन में बिल्कुल देरी न की जाये। कोई भी बिल लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मारपीट में दो भाइयों सहित तीन को 5-5 साल की कैद

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश अच्छे लाल सरोज ने एक फैसले में मारपीट करके सिर फोड़ने के मामले में आरोपित दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों को जुर्म साबित होने पर पांच-पांच साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है । जज ने इन आरोपियों पर 30 हजार-30 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।



अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना सांडी क्षेत्र के गांधी गांव निवासी चंदेश् व राधा कृष्ण दोनों सगे भाई व बबलू ने 23 फरवरी 2017 को रात करीब नौ बजे गांव के ही भगवान दास व उसके बेटे अंकुल, अमित व सुमित को मारपीट कर गंभीर चोटे पहुंचाएं। बचाने आई माता सावित्री को भी मारा पीटा। इस मामले की रिपोर्ट घायल भगवान दास की बेटी मधु गुप्ता ने दर्ज कराई। कहा कि घटना के कारणो में दोनों पक्षों के मध्य पैसों के लेनदेन को लेकर हुई कहासुनी रही ।सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों की दलीलों को सुनकर तीनों आरोपियों पर जुर्म साबित पाया और उन्हें पांच-पांच साल की कड़ी कैद और 30 हजार -30 हजार जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। जुर्माना की आधी धनराशि प्रतिकर के तौर पर घायल भगवान दास गुप्ता को दिलाए जाने का आदेश दिया गया है।

# अराजक तत्वों ने मंदिर में मां दुर्गा की मूर्ति तोड़ी, केस दर्ज

संवाददाता, हरदोई/टड़ियावां

**अमृत विचार।** प्राचीन पंथवारी देवी के मातारानी मंदिर में लगी मां दुर्गा की मूर्ति को तोड़े जाने की खबर से इलाके में तनाव फैल गया। पुलिस ने दी गई तहरीर पर मामला दर्ज करते छानबीन शुरु कर दी है,वहीं सीओ हरियावां संतोष कुमार ससिंह ने लोगों से पूछताछ की और कहा कि ऐसा करने वाले अराजकतत्वों का पता लगाया जा रहा है,पुलिस की टीमें जुटी है।

बताया गया है कि टड़ियावां थाने के अहिरोरी में प्राचीन पंथवारी देवी के माता रानी के मंदिर में मां दुर्गा की मूर्ति की स्थापित थी। सोमवार की रात वहां पहुंचे कुछ अराजकतत्वों ने मां दुर्गा की मूर्ति तोड़ दी। मंगलवार की सुबह वहां पूजा-अर्चना करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने देखा कि मां दुर्गा की मूर्ति कई टुकड़ों में इधर-उधर पड़ी हुई थी। इसका पता होते ही वहां तमाम लोगों की भीड़ लग गई। मां दुर्गा की टूटी हुई मूर्ति देख कर लोगों के चेहरे पर तनाव नज़र आ रहा था।उधर एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह अपनी टीम के साथ पहुंच गए,उधर सीओ हरियावां संतोष कुमार सिंह ने अहिरोरी पहुंच कर पूरे मामले की गहराई से छानबीन की और मंदिर की देखभाल करने वालों और आस-पड़ोस के लोगों से पूछताछ की। साथ ही मंदिर के आसपास उठने-बैठने वालों के बारे में भी पता किया जा रहा है,वहीं अहिरोरी निवासी पिंटू गुप्ता पुत्री मेवालाल गुप्ता की तहरीर पर मामला दर्ज कर मूर्ति तोड़ने वाले अराजकतत्वों की पहचान कर उन्हे बड़ी तेज़ी से ढूंढा जा रहा है।



प्राचीन पंथवारी देवी मंदिर में मां दुर्गा की क्षतिग्रस्त मूर्ति। अमृत विचार

### मंदिर में पहले भी तोड़ी जा चुकी है मूर्ति

**हरदोई/टड़ियावां।** अहिरोरी के प्राचीन पंथवारी मंदिर में कोई पहली बार ऐसा नही हुआ,इससे पहले भी मूर्ति तोड़ी गई थी। इस बारे में वहां के लोगों का कहना है कि अगर पहली दफा ही पुलिस कड़ी कार्रवाई करती तो शायद दोबारा ऐसा नहीं होता। दोबारा जो हुआ उसके लिए वहां के लोग पुलिस को ही ज़िम्मेदार ठहरा रहे हैं।

> पंथवारी देवी मंदिर में मूर्ती तोड़े जाने की हर एक पहलू से जांच की जा रही है, अकसर मंदिर के आसपास उठने-बैठने वालों के बारे में पता करते हुए उनसे अराजक तत्वों की पहचान की जा रही है, ऐसी हरकत कर कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।
>
> **-अशोक कुमार सिंह,**
> एसएचओ,टड़ियावां

# पुलिस चौकी के पास शराबियों का जमावड़ा

**सवायजपुर, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के रूपापुर में इन दिनों शराबियों का आतंक है। पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर हाईवे किनारे खुलेआम शराब पी जाती है। जिसका एक वीडियो भी सोमवार को शाम पांच बजे सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। यहां के दुकानदारों ने बताया कि दुकानों के सामने शराब पीने से रोकने पर शराबी झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। बताते चलें कि रूपापुर चौराहा बिल्हौर-कटरा हाईवे पर स्थित है, जहां सवायजपुर कोतवाली की पुलिस चौकी भी है। पुलिस चौकी में पुलिस कर्मियों की तैनाती है, पर खुलेआम सड़क पर शराब पीने वालों को रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

## सार-संक्षेप



भाजपा की सदस्यता लेती अनीता वर्मा। अमृत विचार

### भाजपा के सदस्यता अभियान ने पकड़ा जोर

**हरदोई, अमृत विचार।** भाजपा का सदस्यता अभियान पूरी तरह से ज़ोर पकड़ चुका है। अहिरोरी ब्लाक के जब्बार खेड़ा हुसैनपुर के एक पब्लिक स्कूल में भाजपा की सदस्यता अभियान का आयोजन हुआ, जिसमें जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह मुख्य अतिथि की हैसियत से शामिल हुए। समाजसेवी व स्कूल की प्रबंधक अनीता वर्मा की अगुवाई में उनके सैकड़ों समर्थकों ने भाजपा की सदस्यता हासिल की। लगातार सक्रिय रहकर जरूरत मंद लोगों की सेवा कर रहीं श्रीमती वर्मा ने जनता से अपील करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य है कि समाज मे कोई भी दूसरे पर निर्भर न हो बल्कि स्वयं आत्मनिर्भर बनें। वे अपने लोगों की हर मुमकिन मदद करने के लिए हर समय उपलब्ध है। सदस्यता अभियान के दौरान कमलेश कुमार गौतम, पप्पू मौर्य, देशपाल, प्रेमचंद्र गौतम, गुलजारी रीमा, गुड्डू व समाज के तमाम लोग मौजूद रहे।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार बालक गंभीर

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के रहुला गांव के निकट साइकिल लेकर आ रहा है बालक को तेज गति से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार घायल बालक शान मोहम्मद 16 वर्ष पुत्र समीम निवासी ग्राम रहुला जो अपने घर से साइकिल लेकर खेत की ओर जा रहा था तभी तेज गति से आ रहे बाइक ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे साइकिल सवार शान मोहम्मद गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों की मदद से घायल को आनन फानन में उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां पर उपचार के बाद घायल बालक को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

### महिला सशक्तिकरण का दिया सन्देश

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट परिसर में मिशन शक्ति पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। दल नेता पूजा के नेतृत्व में नाटक के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का सन्देश दिया गया। डायल 112 व महिला हेल्पलाइन 1090 के सम्बन्ध में लोगों को जानकारी दी गयी। शराब से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। दल नेता ने कहा कि महिला अपराधों के मामले में समाज को मूक नहीं रहना चाहिए। सशक्त नारी सशक्त समाज का निर्माण करती है। इस अवसर पर मिशन शक्ति से जुड़े पुलिस कर्मी व बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।



समीक्षा बैठक को संबोधित करते क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा।

### सदस्यता अभियान की हुई समीक्षा

**संवाददाता, हरदोई।** भाजपा जिला कार्यालय पर सक्रिय सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक को मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा एवं सक्रिय सदस्यता अभियान पर्यवेक्षक मुकेश शर्मा विधान परिषद सदस्य ने सदस्यता अभियान से जुड़े पदाधिकारियों ने संबोधित किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है जो घर घर संपर्क करके आम आदमी को भारतीय जनता पार्टी के विचारों से जोड़ने का कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद में तीन लाख अट्ठासी हजार सदस्यों को पार्टी से जोड़ा जा चुका है। एमएलसी मुकेश शर्मा ने कहा कि यह पार्टी कार्यकर्ताओं के माध्यम से जन सेवा के कार्यों में आगे बढ़ती है। जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी ने कहा कि सक्रिय सदस्यता अभियान सभी वर्गों में चलेगा। जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि भारत का अभिमान अगर किसी ने पुन: स्थापित किया है तो वह भाजपा है। मंच का संचालन जिला महामंत्री अनुराग मिश्र ने किया।

# राम का राजतिलक कर सीता वनवास लीला का किया मंचन

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** श्री रामलीला मेला पठकाना में स्थानीय कलाकारों द्वारा राम का राजतिलक कर सीता बनवास नाटक का मंचन किया गया। जिसे देख कर दर्शकों की ऑखें भर आईं। रामलीला मेला पठकाना के 88 वें वर्ष का अंतिम मंचन राजगद्दी नाटक स्थानीय कलाकारों ने परंपरानुसार किया। जिसकी सभी ने प्रशंसा की।

सोमवार की रात को क्षेत्रवासियों ने अपने पसंदीदा स्थानीय कलाकारों का अभिनय देखा। पात्रों ने ही अपनी कुशल कलाकारी की छाप दर्शकों के मन मस्तिष्क पर छोड़ दी। नाटक का शुभारंभ मेला अध्यक्ष संजय मिश्रा बबलू, ऋषि कुमार मिश्र, आशीष मोहन तिवारी राजू समेत समिति सहयोगियों ने राम का राजतिलक करने के उपरांत आरती पूजन, प्रसाद वितरण से किया। मेला अध्यक्ष ने सम्पूर्ण समिति के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों, सहयोगियों सहित विशेष रूप से चंदा दाताओं की सराहना की।

# शोभा यात्रा देखने को सड़कों पर डटी रही भीड़

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** श्री बाल रामलीला नाट्य कला मंदिर द्वारा संचालित श्री बाल रामलीला चौक की भरत मिलाप शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मर्दों से निकाली गई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाली गई भरत मिलाप शोभा यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका परिषद से हुआ। यहां पर सर्वप्रथम झांकियों का पूजन अर्चन किया गया। उसके बाद शोभा यात्रा को रवाना किया गया।

यह शोभायात्रा स्टेट बैंक, बड़ी बाजार, घास मंडी, गुलाब बैंड चौराहा, आरपीएम इंटर कॉलेज, सदर बाजार, घंटाघर, चौक, सराफा बाजार होते हुए बैंक ऑफ़ इंडिया चौराहा पहुंची। जहां पर भरत मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। बैंक ऑफ़ इंडिया चौराहे पर भगवान राम जब पहुंचे तो वहां पहले से भरत जी उनका इंतजार कर रहे थे। जैसे ही भगवान राम पहुंचे तो भरत ने उनके चरण वंदन कर उन्हें गले लगाया। यह भावुक दृश्य देखकर लोगों की आंखें नम हो गई। भरत मिलाप शोभा यात्रा सरदारगंज होते हुए मोहल्ला कटरा पहुंची जहां पर भारत मिलाप शोभा यात्रा का समापन किया गया।

शोभायात्रा में तमाम देवी देवताओं की मनोरम झांकियों का प्रदर्शन किया गया । शोभा यात्रा का जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर मेला संस्थापक राजेश वर्मा, अध्यक्ष चौधरी उमेश गुप्ता, बासु वर्मा वीरू, राजीव गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, शिव शरण वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



बाल रामलीला की शोभायात्रा में मनमोहक झांकियां।

**कार्यक्रम** — शांति सत्संग मंच के 51वें वर्ष के आध्यात्मिक एवं संत सम्मेलन में दूसरे दिन चित्रकूट से आए कामदगिरी पीठाधीश्वर

# रामचरितमानस का मानव जीवन में महत्व : स्वामी रामस्वरूपाचार्य

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** शांति सत्संग मंच के 51वें वर्ष के आध्यात्मिक एवं संत सम्मेलन में दूसरे दिन चित्रकूट से आए कामदगिरी पीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामी रामस्वरूपाचार्य ने सैकड़ों श्रोताओं को अपनी ओजस्वी वाणी से ज्ञान गंगा के में सरोवर करते हुए कहा कि मानव जीवन के आधार में तुलसी का मानस है जो कि एक सामाजिक पारिवारिक राजनीतिक सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक शिक्षाओं से परिपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि रामचरित मानस को बराबर पढ़ने से हृदय परिवर्तन हो जाता है। आज भारत जैसे महान राष्ट्र को भारतीय संस्कृति की उपासना की दिव्य आवश्यकता है।



संत सम्मेलन में बोलते कामदगिरि पीठाधीश्वर जगतगुरु रामस्वरूपाचार्य महाराज।



आध्यात्मिक एवं संत सम्मेलन में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

हनुमत द्वार पीठाधीश्वर स्वामी धीरेंद्राचार्य ने बताया कि राम कथा से चिंतन और आध्यात्मिक ऊर्जा का शरीर में प्रवाह होता है सत्संग मानव जीवन की बड़ी आवश्यकता है। मानव जीवन में सात्विकता आए उसके लिए राम कथा का सुनना और समझना बहुत जरूरी है। मानव जीवन के उत्थान के लिए ईश्वर का चिंतन बहुत आवश्यक है। पारीक्षा पीठाधीश्वर महावीर दास ने अपने आध्यात्मिक प्रवचन ने कहा कि श्रेष्ठ जीवन जीने के लिए मानव जीवन का लक्ष्य आत्म साक्षात्कार करना है और ईश्वर के साथ संबंध स्थापित करना है। राम कथा के प्रसंग को सुनकर अपने जीवन में उतरकर मनुष्य भगवान से साक्षात्कार करते हुए अपने जीवन को धन्य बन सकता है।

जबलपुर मध्य प्रदेश से आई पंडिता आस्था दुबे ने बताया कि अभिमान या अहंकार सबसे भयंकर दोष है। समापन पर सैकड़ों श्रोताओं का प्रतिनिधित्व करते हुए आयोजक प्रकाश चंद्रगुप्त और उनके भ्राताओं ने भगवान की आरती व पूजन किया। सत्संग देर रात तक चला।

## एक नजर

### करंट की चपेट में आकर विद्युतकर्मी की मौत

**मिश्रिख, सीतापुर :** मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र बिजनापुर निवासी विद्युतकर्मी निर्माणाधीन मकान में कार्य करते समय हादसे का शिकार हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई। परिवार के लोगों गृहस्वामी पर आरोपी लगाते हुए थाना पुलिस को तहरीर दी है। परिजनों के मुताबिक, 45 वर्षीय अशोक पाइप डाल रहा था। इसी दौरान वह हादसे का शिकार हो गया।

### आलू निकासी के लिए किया प्रोत्साहित

**सीतापुर :** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि किसान भाइयों संदेश दिया जा रहा है कि वे शीतगृह में भण्डारित आलू की अधिक से अधिक निकासी करें, जिससे भविष्य में आलू बाजार भाव में गिरावट होने पर नुकसान से बचा जा सके। अक्टूबर 2024 के अंतिम सप्ताह में भंडारित आलू की निकासी समस्त शीतगृहों से शत-प्रतिशत हो सके। क्योंकि जब भंडारित आलू की निकासी समय से होगी, तभी उसका फायदा किसानों को ज्यादा मिल सके।

# धू-धूकर जल उठी कार, कूदकर बचाई जान

## लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के गौरिया गांव के करीब हुआ हादसा, दमकल वाहन ने बुझाई आग, कार हुई खाक

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचारः** कार में शार्टसर्किट ऐसा हुआ कि पूरी कार धू-धूकर जलकर खाक हो गई। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में गौरिया गांव के करीब हुए हादसे में दो ग्राम प्रधान बाल-बाल बचे, जबकि आग की लपटों को दमकल वाहन आने के बाद ही बुझाया जा सका।

विकास खंड लहरपुर के ग्राम दरियापुर निवासी ग्राम प्रधान राम लखन वर्मा अपने प्रधान साथी जगन्न के साथ अपनी वैगनआर से लहरपुर आ रहे थे। ग्राम प्रधान के मुताबिक, वे लोग शारदा सहायक नहर पुल के आगे गौरिया गांव के करीब पहुंचे। इसी दौरान कार से अचानक धुआं उठने लगा। वाहन चालक राम लखन जब तक कुछ समझ पाता, इससे पहले ही कार में आग लग गई। कुछ लम्हों में ही वाहन को आग की लपटों ने घेर लिया। ऐसे में दोनों प्रधानों और चालक ने किसी तरह से गाड़ी से कूद कर सभी ने अपनी जान बचाई, वहीं हादसे को देखकर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसी के बाद पुलिस और दमकल वाहन को सूचना दी गई है। दमकल के पहुंचने के बाद ही आग पर काबू पाया जा सका। वहीं ग्राम प्रधान राम लखन का कहना है कि कार की वायरिंग से हल्का धुआं घर से निकलते समय भी निकला था। इसी को सही कराने वे लोग लहरपुर जा रहे थे। तभी अचानक हादसा हो गया।



लहरपुर में अचानक लगी आग से जलती हुई कार। अमृत विचार

▸▸ दो ग्राम प्रधान चालक समेत जा रहे थे लहरपुर

### ट्रैक्टर-बाइक की भिड़ंत, युवक की मौत

**संवाददाता, सांडा, सीतापुर, अमृत विचार :** बिसवां कोतवाली क्षेत्र के सांडा ब्लॉक के करीब ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में बाइक आ गई। सड़क हादसे में बाइक सवार युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने केस दर्ज करते हुए विधिक कार्रवाई आगे बढ़ाई है। बिसवां कोतवाली क्षेत्र का ग्राम सांडा निवासी शाहिद अली (35) पुत्र जाहिद अली किसी कार्य से सांडा ब्लॉक की ओर गया था। बताते हैं कि बाइक सवार सांडा- बिसवां मार्ग पर ब्लॉक मुख्यालय के निकट पहुंचा। इसी दौरान उसी दिशा में जा रही ट्रैक्टर ट्राली से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक शाहिद गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया। लखनऊ ले जाते समय घायल युवक शाहिद की मौत हो गई। चौकी इंचार्ज सांडा श्यामू कनौजिया ने बताया कि विधिक कार्रवाई को आगे बढ़ाया जा रहा है।



शाहिद (फाइल फोटो)।

# मेला दिखाने के बहाने बालिका से दुष्कर्म

संवाददाता कुतुबनगर, सीतापुर



▸▸ पिसावां थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला, आरोपी गिरफ्तार

▸▸ वारदात के बाद बालिका का अस्पताल में हुआ उपचार

**अमृत विचारः** मेला दिखाने का बहाना बनाकर बालिका के साथ दरिंदगी की गई। वारदात के बाद आरोपी को गांव के लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पिसावां थानाक्षेत्र में हुई वारदात के बाद आठ वर्षीय बालिका का अस्पताल में उपचार हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक का कहना है कि केस दर्ज करते हुए आरोपी के विरुद्ध जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

पिसावां थानाक्षेत्र के एक गांव के बाहर मेला लगा था। परिजनों के मुताबिक, विशाल कश्यप मेला दिखाने के बहाने आठ वर्षीय बालिका को साथ लेकर चला गया। काफी देर तक जब वो न लौटा, तो सभी को चिंता हुई। खोजते हुए परिजन गांव में बने प्राथमिक विद्यालय पहुंचे। विद्यालय के पीछे बच्ची बुरी हालत में मिली। आक्रोशित ग्रामीणों ने पकड़कर आरोपी की पिटाई की, फिर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की सूचना पाकर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रवीण रंजन सहित आसपास थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। उन्होंने पीड़ित बालिका को परिजनों के साथ अस्पताल भिजवाया। उधर गिरफ्तार आरोपी को थाने लाकर अभियोग दर्ज किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक का कहना है बालिका के पिता की तहरीर पर केस दर्ज करते हुए आरोपी को जेल भेजा जा रहा है। बालिका का प्राथमिक उपचार के साथ चिकित्सीय परीक्षण भी कराया गया है। उधर, दोनों ही पक्ष एक ही गांव के होने के कारण पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

**ग्राम प्रधान और मेला आयोजक को नसीहतः** दुष्कर्म की वारदात के चलते गांव के प्रधान और मेला आयोजकों को पुलिस की सख्ती का सामना करना पड़ा। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रवीण रंजन का कहना है कि मेला आयोजक से मेले के भीतर और बाहर प्रमुख जगहों पर सीसीटीवी लगाए जाने को कहा गया है।

# सांडा में डेंगू से अधेड़ की मौत 50 से अधिक लोग बीमार

संवाददाता सांडा, सीतापुर

**फैला संक्रमण**

▸▸ अब तक दो दर्जन से अधिक लोगों की तेज बुखार से हो चुकी है मौत

▸▸ कई लोगों का अलग-अलग चिकित्सा केंद्र में चल रहा इलाज

**अमृत विचारः** बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्र सांडा और सकरन में संक्रमण थमने का नाम नहीं ले रहा। तेज बुखार की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत हो गई। वहीं तीन गांव में 50 से अधिक लोग बीमार हैं। जिनका इलाज अलग-अलग स्थानों पर चल रहा है।

सांडा क्षेत्र के सांडा निवासी हरिमोहन श्रीवास्तव (55) पुत्र रेवती रमन श्रीवास्तव को बीते दिन तेज बुखार आया। परिजनों के मुताबिक, उन्हें खैराबाद स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें डेंगू होने की पुष्टि हुई। स्वास्थ्य लाभ न होने के चलते उन्हें लखनऊ के लिए रेफर कर किया गया। उपचार के दौरान हरिमोहन श्रीवास्तव की मौत हो गई। संक्रमण की जद में सांडा के अलावा आसपास गांव में 50 से अधिक लोग चपेट में आ चुके हैं। सभी का उपचार अलग-अलग स्थानों पर सामुदायिक और निजी चिकित्सा केंद्रों में चल रहा है। बता दें कि पिछले दो माह के भीतर सांडा में अब तक दो दर्जन से अधिक लोगों की तेज बुखार आने के बाद मौत हो चुकी है।

उधर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार सचान ने बताया कि क्षेत्र में जहां-जहां संक्रमण की चपेट में आए मरीजों की जानकारी मिल रही है, टीम भेजकर उपचार कराया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर उन्हें भर्ती करते स्वास्थ्य डोज भी दी जा रही है। मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए जा रहे हैं।



हरिमोहन (फाइल फोटो)।

# लंबित प्रकरणों का समय से कराएं निस्तारण

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर आधारित शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता कार्यक्रमों व विकास कार्यों की समीक्षा का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने विभाग के पोर्टल पर लंबित प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा में अवश्य निस्तारित करें।

जिलाधिकारी ने शासन की विकास प्राथमिकताओं में राजस्व, भूमि विवाद, निर्माण कार्य, बिक्री कर, आबकारी, स्वास्थ्य, विद्युत, उद्योग सहित अन्य विभागीय अधिकारियों के लम्बित प्रकरणों पर गहनता से समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि लम्बित आवेदनों का निस्तारण समय पर कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रकरणों के समय निस्तारण कराना ही संबंधित विभाग की नैतिक जिम्मेदारी है।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद डीएम, सीडीओ व विभागीय अधिकारी। अमृत विचार

▸▸ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

# आज से शुरू होगा युवा उत्सव

**संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचारः** जिला युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी बुधवार को जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन हिन्दू कन्या महाविद्यालय, आंख अस्पताल रोड में पूर्वान्ह 10.00 बजे कराया जाना प्रस्तावित है।

युवा उत्सव में सांस्कृति कार्यक्रम में लोकनृत्य एकल, लोकनृत्य समूह, लोकगीत एकल, लोकगीत समूह, कविता समूह, जीवन कौशल में कहानी लेखन, डिक्लेमेशन, चित्रकारी तथा थीमेटिक में साइस मेला (इनोवेशन इन सांइस एण्ड टेक्नोलॉजी) एकल व समूह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। इच्छुक प्रतिभागी आयु सम्बन्धित प्रमाण-पत्र एवं वाद्य यन्त्रों के साथ उक्त निर्धारित तिथि और स्थल पर उपस्थित होकर प्रातः 9:30 बजे तक प्रतिभाग करने के लिए अपना नाम अंकित करायें। ईमेल-doprdsitapur@gmail.com पर उपलब्ध करा सकते हैं।

# राशन डीलरों का बढ़े लाभांशः अशोक

संवाददाता मिश्रिख, सीतापुर

**अमृत विचारः** हम बेईमान नहीं है, हमारी ईमानदारी का सबूत वेइंग मशीन के अंदर मौजूद है। ईमानदारी से काम कर रहे हैं, तभी सरकार को ईमानदारी का प्रमाण पत्र मिला है। इन्हीं दावों के बीच राशन डीलरों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। साथ ही संगठन के प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में उन्होंने राशन डीलरों का लाभांश बढ़ने की मांग की।

तहसील मिश्रित के सभी पदाधिकारी एवं ब्लॉकों के राशन डीलर की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष रामलखन सिंह यादव के आह्वान पर संगठन के प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह के सभी एकजुट होकर उपजिलाधिकारी पंकज सक्सेना से मिले। अशोक कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार को सभी डीलरों को गोवा, हरियाणा, दिल्ली की तर्ज पर लाभांश 200 प्रति कुंतल बढ़ा देना चाहिए। अगर लाभांश 4 दिसंबर से पहले नहीं बढ़ता है तो उत्तर प्रदेश के समस्त राशन डीलर जवाहर भवन का घेराव करेंगे। जिला अध्यक्ष राम लखन सिंह यादव ने कहा कि अयोध्या के खाद्य वितरण अधिकारी द्वारा जो ठेकेदारों के पक्ष में खाद्यान्न दुकान तक नहीं पहुंचने का आदेश किया गया है, उसका सीतापुर जिले में भी विरोध किया जाएगा। ज्ञापन देने के दौरान आलोक मिश्रा, राजेंद्र, कमलेश मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, मोनू शुक्ला, बृजलाल, वीरेंद्र मधुकर, रमेश, धर्मेंद्र, विनोद तिवारी, कन्हैया यादव आदि रहे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते राशन डीलर। अमृत विचार

▸▸ कोटेदारों ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, रखा अपना पक्ष

**सीएचसी पर एएनएम ने किया प्रदर्शन, रामपुर मथुरा, सीतापुरः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एएनएम ने ऑनलाइन हाजिरी को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन किया।

टीकाकरण की ऑनलाइन अटेंडेंस पोर्टल पर करने संबंधी आदेश को लेकर रामपुर मथुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर धरना प्रदर्शन किया गया। एएनएम की ओर से ज्ञापन केंद्र प्रभारी डॉ. सुशील कुमार वर्मा को दिया गया। कहा गया है कि शासन द्वारा दिया गया आदेश वापस नहीं लिया गया तो समस्त एएनएम विवश होकर टीकाकरण ना करके ऑनलाइन फीडिंग का भी कार्य रोक देंगी। साथ ही अनिश्चितकाल के लिए धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# कॉलेज निकला छात्र हुआ लापता, हड़कंप

संवाददाता सांडा, सीतापुर

**अमृत विचारः** घर से कॉलेज के लिए निकला छात्र संदिग्ध हालातों में लापता हो गया, जिसके चलते परिजनों में हड़कंप मच गया। आशंकाओं के बीच पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी। लापता होने मामला रेउसा थानाक्षेत्र से जुड़ा हुआ है।

रेउसा थाना क्षेत्र के सरोज पुत्र पुत्ती लाल ने बताया कि उसका 18 वर्षीय पुत्र अमित कुमार शाहपुर इण्टर कॉलेज में अध्ययनरत है। रोज की तरह वो कॉलेज के लिए निकला था। शाम घर वापस न लौटने पर चिंता हुई, पता किया तो विद्यालय से जानकारी मिली कि अमित पढ़ने के लिए आया ही नहीं है। बढ़ती आशंकाओं के बीच पीड़ित पक्ष ने रेउसा थाने पर तहरीर दी है।



लापता अमित कुमार।

▸▸ रेउसा थाना क्षेत्र का मामला, पीड़ित पक्ष ने पुलिस को दी तहरीर


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

### सूचना

सूचित हो कि मै अभिषेक कुमार सिंह पुत्र भूपेन्द्र सिंह निवासी- बैरीसालपुर, निगोहाँ, जनपद लखनऊ। मेरे हाईस्कूल का प्रमाण पत्र/अंकपत्र स्कूल संत फ्रांसिस स्कूल निगोहाँ लखनऊ से 2014 मे परीक्षा उत्तीर्ण की थी जिसका अनुक्रमांक नम्बर 1420931 वास्तव में खो गया है।

### शुद्धि पत्र

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप जिलाधिकारी कार्यालय उतरौला द्वारा पत्रांक 780/र0का0(गांव सभा मत्स्य पालन आवंटन ज्ञाप) 2024-25 के समाचार पत्र 25 सितंबर के प्रशासन में क्रमांक 34 पर ब्लॉक गैण्डास बुजुर्ग राजस्व ग्राम कैथोलिया सलेमपुर गाटा संख्या 340 की जगह 348 तथा रकबा 1.002 हेक्टेअर की जगह 1.902 हेक्टेयर पढ़ा जाए।

उप जिलाधिकारी, उतरौला

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे क्लाइट कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लि. शाखा फैजाबाद स्थित की तरफ से सूचित किया जाता हैं। कि आकाश गुप्ता सुत स्व. दया शंकर गुप्ता, निवासी-2245/1G बम बहादुर कोचिंग गली 1, शास्त्रीनगर सिटी सुलतानपुर द्वारा ऋण हेतु आवेदन किया है। जिसमें बैनामा दिनांक 09.02.1994 ई0 बही संख्या 01, क्रमांक सं0 1132 जिसे मोहम्मद हलीम सुत मोहम्मद अजीम, निवासी- ग्रा0 व पो0 भादर तहसील व जिला अमेठी के हरीश चन्द्र अग्रवाल सुत स्व. महावीर प्रसाद अग्रवाल के पक्ष में विक्रय किया था कही खो गया है को बंधक रखने हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति बैंक अथवा संस्था को प्रश्नगत सम्पत्ति बधक रखने में आपत्ति है तो इस प्रकाशित के 7 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति अधोहस्तक्षरी समक्ष प्रस्तुत कर दे अथवा यह मान लिया जायेगा कि व्यक्ति, बैंक अथवा संस्था को कोई की आपत्ति नहीं हैं।

सचिन शंकर (एड्वोकेट)
शेड नं0- 03, सिविल कोर्ट फैजाबाद, अयोध्या।
मो.न:-8299765176



## क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें

VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**

उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**

उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**

उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**

उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**

उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**

उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**

उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**

उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**

उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**

उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

### पुरस्कार एवं सम्मान

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

**आलमबाग**
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय–
सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय–
सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाशं

# गांवों में वॉल पेंटिंग देगी पराली नहीं जलाने का संदेश

कार्यालय संवाददाता सीतापुर

- सोशल मीडिया के सहारे होगा गांव-गांव प्रसार
- डीएम ने प्रधानों के अलावा राजस्व कर्मियों को भी सौंपी जिम्मेदारी

**अमृत विचारः** जिले में पराली न जलाई जाए, इसको लेकर गांव-गांव वॉल पेंटिंग कराई जा रही है। फसल अवशेष न जलाने के लिए जिलाधिकारी के दिए गए संदेशों को भी सोशल मीडिया पर वायरल किया जा रहा। जिलाधिकारी का कहना है कि पर्यावरण को क्षति पहुंचने से रोकने के लिए व्यवस्था को अमल में लाया जाना आवश्यक है।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि कृषकों द्वारा पूर्व में खेतों में फसल अवशेष के रूप में पराली, गन्ने की पत्तियां आदि को खेत में ही जलाए जाने की सूचनाएं मिल चुकी है, जिसको लेकर जिले में कार्रवाई भी हुई। इसे रोकने के लिए गांव के प्रधान, लेखपाल, प्राविधिक सहायक, पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी की ड्यूटी लगायी गयी है। गांव-गांव वॉल पेंटिंग कराई गई है, ताकि किसानों और आमजन को जागरूक करते हुए पराली जलाने से रोका जा सका। अवशेषों से पर्यावरण और मानव जीवन पर क्या असर पड़ेगा, इसकी विधिवत जानकारी देकर सोशल मीडिया पर भी वायरल किया जा रहा है।



डीएम अभिषेक आनंद।




लहरपुर के अकबरपुर में आयोजित विकास खण्ड स्तरीय गोष्ठी। अमृत विचार

**फार्म मशीनरी बैंक देंगे लाभः** जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में अनुदान पर कस्टम हायरिंग सेन्टर और फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना की गयी है। समिति द्वारा ग्राम पंचायत के किसानों को इससे लाभ मिलेगा। फसल अवशेष प्रबन्धन के लिए मल्चर, हैप्पी सीडर, पैडी स्ट्राचापर, जीरो ट्रिल सीड ड्रिल आदि भी उपलब्ध हैं।

**अकबरपुर में कृषि विभाग ने की बैठकः** लहरपुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर में कृषि विभाग द्वारा पराली जलाने से होने वाले नुकसानों को लेकर बैठक की गई। सहायक विकास अधिकारी कृषि राजकुमार वर्मा ने कहा ने होने वाले नुकसान की जानकारी दी। कार्यक्रम में एटीएम पंकज शर्मा व कई किसान उपस्थित थे। इस दौरान किसानों को चना, मटर आदि की अधिक उपज पाने से संबंधित पम्पलेट भी वितरित किए गए।

# जिलाधिकारी के आदेश पर ग्राम पंचायतों में हड़कंप

संवाददाता थानगांव, सीतापुर

- विकास खण्ड रेउसा की 10 ग्राम पंचायतों में डीएम ने दिए हैं जांच के आदेश

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा रेउसा विकास खण्ड के दस गांव की जांच किसी गंभीर नतीजे तक पहुंच सकती है। ऐसे में विभागीय अफसरों के बीच अफसरों के बीच हड़कंप का माहौल बन गया है।

बता दें कि विकास खण्ड रेउसा की ग्राम पंचायत सुजातपुर, भदेवा, थानगांव, घेवड़ा, अमलोरा, बरी, सेवता, करसा, असइपुर, सरैंया भटपुरवा में बघैया निवासी सुरेश प्रकाश मिश्रा की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जांच के आदेश दिए हैं। इसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी व तकनीकी सहायक के लिए अधिशाषी अभियन्ता लघु सिंचाई को जांच अधिकारी नामित किया गया है। जांच के आदेश के बाद विकास खण्ड रेउसा में हड़कंप मच गया है।

## एक नजर

### क्रॉप कटिंग से धान उत्पाद के मिल रहे अच्छे संकेत

**सीतापुर :** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की ओर से मंगलवार को तहसील सदर के अन्तर्गत ग्राम धरैंचा में धान की क्रॉप कटिंग कराई गई। उन्होंने बताया कि क्रॉप कटिंग में जिले में अच्छे धान खरीद उत्पादन के संकेत मिल रहे है। त्रिभुजाकार आकार में एक बिस्वा खेत में 26.18 किग्रा एवं लगभग 4.82 बीघा धान उत्पादन की क्रॉप कटिंग सम्पन्न हुई। धरैंचा में हुई क्राप कटिंग में 60 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उत्पादन होगा, जो कि पिछले साल से बेहतर है। जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित किसानों से अपील की है कि वह अपना धान सरकारी क्रय केन्द्रों पर विक्रय करें। उन्होंने प्रधान रामकिशोर से चकरोड, आरआरसी सेंटर आदि बारे में जानकारी ली। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, कानूनगो अवधेश पाण्डेय एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### वादों की पत्रावलियां समय से कराएं उपलब्ध

**सीतापुर :** अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा बैंक अधिकारियों के साथ एक बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिला जज भगीरथ वर्मा द्वारा की गई। उन्होंने बैंक राष्ट्रीय लोक अदालत 14 दिसंबर में अधिक से अधिक वादों को निस्तारित किये जाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में लीड बैंक मैनेजर अनल कुमार, एहसन अराफात, अंशुल अग्रवाल, सतीश कुमार आदि रहे।

# ड्रोन से निगरानी, सड़कों पर दिखी पुलिस

## सीतापुर-बहराइच मार्ग दूसरे दिन भी रहा बाधित, बहराइच से जुड़े चहलारी घाट पर घंटों मौजूद रहे एसपी

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचारः** घनी बस्तियों की निगरानी के लिए ड्रोन दिनभर प्रभावी रहा। सीतापुर-बहराइच मार्ग पर सतर्कता बरतते हुए मार्ग बाधित रखा गया। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने घंटों चहलारी घाट पर डेरा जमाए रखा। कई संगठनों से जुड़े लोग हाउस अरेस्ट भी किए गए।

पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा के निर्देश पर नगर क्षेत्र के पुराना शहर, खैराबाद, बिसवां सहित अन्य स्थानों पर घनी आबादी वाले इलाके में ड्रोन से सुरक्षा पर नजर रखी गई। सुबह से ही जिले की सीमाओं से जुड़े इलाकों में पुलिस ने गश्त तेज की। खैराबाद में पुलिस के साथ पीएसी बल रहा। उधर बहराइच जाने वाले वाहनों को शहर सीमा के करीब से ही रोक दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बहराइच सीमा से जुड़े चहलारी घाट पर कैंप किया। मुख्य मार्गों पर जगह-जगह वाहनों की चेकिंग भी कराई गई। उधर, सुरक्षा के मद्देनजर कुछ संगठनों से जुड़े लोग हाउस अरेस्ट भी किये गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सीतापुर बहराइच मार्ग पर फिलहाल आवागमन सुरक्षा की दृष्टि से बाधित रखा गया है। वाहनों की चेकिंग के साथ ड्रोन कैमरों के सहारे सघन इलाकों भी नजर रखी गई है। बहराइच जनपद में हुए उपद्रव के मद्देनजर जिले के हर थानाक्षेत्रों में भारी पुलिस बल गश्त पर है। जिसके चलते सीतापुर में कोई अप्रिय घटना न हो। साथ ही जिला प्रशासन की ओर से जिले के लोगों से सोशल मीडिया व अन्य साधनों से फैलने वाली अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की जा रही है। जिसके मद्देनजर जिले की पुलिस अत्यधिक सक्रिय है।



बहराइच से लगे चहलारी घाट पर मौजूद पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

### सतर्कता बढ़ी



ड्रोन से होती कस्बे की निगरानी। अमृत विचार



एसपी के निर्देश पर गश्त करती पुलिस। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### बुजुर्गों के बताए रास्ते पर चलना सच्ची अकीदतः हाजी सोहराब



दरगाह में मौजूद अकीदतमंदों की भीड़। अमृत विचार

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** मशहूर खानकाह हजरत रमजान अली शाह मुरली वाले बाबा का सालाना उर्स रूहानी माहौल में अकीदत और सादगी के साथ मंगलवार को मनाया गया। दरगाह कमेटी के सेक्रेटरी हाजी सोहराब अली तथा मुतवल्ली हाजी मुन्नन अली की मौजूदगी में उर्स की सभी रस्में अदा की गई। भारी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। सुबह मजार शरीफ पर कुरान ख्वानी का आयोजन किया गया। इसके बाद रमजान अली शाह मुरली वाले बाबा की खानकाह पर अकीदतमंदों ने चादर पेश की। फातिहा ख्वानी तथा दुरूद व सलाम के नजराने पेश किये गए। इस मौके पर लंगर का आयोजन हुआ। उर्स के मौके पर दरगाह कमेटी के सेक्रेटरी हाजी सोहराब अली कादरी व मुतवल्ली हाजी मुन्नन अली ने कहा कि बुजुर्गों और वलियों ने नेक अमल करने, बुराई से दूर रहने और सारी इंसानियत की भलाई एवं मदद करने का हुक्म दिया है। बुजुर्गों के बताए रास्ते पर चलना सच्ची अकीदत है। उर्स के मौके पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष हाजी रियाज अहमद, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद, शायर अनवर बिसवानी, अधिवक्ता जेडआर रहमानी, शिक्षक जुबेर वारिस, इस्लामुद्दीन अंसारी सहित भारी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

### भगवान विष्णु ने किया हिरण्यकश्यप का वध

**संवाददाता नेरी, सीतापुर, अमृत विचार :** महोली क्षेत्र के ग्राम नेरी में ब्रह्मा देव बाबा स्थान परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा वाचक पं. राजन मिश्रा महाराज ने प्रहलाद चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को बताया कि राजा हिरण्यकश्यप खुद को भगवान समझता था। प्रजा को भी वह उन्हें भगवान मानने के लिए दबाव डालता था। लेकिन हिरण्यकश्यप का पुत्र प्रहलाद विष्णु को ही भगवान मानता था। एक दिन हिरण्यकश्यप ने प्रहलाद से पूछा कि तुम्हारा भगवान विष्णु कहां रहता है। प्रहलाद ने एक खंभे की ओर इशारा करके कहा कि मेरा भगवान हर जगह है। आक्रोश में आकर हिरण्यकश्यप ने उस खंभे को तोड़ने का प्रयास किया। तभी खंभे के भीतर से ही विष्णुजी नरसिंह अवतार में प्रकट हुए। उन्होंने हिरण्यकश्यप का वध किया। इस अवसर पर महेश कश्यप, सुरेश कुमार मिश्रा, श्रीकांत मिश्रा, अवधेश मिश्रा, रज्जू, सचिन मिश्रा, नितिन मिश्रा, बबलू मिश्रा, नीरज मौर्य, मंगू मौर्य, रामहेत मनीष गुप्ता आदि भक्त मौजूद रहे।



कथा सुनाते पं. राजन मिश्रा।

### रोगों से बचाव के लिए साफ-सफाई आवश्यक



संचारी रोग से बचाव के लिए रैली निकालते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

**संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** मोहिउद्दीनपुर गांव में संचारी रोगों से बचाव के लिए रैली निकाली गई। इसमें आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के अलावा नन्हें- मुन्नों ने भी प्रतिभाग किया। रैली में शामिल ग्रामवासियों और बच्चों ने गांव में भ्रमण कर ग्रामीणों को संचारी रोगों से बचाव, साफ-सफाई आदि के लिए जागरूक किया। बताया गया कि रोगों से बचने के लिए साफ-सफाई सबसे ज्यादा आवश्यक है। वहीं दिमागी बुखार, चिकनगुनिया, डेंगू, मलेरिया आदि से बचाव के लिए विस्तार से जानकारी दी। रैली के बाद आशा कार्यकत्री कमला देवी ने कहा कि रोगों से बचाव के लिए साफ- सफाई आवश्यक है, गांव में गंदा पानी न जमा होने दे तथा परिवार में किसी सदस्य को कोई भी समस्या होने पर तत्काल चिकित्सक से संपर्क करें। इस मौके पर प्रधानाध्यापक गिरीश चन्द्र वर्मा, अध्यापक शफीक अंसारी, आसिफ, पुष्पा देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व बच्चे मौजूद थे।

### रावण वध के साथ मूड़ाखुर्द की रामलीला संपन्न



रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**संवाददाता, पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार :** मूड़ाखुर्द में चल रही रामलीला रावण वध के साथ समाप्त हो गई। वहीं बरमहौली में ब्रम्हदेव रामलीला कमेटी के कलाकारों द्वारा सती मोह के साथ रामलीला का शुभारंभ किया गया। मूड़ाखुर्द में रामलीला के आखिरी दिन दिखाया गया कि एक ओर राम अपनी सेना के साथ खड़े थे, तो दूसरी ओर रावण सब-कुछ गंवाने के बाद भी बलवान की तरह युद्ध के मैदान में डटा था। राम बाण चलाए जा रहे थे, लेकिन रावण पर उसका कोई असर नहीं हो रहा था। तब विभीषण आगे बढ़ते हैं और अपने भाई रावण की मृत्यु का भेद बताते हैं। तब श्रीराम सीधे रावण की नाभि पर तीर से प्रहार करते हैं और रावण वहीं धराशायी हो जाता है। रावण वध के साथ पंडाल जय श्रीराम के जयकारे से गूंज उठता है। दूसरी तरफ बरमहौली में ब्रम्हदेव रामलीला कमेटी के स्थानीय कलाकारों ने सतीमोह का मंचन करते हुये दिखाया कि भगवान शिव व मां सती कुम्भज ऋषि के पास राम कथा सुनने के लिए जाते है। वहां पर कुम्भज ऋषि राम कथा सुनाते हैं। उसको सुनने के बाद भगवान शिव और सती कैलाश पर्वत की ओर चल देते हैं। रास्ते में शिव की इच्छा होती है कि श्रीराम जी के दर्शन हो जाए। उसी समय श्रीराम वन में माता सीता को खोजते हुए दिखाई देते हैं, तब शिवजी उन्हें प्रणाम करते है। यहां सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### फसल काटने जाने वाले किसानों में बाघ की दहशत

**संवाददाता, महोली, सीतापुर, अमृत विचार :** चव्वाबेगमपुर, कलवारी, मूंड़ा रोहिल्ला के आसपास झाड़ियो में डेरा डाले बाघ के कुनबे को तलाशने में मंगलवार को भी वन विभाग की टीम असफल रही। वन दरोगा अक्षय कुमार पांडेय की अगुवाई में टीम ने चव्वाबेगमपुर, कलवारी, मूंड़ा, रोहिल्ला के आसपास गांवों मे कॉबिंग की। टीम ने जहां बकरी का शिकार किया था। वहां से कॉबिंग करते हुए आगे तक गई। लेकिन बाघ अथवा उसके शावकों के पगचिह्न टीम को नहीं मिले और न ही ट्रैप कैमरा में कैद हुआ। टीम ने दूर खेतों में काम कर रहे किसानों को हिदायत दी गई। आग जलाकर ही कृषि कार्य करने के लिए कहा गया। हालांकि वन विभाग ने बाघ को पकड़ने के लिए पिंजड़ा व ट्रैप कैमरा लगाया है। ग्रामीणों की मानें तो बाघ की दहशत से अन्नदाता सहमा तो है ही, फसलों की काटने की चिंता उन्हें खाए जा रही है।

# जयंती पर याद किए गए मिसाइलमैन डॉक्टर कलाम

अमृत विचार टीम

**सीतापुरः** महान वैज्ञानिक, चिंतक, शिक्षाविद और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम की जन्म जयंती पर जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। करोड़ों देशवासियों और युवाओं के प्रेरणास्रोत मिसाइलमैन के नाम से विख्यात भारत के इस सपूत को याद करते हुए छात्रों और शिक्षकों ने उनके उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश को समृद्ध और विकसित बनाने का संकल्प लिया।

नगर स्थित आरएमपी कॉलेज, हिंदू कन्या महाविद्यालय, आनंदी देवी इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, आरआरडी इंटर कॉलेज, सीतापुर शिक्षण संस्थान सहित अन्य विद्यालयों में विविध आयोजन हुए। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में भी उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। वहीं मछरेहटा के राजकीय इंटर कॉलेज, गामाबाग इंटर कॉलेज, आरजेजे एजूकेशन प्वाइंट, मिश्रीलाल इंटर कॉलेज, प्रयागदेवी मेमोरियल एकेडमी सहित अन्य परिषदीय विद्यालयों में भी मिसाइलमैन को याद किया गया। मछरेहटा कस्बे के प्रतिष्ठित वंशीधर युवन पब्लिक इंटर कॉलेज में प्रबंधक हरीश कुमार शुक्ल ने बच्चों के साथ डॉ. कलाम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए हरीश शुक्ल ने कहा कि तमिलनाडु के गांव धनुषकोडि-रामेश्वरम के बेहद गरीब परिवार में 15 अक्टूबर 1931 को उनका जन्म हुआ। उनके पिता जैनुलाब्दीन एक नाविक थे। डीआरडीओ और इसरो के वैज्ञानिक अनुसंधान और विकास में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दौरान स्टाफ और छात्र-छात्राओं को प्रबंधक हरीश कुमार शुक्ल द्वारा देश की एकता-अखंडता के लिए कार्य करने की शपथ भी दिलाई गई।



डॉ. अब्दुल कलाम के चित्र पर माल्यार्पण करते प्रधानाचार्य। अमृत विचार

# चांदी के साथ मिट्टी के भी बिक रहे करवे

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचारः** करवा चौथ से पहले शहर से लेकर गांव की बाजार खरीदारी जोरों पर है। चांदी के करवों से अधिक मिट्टी और स्टील के करवा की बिक्री हो रही है। महिलाओं की भारी भीड़ के चलते नगर की लालबाग बाजार, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस मुस्तैद दिखी।

लालबाग स्थित मुख्य बाजार में सड़क किनारे मिट्टी के करवा बेचने वालों ने अपनी दुकानें लगा रखी है। कई ऐसे भी हैं जो लइया, खील आदि बेच रहे हैं। मिट्टी के करवे 25 रुपये से 35 रुपये के बीच बिकते मिले। सर्राफ आशीष ने बताया कि करवे छोटे से लेकर बड़े तक हैं। 180 ग्राम का 18 हजार और 43 ग्राम का 4 हजार से अधिक का है। चूड़ी वाली गली में थोक और फुटकर विक्रेता नजमी का कहना है कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार चूड़िया अधिक बिक रही हैं। लोग फैंसी चूड़ियां अधिक पसंद कर रहे हैं। उधर कस्बों और गांव की बाजारों में भी भीड़ देखने को मिली। कोतवाली नगर क्षेत्र से लेकर अन्य स्थानों पर पुलिस गश्त पर रही।

- सोने-चांदी और चूड़ी की दुकानों के अलावा कपड़े की दुकानों पर भी लगी रही भीड़



कपड़ों की दुकान पर खरीदारी करते लोग। अमृत विचार



बाजार में करवा खरीदतीं महिलाएं। अमृत विचार

**बनारसी साड़ियों खूब हो रही बिक्रीः** बाजार में नवविवाहित जोड़े साड़ियों और लहंगों की खूब खरीदारी कर रहे हैं। बनारसी साड़ी 1000 रुपये से 10 हजार रुपये तक बिक रही हैं। बड़ी संख्या में महिलाएं बनारसी साड़ियों की खरीदारी करतीं मिलीं।

**बढ़ी अंगूठियों की मांगः** पर्व से पहले ही बड़ी संख्या में पतियों ने पत्नियों के लिए सोने की अंगूठी खरीदीं। सर्राफा आशीष कहते हैं कि उपहार देने के लिए अंगूठियों की काफी मांग बढ़ी है। बड़ी संख्या में महिलाएं पतियों के साथ खरीदारी करने आ रहीं हैं।

त्योहार की तैयारी | खैराबाद कस्बे के 200 परिवार चाक से तैयार कर रहे दीपक और भाई दूज के लिए कलश

# मिट्टी के दीपक और कलश की बाजार में बढ़ी मांग

संवाददाता खैराबाद, सीतापुर

**अमृत विचारः** दीपावली के त्योहार में माटी की चाक से बने दीपक ही नहीं कई लोगों की गृहस्थी भी रोशन होगी। इस बार बाजार में मिट्टी के दीपक के साथ कलश की मांग बढ़ चली है। ऐसे में खैराबाद के 200 से अधिक परिवार सीतापुर के अलावा आसपास जनपदों के लिए बड़ी संख्या में माल तैयार कर रहे हैं।

दीपावली का पर्व अब बहुत करीब है। ऐसे में मिट्टी के दीपक और भाई दूज के लिए कलश की मांग तेजी से बाजार में बढ़ी है। माल की मांग से कुम्हार परिवारों के चेहरे खिल उठे हैं। 200 से अधिक परिवार इन दिनों चाक पर माटी से खेप तैयार कर रहे हैं। कमाल सरांय निवासी अर्जुन का कहना है कि पिछले कुछ समय से दीपावली में मिट्टी के दीपक कम बिक रहे थे। इस बार लोगों का स्वदेशी की ओर रुख बढ़ा है। ऐसे में इस बार लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर सहित कुछ अन्य स्थानों से व्यापारियों के आर्डर मिले हैं। बड़े मुनाफे की उम्मीद है। रमेश का कहना है कि दीपक के साथ भाई दूज के लिए पहले से कलश भी तैयार कराए जा रहे हैं। अच्छी मांग के कारण परिवार के कई लोगों लगातार तैयार करने में लगे हुए हैं। सुरेश का कहना है कि वैसे तो इलेक्ट्रिक चाक से भी दीपक तैयार किये जा रहे हैं। मिट्टी के बढ़े दाम और अन्य सामान लगाने के साथ बिजली का बिल व्यवस्था को बिगाड़ देगा। इसलिए देसी चाक ही कारगर है।

**मूर्ति और खिलौनों की भी खपतः** कुम्हार परिवार की महिला रेनू कहती हैं कि मूर्तियों के साथ खिलौनों की भी खपत बढ़ी है। इसलिए इस बार चिकनी मिट्टी का इस्तेमाल हो रहा है। दिन में करीब 500 दीपक के साथ खिलौने भी तैयार किये जा रहे हैं।



अर्जुन।



रेनू।

### इन स्थानों पर हो रही खपत

लखनऊ, लखीमपुर खीरी, हरदोई, उन्नाव, शाहजहांपुर आदि स्थानों से जिले में पहुंचे थोक व्यापारी यहां की बाजार से मिट्टी से बने दीपक व कलश आदि ले जा रहे हैं। ऐसे में क्षेत्रीय बाजारों में बिक्री बढ़ चली है।



चाक के पास रखे मिट्टी से तैयार दीये। अमृत विचार

# अनुपस्थित चकबंदी लेखपाल निलंबित

**संवाददाता, सीतापुर अमृत विचारः** बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी भारत सिंह ने बताया कि चकबन्दी लेखपाल रवीन्द्र कुमार काफी समय से बिना बताए अनुपस्थित चल रहे हैं। विभागीय पते पर भी उनका पता नहीं चल रहा है। उन्होंने बताया कि 13 जुलाई वर्ष 2020 से लगातार अनुपस्थित चल रहे चकबंदी लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की जाती है। वहीं निलंबन अवधि में राजेश चन्द्र सुमन, चकबन्दी लेखपाल को सहायक चकबन्दी अधिकारी क्षेत्र, अंतिम अभिलेख-द्वितीय, सीतापुर में सम्बद्ध किया जाता है। उन्होंने निर्देश दिया है कि सभी कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय से अनुपस्थित नहीं होंगे।

## एक नजर

### 11 प्रतिष्ठानों पर काम करते मिले 14 बाल श्रमिक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश शासन व डीएम के निर्देश पर श्रम विभाग के नेतृत्व में चाइल्ड लाइन व संवाद सामाजिक संस्थान की टीम ने स्टेशन रोड, गांधी नगर, घोसियाना, सत्य प्रेमी नगर और पटेल तिराहे पर बालश्रम उन्मूलन अभियान चलाया। इस दौरान 11 प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर कुल 14 किशोर श्रमिकों को काम करते पाये जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के सेवायोजकों के विरुद्ध बाल श्रम अधिनियम के तहत नोटिस जारी की गई। अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी मोहन लाल यादव एवं योगेश दीक्षित के साथ चाइल्ड हेल्प लाइन के जिला समन्वयक मनोज कुमार व संस्थान के जिला समन्वयक विनोद कुमार शामिल रहे।

# अपार आईडी में कैद होगा स्कूली बच्चों का रिकार्ड

## आधार की तरह 12 अंकों की होगी यूनिक आईडी, ड्रॉप आउट बच्चों को ट्रैक करना होगा आसान

योगेश शर्मा, बाराबंकी

**अमृत विचार:** ग्राहकों के लिए बैंक की तरह अब स्कूली बच्चों का भी डिजिलॉकर होगा। इसमें कक्षा 12 तक के बच्चों का पूरा विवरण दर्ज किया जाएगा। हर विद्यार्थी की 12 अंकों की एक यूनिक आईडी बनेगी। इस आईडी की मदद से छात्रों का पूरा ब्योरा एक जगह एकत्र होगा। इसे ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक एकाउंट रजिस्ट्री यानी अपार आईडी का नाम दिया गया है। नाम की तरह इसके फायदे भी अपार हैं। एक-एक छात्र का संपूर्ण विवरण दर्ज करने के लिए निर्देश जारी किए जा चुके हैं। अनुपालन न करने वाला स्कूल मान्यता से हाथ धो बैठेगा। योजना अंतर्गत कक्षा 12 तक अध्ययनरत बच्चों की यूनिक आईडी तैयार की जा रही है।

यह आईडी आधार के 12 अंकों की तरह ही मान्य और स्वीकार्य होगी। अंतर सिर्फ इतना होगा कि छात्र-छात्राओं की यह आईडी और सारा विवरण डिजिलॉकर में सुरक्षित रहेगा और किसी भी बच्चे का शैक्षणिक प्रगति और उपलब्धि एक जगह पर होगी। जिसे भविष्य में जरूरत पड़ने पर ट्रैक भी किया जा सकता है। डिजिलॉकर में शामिल होने वाले तथ्य शैक्षिक योग्यता, प्राप्त ग्रेड, सर्टिफिकेट के अलावा विभिन्न संस्थाओं में बच्चे की उपलब्धि है।

खास बात यह है कि अपार आईडी के फीचर्स व आईडी के लिए अभिभावकों की सहमति जरूरी रखी गई है। यू डाइस पोर्टल के माध्यम से ही अपार आईडी सृजन की जाएगी। केंद्रीय व नवोदय विद्यालय के बच्चों की अपार आईडी बन चुकी है।

### ड्रॉप आउट बच्चों को तलाशना होगा आसान

12 अंकों की यूनिक आईडी का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि अध्ययन काल में ड्रॉप आउट बच्चों का आसानी से पता लगाया जा सकेगा। ड्रॉप आउट होने की स्थिति में उन्हें एक बार फिर शिक्षा से जोड़ने में मदद मिलेगी। यही नहीं डिजिलॉकर की मदद से सभी क्रेडेंशियल प्रमाणित करने योग्य दशा में होंगे।

### लाखों बच्चों को मिलेगा योजना का लाभ

जिले में इस समय कुल परिषदीय स्कूलों की संख्या 2625 है। इनमें 1781 प्राथमिक, 475 पूर्व माध्यमिक तथा 369 कंपोजिट विद्यालय हैं। इनमें कुल 4 लाख 10 हजार बच्चे अध्ययनरत हैं। इसी तरह माध्यमिक शिक्षा विभाग में राजकीय व अशासकीय मिलाकर 78, वित्तविहीन 247, सीबीएसई बोर्ड के 25 व आईसीएसई बोर्ड के स्कूल संचालित हैं। बेसिक व माध्यमिक स्कूलों को मिलाकर लाखों बच्चों को इस योजना का लाभ हासिल होगा।

### सभी स्कूलों को दिशा-निर्देश जारी

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव ने बताया कि अपार आईडी बच्चों के लिए लाभकारी साबित होगी। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से अपार आईडी बनाए जाने के बारे में स्कूलों तक निर्देश पहुंचाया जा चुका है। कोई प्राइवेट विद्यालय अगर इस काम में कोताही बरतेगा तो उसकी मान्यता पर विचार जरूरी हो जाएगा।



मूर्ति विसर्जन के बाद कल्याणी नदी का नजारा। अमृत विचार

### प्रतिमा विसर्जन के बाद बदहाल हुई कल्याणी नदी

**दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार :** मूर्ति विसर्जन के बाद दरियाबाद भिटरिया मार्ग पर पड़ने वाली कल्याणी नदी की हालत दयनीय हो गई है। कल्याणी नदी के बुढ़वा बाबा मंदिर घाट पर विजय दशमी के बाद दरियाबाद क्षेत्र की दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया था। वहीं विजय दशमी के अगले दिन बनीकोडर क्षेत्र की प्रतिमाएं विसर्जित हुई थीं। जिससे कल्याणी के घाट पर गंदगी और प्रतिमाओं के बचे अवशेष सभी सरकारी प्रयासों को मुंह चिढ़ा रहे हैं। प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद कल्याणी की स्थिति बदहाल हो गई है। कहीं लकड़ी के टुकड़े, बांस की बल्लियां, मिट्टी के टूटे हुए बर्तन, पानी में भीगे रंगबिरंगे कागज, प्लास्टिक की थैलियां और मां की प्रतिमाओं पर चढ़ाई गई लाल चुनरिया समेत अन्य चीजें कल्याणी नदी में पड़ी हुई हैं। जिससे कल्याणी नदी की स्थित दयनीय है। लेकिन फिर भी इस तरफ कोई सामाजिक संगठन और प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक एक की मौत, दूसरा गंभीर

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** देव दर्शन करने जा रहे युवकों की बाइक में तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में गभीर रूप से घायल युवकों में एक की मौत हो गई। घर का कमाऊ पूत चले जाने के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। दूसरे घायल का इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बड़नपुर निवासी 32 वर्षीय बुधराम प्रजापति पुत्र रामलखन अपने मित्र उत्तम कुमार के साथ मंगलवार की सुबह बाइक से गोंडा जिला थाना करनैलगंज स्थित बाबा बटौरा देव स्थान दर्शन करने के लिए जा रहे थे। वह गोंडा बहराइच हाईवे स्थित एक ढाबा के निकट पहुंचे ही थे, उसी समय तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंचे परिजन एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर लेकर गए। जहां पर चिकित्सकों ने बुधराम की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं उत्तम का उपचार किया गया। जिला अस्पताल में बुधराम की हालत में सुधार न होने पर परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। परिजन उसके शव को गांव वापस ले आए और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे महादेवा चौकी इंचार्ज संतोष कुमार त्रिपाठी ने लिखा पढ़ी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मेडिकल स्टोर चलाने वाले मृत युवक की छह वर्ष पूर्व शादी हुई थी। दो वर्षीय पुत्र अरुण के सिर से पिता का साया उठ गया। मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

**रेल पटरी पर मिले शव की हुई पहचान: रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार:** बुढ़वल रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर मिले अज्ञात शव की पहचान हो गई है। मृतक गोंडा जिले का रहने वाला है। पटरी पार करते वक्त ट्रेन की चपेट में आने की आशंका जताई जा रही। जानकारी के अनुसार बुढ़वल जीआरपी थाना अंतर्गत रेलवे स्टेशन से बाराबंकी की ओर कुछ दूरी पर एक क्षत विक्षत शव पड़ा देखा गया। इसकी पहचान की कोशिश की गई लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर पीएम हाउस पहुंचे परिजनों ने मृतक की पहचान पवन कुमार निवासी पूरे छिदई मजरे पहाड़ापुर थाना कटरा बाजार गोण्डा के रूप में की।

### पत्नी से विवाद के बाद फांसी के फंदे से लटका युवक

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** मामूली विवाद के बाद पति घर के सामने बने बंगले में फांसी के फंदे से लटक गया। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार सतरिख थाना क्षेत्र के बरकतनगर करीमाबाद गांव निवासी जसवंत कुमार (29) पुत्र रामनाथ की पत्नी ने एक माह पूर्व ऑपरेशन के बाद नवजात शिशु को जन्म दिया था। सोमवार को पति-पत्नी में दवाई लाने को लेकर विवाद हो गया था। जिसके बाद पत्नी अकेले ही दवाई लेने के लिए सदरपुर चौराहा पर बने एक निजी चिकित्सक के पास चली गई। विवाद के बाद गुस्से से भरा जसवंत घर के सामने बने छप्परनुमा बंगले में पहुंचा और वहां छप्पर के बांस के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दवाई लेकर लौटी पत्नी पति को खोजने लगी, तब घर के सामने शव फांसी के फंदे से लटकते देखा। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई ट्रैक्टर चोरी की रिपोर्ट

**निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार:** कुर्सी थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर ट्रैक्टर चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। करीब ढाई माह पहले कुर्सी की इटौंजा रोड पर खड़ा ट्रैक्टर चोरी हो गया था। पीड़ित ने स्थानीय थाने में चोरी की तहरीर दी लेकिन कार्रवाई न होने पर उसे कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। थाना कोठी के ग्राम हुसैनपुर निवासी राहुल वर्मा पुत्र अमर सिंह ने सीजेएम कोर्ट में लिखित रूप में निवेदन किया कि 30 जुलाई को वह अपने निजी कार्य के लिए ट्रैक्टर लेकर लखनऊ के इटौंजा गया था। इटौंजा से वापस अपने गांव लौटते समय रास्ते में ट्रैक्टर खड़ा कर कुर्सी कस्बे की साप्ताहिक बाजार से घर के लिए सामान खरीदने लगा। सामान खरीदने के बाद जब वह वापस मौके पर पहुंचा तो ट्रैक्टर न देख उसने आस पास तलाश शुरू की लेकिन कोई पता नहीं लग सका। उसने तत्काल घटना की सूचना कुर्सी पुलिस को दी। उसका कहना है कि पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। कुर्सी थानाध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर ट्रैक्टर चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# प्रभु श्रीराम हम सभी के आदर्श

रामनगर, बाराबंकी



महोत्सव का उद्घाटन करते ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रभु श्रीराम हम सभी के लिए आदर्श हैं। समाज को प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। यह बातें रामनगर ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने ग्राम पंचायत अशोकपुर चाचूसरांय में आयोजित पांच दिवसीय रामलीला महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद कहीं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम हमेशा सत्य के रास्ते पर चले और मर्यादा का पालन कर मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए।

इससे पहले द्वीप प्रज्ज्वलित कर उन्होंने महोत्सव का उद्घाटन किया और रामलीला कमेटी को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मेला कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद इरफान ने बताया कि रावण जन्म, दशरथ प्रतीक्षा, सरस्वती आराधना और मंगलवार को राज्याभिषेक की तैयारी, मंथरा केकई संवाद, केवट संवाद, बुधवार को पंचवटी, सूपनखा नाशिका भंग, बृहस्पतिवार को रावण वध, शुक्रवार को राजगद्दी और राज्य अभिषेक के साथ मेला का समापन किया जाएगा।

इस मौके पर बीडीसी संग्राम सिंह, समिति के प्रबंधक राय सिंह वर्मा, प्रधान राजकुमार, राजेंद्र, सतीश, डॉ. सुरेश चंद्र, नीरज आदि मौजूद रहे।



अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

### पूर्ण परियोजनाओं को करें हैंडओवर: जिलाधिकारी

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को लोक सभागार में निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान 50 लाख से अधिक लागत से लोक निर्माण विभाग व ग्रामीण अभियन्त्रण, सांसद निधि योजनान्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। उन्होंने पूर्ण परियोजनाओं को सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर करने के निर्देश दिये साथ ही निर्माणाधीन परियोजनाओं को तत्काल पूर्ण करने को निर्देशित किया। केजीबीवी में निर्मित हॉस्टल एवं एकेडमिक ब्लॉक को हैण्डओवर के लिए नामित समिति से सत्यापन कराने के उपरान्त सम्बन्धित विभाग को तत्काल हैंडओवर के निर्देश दिये। उन्होंने सत्यापन के लिए नामित अधिकारियों से कहा कि सभी परियोजनाओं का सत्यापन प्रत्येक माह करते रहें तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिशासी अभियन्ता विद्युत को भी पूर्ण परियोजनाओं के बाद तत्काल विद्युत कनेक्शन कराने को निर्देशित किया। बैठक में सीडीओ, डीडीओ, डीएसटीओ, डीआईओएस और बीएसए सहित निर्माण इकाइयों के अधिकारी मौजूद रहे।

# फर्जी राशनकार्ड से ले रहे खाद्यान्न, जांच के आदेश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** राशनकार्ड मुखिया की मौत के बाद परिवार के लोग कार्ड को आपूर्ति कार्यालय में जमा कर दिया था। उसके बाद से कार्ड में किसी अज्ञात यूनिट को विभाग के द्वारा जोड़ दिया गया। और वह अज्ञात करीब एक वर्ष से सात यूनिट का खाद्यान्न पोर्टेबिलिटी के माध्यम से मुफ्त में उठा रहा है। मामले में डीएम ने जांच के आदेश दिए हैं।

हरख ब्लॉक के सोहिलपुर ग्राम पंचायत की राशन कार्ड मुखिया ननकी देवी का गांव में ही पात्र गृहस्ती कार्ड बना हुआ था। कार्ड में सात यूनिट दर्ज़ थे। राशन कार्ड मुखिया की करीब एक वर्ष पूर्व मौत होने के बाद परिवार के लोग कार्ड को आपूर्ति कार्यालय नवाबगंज में जमा कर दिया था।

आपूर्ति विभाग की साठ-गांठ के चलते इसी राशन कार्ड में लखनऊ के नितिन रस्तोगी के नाम से यूनिट बढ़ा दिया गया और वह करीब एक वर्ष से 7 यूनिट का करीब 30 किलो खाद्यान्न हर महीने पोर्टेबिलिटी के माध्यम से मुफ्त में उठा रहा है। राशन कार्ड मुखिया ननकी देवी की बहू चंद्रावती राशन कार्ड बनवाने के लिए जन सेवा केंद्र पर पहुंची थी। तो उसे इसकी जानकारी हुई और जिलाधिकारी से शिकायत की। जिलाधिकारी ने जांच के आदेश दिए हैं। जिलापूर्ति अधिकारी राकेश तिवारी ने बताया कि आपूर्ति निरीक्षक को जांच दी गई है। संबंधित के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# आवास की पात्र सूची से नाम हटाने का आरोप

**बनीकोडर, अमृत विचार:** मझगवां माजरे धारूपुर निवासी सावित्री देवी व राधा ने डीएम को लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि पूर्व वर्ष में उनका मकान जो कच्चा था बारिश के चलते गिर गया था। जिस पर लेखपाल व राजस्व निरीक्षक की रिपोर्ट पर आर्थिक सहायता चार हजार रुपये मिली थी। इसके बाद उनका नाम मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में शामिल हुआ था। लेकिन पंचायत के प्रधान ने ब्लॉक अधिकारियों से मिलीभगत कर उनका नाम सूची से हटवा दिया। उन्होंने बताया कि प्रधान द्वारा पात्र लोगों का नाम हटाते हुए पक्के मकान वाले अपात्र लोगों को मुख्यमंत्री आवास का लाभ दिया गया है। हालांकि ग्राम प्रधान धारूपुर प्रयाग नारायण से इस मामले को लेकर बात की गई तो उन्होंने बताया कि एक लोग पात्र हैं। बाकी दूसरे की जानकारी नही हैं। मैं अभी बाहर हूं। पात्र लोगों को योजना का लाभ दिलवाया जाएगा। वहीं जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ता को जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# खेतों में पराली जलाने से नष्ट होते हैं मित्र कीट

सूरतगंज, बाराबंकी



बैठक में बीडीसी, ग्राम प्रधान और किसानों को जानकारी देते उपकृषि निदेशक।

**अमृत विचार:** धान की कटाई के बाद अवशेष (पराली) न जलाए जाने को लेकर मंगलवार दोपहर ब्लॉक सभागार कक्ष में उपकृषि निदेशक की उपस्थिति में बैठक हुई। जिसमें मौजूद लोगों से खेतों में पराली न जलाए जाने का आह्वान किया गया। क्रार्यक्रम में क्षेत्र पंचायत सदस्य, प्रधान और किसान मौजूद रहे।

उपकृषि निदेशक श्रवण कुमार ने बताया कि धान की कटाई के बाद खेत में पराली (अवशेष) को जलाने से जहां पर्यावरण प्रदूषित होता है, तो वहीं इससे किसानों का काफी नुकसान हो रहा है। इसलिए किसानों से अपील है कि खेतों में पराली कदापि न जलाएं, क्योंकि इसके जलाने से मिट्टी में मौजूद मित्र-कीट नष्ट हो जाते हैं। भूमि की ऊपरी सतह पर उपलब्ध उर्वरा शक्ति भी क्षीण हो जाती है और अगली फसल में किसानों को ज्यादा खाद और सिंचाई करनी पड़ती है। उससे फसल की लागत बढ़ जाती है। पराली खेतों पर जलाने की बजाय मिट्टी के अंदर ही दबा दें, ये सभी के लिए हितकर भी होगी।

बीडीओ देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यदि पराली मिट्टी में ही सड़ा दी जाए, तो वह लाभकारी होगी। क्योंकि सड़ने के उपरांत यह कार्बनिक खाद का कार्य भी करती है। ये जमीन की उर्वरा-शक्ति बढ़ाने में लाभकारी होती है। इसलिए सभी शपथ लेकर जाएं कि वह गांवों के अन्य किसानों को पराली न जलाने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से वातावरण को काफी नुकसान पहुंचता है। उन्होंने सभी किसानों से खेतों में पराली न जलाने की अपील की। इस मौके पर एडीओ पंचायत राजेंद्र प्रसाद, एडीओ कृषि सिद्धार्थ मिश्रा, एडीओ आईएसबी मनीष कुमार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पति आशीष सिंह, डीडीसी उमेश चौहान, आनंद सिंह, सुरेंद्र, करुणाशंकर, उधम सिंह और अरविंद आदि मौजूद रहे।

### लोगों तक पहुंचाएं योजनाओं की जानकारी

**सूरतगंज, अमृत विचार :** सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएं जाने को लेकर मंगलवार की दोपहर एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें कई योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। ब्लॉक सभागार कक्ष पर आयोजित हुई बैठक में खण्ड विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को से सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे विश्वकर्मा श्रम सम्मान, आयुष्मान कार्ड, दस्तक और संचारी अभियान में साफ-सफाई व पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सहित अनेकों योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाए जाने का अनुरोध किया। इस मौके पर ब्लॉक के समस्त कर्मचारी रहे।

## पराली प्रबंधन को लेकर की बैठक

**रामनगर, अमृत विचार:** उपनिदेशक कृषि श्रवण कुमार ने ब्लॉक सभागार में प्रधानों एवं बीडीसी समेत अन्य लोगों के साथ बैठक कर पराली प्रबंधन को लेकर सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि खेतों में पराली जलाने से उत्पादन प्रभावित होता है। खेतों के जीवाण नष्ट हो जाते हैं। इसके अलावा महीन कण स्वांस तंत्र के माध्यम से अन्दर प्रवेश करते हैं। जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। एडीओ कृषि डॉ. दलबीर सिंह ने कहा कि सैटेलाइट के माध्यम से सूचनाएं एकत्रित होती हैं। जिससे जुर्माने की कार्रवाई हो रही। बीडीओ जितेंद्र कुमार ने सभी ग्राम प्रधानों से सहयोग की अपील की।

## सार-संक्षेप

### श्रीराम और केवट संवाद से मोहा मन



केवट संवाद का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** तहसील अंतर्गत मऊगोरपुर के हनुमानजी महराज मंदिर परिसर में आयोजित की जा रही एतिहासिक रामलीला में श्रीराम व केवट संवाद का कलाकारों द्वारा मंचन किया गया। पिता की आज्ञा पाकर श्रीराम वन गमन के लिए निकल पड़ते है उनके साथ उनकी पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण भी चल पड़ते है, जब श्रीराम गंगा नदी के पास पहुंचते है तो वहां केवट से मुलाकात हुई। श्री राम ने केवट से नाव मांगी। लेकिन केवट ने शर्त रखी कि नाव में चढ़ने से पहले वह श्रीराम के चरण धोने के बाद ही गंगा पार करेगा। जिसके बाद प्रभु श्रीराम ने केवट की शर्त मान ली। पैर धोते समय जब दूसरा पैर मिट्टी में लिपट जाता तो केवट ने श्रीराम का हाथ अपने सिर पर रखने के लिए होशियारी दिखाई और कहा कि एक पैर पर खड़े होने से कष्ट हो रहा होगा इस लिए अपना हाथ हमारे सिर पर रख दीजिये। केवट की ये बात सुनकर भगवान राम ने मुस्कुराते हुए केवट की होशियारी पर केवट के सिर पर हाथ रखा। प्रभु के चरणों के अमृत का पान केवट और उसके परिजनों ने किया और श्री राम को गंगा पार ले गया। इस दौरान दिलीप वर्मा, नक्का बाबा आदि मौजूद रहे।

### बर्बाद हो रही शीशम की लकड़ी



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** वन विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते लाखों के राजस्व को चूना लगता नजर आ रहा है। वन विभाग के कार्यालय परिसर में पड़ी बेशकीमती लकड़ी खराब हो रही है लेकिन न उसकी नीलामी की जा रही और न ही उसे सुरक्षित किया जा रहा है। तहसील रामसनेहीघाट मुख्यालय स्थित वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय परिसर में शीशम सहित तमाम प्रकार की लकड़ी वर्षों से पडी.है। धूप, छांव, बरसात के मौसम में खुले में पड़ी लकड़ी खराब हो रही है। जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। मंगलवार को जब इस मामले की जानकारी करने के लिए वनक्षेत्राधिकारी कार्यालय में सम्पर्क किया गया तो वनक्षेत्राधिकारी विशाल कुमार गुप्ता के ऑफिस का दरवाजा और सीयूजी मोबाइल नम्बर बंद था। यहां पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि साहब बाहर गए हुए हैं। ऐसे में खराब हो रही लकड़ी की नीलामी क्यों नही की जा रही है यह जानकारी नहीं मिल पाई। वहीं डीएफओ बाराबंकी आकाशदीप बधावन का कहना है कि कोर्ट केस का निस्तारण न होने के चलते अक्सर लकड़ियों का निस्तारण नहीं किया जा सकता। इसके अलावा जो लकड़ियां पकड़ी जाती हैं, उसके निस्तारण के लिये वन निगम को हैंडओवर कर दिया जाता है। वन निगम लकड़ियों की ई-ऑक्शनिंग कराता है।

# बालाजी क्रिकेट अकादमी ने 12 रनों से जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



मिहिर सिंह को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बाराबंकी डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन के तत्वाधान में लॉर्ड्स बालाजी क्रिकेट ग्राउंड पर बालाजी जी कप अंडर 12 का मंगलवार को भव्य उद्घाटन हुआ। टूर्नामेंट का पहला मैच ध्रुव क्रिकेट अकादमी एवं बालाजी क्रिकेट अकादमी के बीच में खेला गया। बालाजी क्रिकेट अकादमी ने पहले टॉस जीत कर बल्लेबाज़ी करने का फैसला किया। बालाजी क्रिकेट अकादमी की तरफ से कप्तान अयान खान ने 54 गेंदों पर 54 रन, अंश रावत ने 51 गेंदों पर 13 बनाकर 30 ओवर की समाप्ति पर 124 रनों का स्कोर धुर्व क्रिकेट अकादमी को दिया। ध्रुव क्रिकेट अकादमी की तरफ से सर्वाधिक कप्तान हर्षवर्धन यादव ने 3 विकेट, किशन यादव ने 3 विकेट लिए। जवाब में उतरी ध्रुव क्रिकेट अकादमी की तरफ से सक्षम ने 23, स्वस्तिक ने नाबाद 21 रन बनाए और पूरी टीम 30 ओवर में 111 रन ही बना सकी। बालाजी क्रिकेट अकादमी ने 12 रनों से मैच जीत लिया। बालाजी क्रिकेट अकादमी की तरफ से सर्वाधिक 3 विकेट मिहिर सिंह, अंश रावत एवं रचित गुप्ता ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। बालाजी कप के पहले दिन के मुख्य अतिथि विनय प्रताप सिंह एवं हरीश अग्निहोत्री ने मिहिर को मैन ऑफ द मैच से नवाजा। इस अवसर पर बाराबंकी डिस्ट्रिक्ट एसो. के अध्यक्ष अख्तर अजीज खान, सचिव डा. जावेद, उपाध्यक्ष योगेंद्र पाल सिंह, गौरव तिवारी, मुकेश यादव, इरफान खान और जीशान खान आदि रहे।

# गुंडा टैक्स के लिए पिटाई का लगाया गया आरोप

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** कस्बे में एक ई रिक्शा चालक की भरे बाजार दबंगों ने गुंडा टैक्स न देने पर जमकर पिटाई कर दी और दबंग उसे बराबर लात घूसों से बेरहमी से पीटते रहे। जिस पर पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस शिकायत को फर्जी बता रही है।

मामला कस्बा फतेहपुर स्थित बस अड्डे का है। जहां पर पीड़ित मोहित कुमार निवासी इसरौली ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने ई रिक्शा वाहन से परिवार का भरण पोषण करता है। दोपहर में बस अड्डे से कस्बे में उतरने वाली सवारी को बैठा रहा था। तभी अचानक मुन्ना निवासी फतेहपुर ने पहले सवारियों को बिठाने से मना किया। जिसका पीड़ित ने विरोध किया। तो उग्र होकर मुन्ना और उसके साथियों ने उसकी लात घूसों से बेतहाशा पिटाई करते हुए जमीन पर पटक दिया। जिससे युवक काफी चोटिल हो गया। वहीं मौके पर मौजूद जितेंद्र कुमार और संदीप कुमार ने पीड़ित के परिजनों को सूचना देकर अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उसका इलाज शुरू हुआ। इस संबंध में इंस्पेक्टर डीके सिंह ने बताया कि जांच में ई रिक्शा पलटने की बात निकलकर आयी है। मारपीट की बात फर्जी है।

## एक नजर

### डॉ. कलाम के विचारों ने लाखों को किया प्रोत्साहित

**बाराबंकी, अमृत विचार :** डॉ. कलाम का जीवन केवल वैज्ञानिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं था, वे एक शिक्षाविद, लेखक और युवाओं के प्रेरणास्रोत भी थे। उनके विचारों ने लाखों लोगों को प्रोत्साहित किया। यह बातें समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने छाया चौराहा स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मंगलवार को मिसाइल मैन पूर्व राष्ट्रपति महान वैज्ञानिक डॉ ए.पी.जे अब्दुल कलाम की जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी में कहीं।

### निजी अस्पताल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** निजी अस्पताल कर्मी की बाइक अस्पताल गेट के बाहर से चोरी हो गई। सीसीटीवी कैमरे से मिली फुटेज के आधार पर चोरी की नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। धर्मपाल पुत्र जियालाल निवासी ग्राम वजीउद्दीनपुर थाना जैदपुर ने पुलिस को बताया कि वह बड़ेल स्थित निजी हास्पिटल में काम करता है। उसने बड़े भाई की बाइक अस्पताल के बाहर खड़ी की थी। जो वहां पर नहीं मिली। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी गई तो 9 अक्टूबर को अनूप निवासी ग्राम जगनेहटा कोठीडीह बाइक ले जाते दिखा।

### किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**दरियाबाद, अमृत विचार :** मंगलवार को भारतीय किसान संगठन परशुराम अवस्थी गुट के जिलाध्यक्ष संतोष तिवारी ने किसानों की चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन खंड विकास अधिकारी दरियाबाद को सौंपा। मांग पत्र में मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने, ग्राम पंचायत की साफ सफाई समेत कई मुद्दे उठाये गये हैं। इस मौके पर वीर विक्रम सिंह, राम केतार रावत, मायाराम गौतम, दौलत राम, शोभाराम, आशुतोष यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दंगल में जुटेंगे नामी-गिरामी पहलवान

## देवा मेला में महिला पहलवान भी करेंगी जोर-आजमाइश, 18 से 27 अक्टूबर तक रहेगा रूट डायवर्जन

देवा, बाराबंकी

**अमृत विचारः** देवा मेला के दौरान होने वाली तीन दिवसीय दंगल प्रतियोगिता में इस बार देश-विदेश के नामी गिरामी पहलवानों का जमघट लगेगा। जिसमें महिला पहलवान भी अपने-अपने दांव पेच दिखाएंगी। दंगल आयोजन समिति के द्वारा इस बार आने वाले पहलवानों के नाम की घोषणा कर दी गई है।

आगामी 18 अक्टूबर से शुरू होने वाले देवा मेला के दौरान 23 से 25 अक्टूबर तक दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। देवा मेला प्रदर्शनी समिति के सदस्य व दंगल प्रतियोगिता के सचिव चौधरी मो. अशीरउद्दीन अशरफ 'अश्शू' ने बताया कि साबिर पहलवान त्रिलोकपुर के संचालन में दंगल का आयोजन होगा। जिसमें इस बार जोगिंदर पहलवान राजस्थान, अशोक पहलवान दिल्ली, अरविन्द पहलवान बनारस, आशीष पहलवान मेरठ, हरी पहलवान हरियाणा, रोहित पहलवान हिमाचल प्रदेश, हिमांशु पहलवान गाजियाबाद, शौकत पहलवान जम्मू कश्मीर, अकबर पहलवान बुलंदशहर, बाबा केशवदास अयोध्या, सूरज पहलवान चित्रकूट, भगत पहलवान उत्तराखंड, कुलदीप पहलवान मध्यप्रदेश, शेरे पंजाब पहलवान पंजाब, जल्लाद पहलवान कुरुक्षेत्र और लकी थापा पहलवान नेपाल अपनी टीम के साथ आ रहे हैं। इसके अलावा महिला पहलवान पूनम हरियाणा और अंशू पहलवान मेरठ के


दंगल के लिए तैयार होता अखाड़ा।

अलावा अन्य महिला पहलवान भी आ रही हैं। मेला परिसर में अखाड़ा तैयार किया जा रहा है।

**18 से 27 की मध्य रात्रि तक होगा रूट डायवर्जनः** दो दिन बाद शुरू हो रहे देवा मेला को लेकर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने 18 अक्तूबर की दोहपर से 27 अक्तूबर की मध्य रात्रि तक यातायात व्यवस्था में फेरबदल किया है।

इस बीच कोई वाहन मेले के अंदर से होकर नहीं गुजर सकेंगे। पुलिस प्रशासन के अनुसार देवा के मामा नहर पुलिया से वीआईपी रोड होकर मजार शरीफ एवं पंडाल में जाने के उपरान्त पशु चिकित्सालय से कुसुम्भा रोड नहर पुलिया क्रास करके लखनऊ जाने वाले वाहन मामा नहर पुलिया व माती रोड होते हुये वापस जाएंगे।

इसी प्रकार बाराबंकी जाने वाले वाहन उपरोक्त पुलिया क्रास कर मलूकपुर होते हुये वापस जा सकेंगे। बाराबंकी से फतेहपुर जाने वाले बड़े वाहन जहांगीराबाद चौराहे से दाहिने मुड़कर सूतमिल के सामने से होकर जहांगीराबाद तथा जहांगीराबाद से टेरा सद्दीपुर, सिहाली चौराहा होते हुये फतेहपुर जाएंगे और इसी रास्ते से वापस भी आएंगे।

कुर्सी से बाराबंकी जाने वाले हल्के वाहन खेवली से ग्वारी होते हुये बाराबंकी आयेंगे। जबकि कुर्सी से बाराबंकी जाने वाले भारी वाहन किसान पथ होते हुए बाराबंकी आएंगे। फतेहपुर से लखनऊ जाने वाले वाहन फतेहपुर रेलवे क्रॉसिंग से पहले कुर्सी मार्ग पर पहुंचकर कुर्सी होते हुये लखनऊ जायेगें या फतेहपुर से रामनगर बाराबंकी होते हुये लखनऊ जा सकेंगे।

इसी तरह लखनऊ से फतेहपुर जाने वाले वाहन कुर्सी होते हुये फतेहपुर जाएंगे या लखनऊ से बाराबंकी रामनगर होते हुए फतेहपुर पहुंचेंगे। मेला क्षेत्र में सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतया वर्जित रहेगा। सभी प्रकार के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल तक निर्धारित मार्ग से ही जाएंगे। वहीं विशेष एवं आकस्मिक सेवाओं वाले वाहन जैसे दुग्ध वाहन, एंबुलेंस आदि कुर्सी रोड तिराहा होते हुये लखनऊ की तरफ और कुर्सी रोड नहर पुलिया से बायें मुड़कर नहर की पटरी पर होते हुये मामापुर नहर पुलिया से बाराबंकी की और जाएंगे। इसी प्रकार नहर की बायी पटरी मार्ग से वापस फतेहपुर की तरफ जायेंगे।

## मंच पर दिखेगी डिजिटल, सूफी कलाकृतियों की छाप

**तैयारी**

**ऑर्किटेक्ट प्रदीप ब्याहुत व सीपू जायसवाल तैयार कर रहे सांस्कृतिक मंच**

दीपराज सिंह, देवा, बाराबंकी

**अमृत विचारः** देवा महोत्सव के ऑडिटोरियम में अबकी बार आधुनिक युग की छाप के साथ ही सूफी कलाकृतियों की झलक भी दिखाई देगी। जिसे लेकर आर्किटेक्ट प्रदीप ब्याहुत और सीपू जायसवाल मंच को सजाने में दिन रात एक किए हुए हैं। जल्द ही मंच नामचीन कलाकारों की मेजबानी करने के लिए तैयार हो जाएगा। दर्शकों के लिए यह सांस्कृतिक मंच एक अलग छठा बिखेरेगा।

जो रब है वही राम का संदेश देकर दुनिया को कौमी एकता का पैगाम देने वाले महान सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के वालिद सैय्यद कुर्बान अली शाह की याद में लगने वाला देवा मेले


मंच को तैयार करते प्रदीप ब्याहुत और सीपू जायसवाल। अमृत विचार

का सांस्कृतिक मंच अपने आप में बड़ी अहमियत रखता है। यहां कुरान शरीफ की आयतों के साथ ही वेद मंत्रों की आवाज भी गूंजती है। सीरतुन्नबी के साथ ही मानस सम्मेलन, कवि सम्मेलन और मुशायरा आदि कार्यक्रम मेले में आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं।

देवा मेला के इस मंच पर गुलाम अली, जगजीत सिंह, मनोज तिवारी, सपना अवस्थी, हंसराज हंस, राजू श्रीवास्तव और दलेर मेहंदी सहित कई विख्यात शख्सियत अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। आर्टिस्ट प्रदीप ब्याहुत बताते हैं कि कॉरीडोर में पारिजात और अन्य सूफी शैली के चित्रों को बनाया जाएगा और फ्रेम में परम्परागत चित्रकारी के साथ ही वारिस पाक के संदेशों की छाप बनाई जाएगी। जिससे लोगों को कौमी एकता का संदेश मिलेगा। इस बार यह मंच अलग तरह की छठा बिखेरेगा। एडीएम डॉ अरुण कुमार सिंह का कहना कि इस बार देवा महोत्सव में एक अलग तरह का मंच दर्शकों को देखने को मिलेगा। साथ ही कलाकारों की प्रस्तुतियां भी एकदम अलग होंगी। देवा महोत्सव को शानदार बनाने के लिये हर संभव कोशिशें की जा रही हैं।

# शौचालय निर्माण शुरू कराओ, रात में यहीं रहूंगा


निरीक्षण के बाद बैठक करते एडीएम डॉ. अरुण कुमार सिंह। अमृत विचार

देवा, बाराबंकी

**अमृत विचारः** देवा मेला प्रदर्शनी समिति के सचिव अपर जिलाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह ने मंगलवार की शाम देवा मेला पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। मेला परिसर में अस्थाई शौचालय न बनने पर एडीओ पंचायत को जमकर फटकार लगाई।

शुक्रवार से शुरू हो रहे देवा मेला की तैयारियां इन दिनों काफी जोर शोर से चल रही हैं। मंगलवार को जिसका जायजा लेने अपर जिलाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह मेला परिसर पहुंचे और मेला परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान परिसर में अस्थाई शौचालय न बनाए जाने पर एडीओ पंचायत देवा विजय सैनी से कारण पूछा तो वह गोल मोल ज़बाब देते नजर आए। जिस पर अपर जिलाधिकारी का पारा चढ़ गया और एडीओ पंचायत को जमकर फटकार लगाई तथा रात में ही शौचालय निर्माण शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शौचालय निर्माण शुरू करवाओ मैं रात में यही रुकूंगा। रात में फॉगिंग करने के आदेश सफाई नायक देवा को दिया और तुरंत मोबाइल टॉयलेट मेला परिसर में लाने के निर्देश दिए। मेला सचिव ने ऑडिटोरियम सहित समूचे मेला परिसर का निरीक्षण किया। इस मौके पर मेला सुपरवाइजर इत्तिदार अहमद शक्कू, मेला जिलेदार शमीम अहमद, सुधीर झा और शिवा पांडेय सहित कई लोग मौजूद रहे।

### नगरपालिका परिषद में महालक्ष्मी की पूजा-अर्चना आज

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर के नगर पालिका परिषद में यूथ एसोसिएशन परिवार द्वारा आयोजित शारदीय नवदुर्गा पूजा महोत्सव के आयोजन के क्रम में विसर्जन के पश्चात मां महालक्ष्मी देवी के पुनः आवाह्न एवं पूजन के लिए आयोजित महालक्ष्मी पूजा का आयोजन 16 अक्तूबर की शाम 7:30 बजे राजेश गुप्ता के आवास पर होगा। यह जानकारी एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी दिलीप श्रीवास्तव ने दी।

# बहराइच के हालात से पुलिस सतर्क

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** पड़ोसी जिले बहराइच में उपजे हालात के बाद बाराबंकी में सतर्कता बढ़ा दी गई है। खासकर टिकैतनगर के इचौली में माहौल खराब करने के प्रयास के बाद पुलिस की पैनी नजर अब हर हरकत पर है। सोमवार की रात एसपी ने बहराइच सीमा तक भ्रमण कर हालात का जायजा लिया।

जिला मुख्यालय से 35 किमी की दूरी से जिले की सीमा शुरू होती है। गणेशपुर कस्बा पार करते ही एक रास्ता करनैलगंज होते हुए गोण्डा तो दूसरा रास्ता जरवल होते हुए बहराइच के लिए निकलता है। दोनों जिले बाराबंकी की सीमा को छूते हैं। इस लिहाज से बाराबंकी भी संवदेनशील है। हालांकि शांति की दृष्टि से बाराबंकी अव्वल माना जाता है। सौहार्द भरे माहौल व शांति व्यवस्था को कायम रखने में न सिर्फ नागरिकों बल्कि पुलिस के प्रयासों ने हमेशा अहम भूमिका निभाई है। हालांकि इचौली में विसर्जन जुलूस के दौरान उपद्रवियों ने एक धार्मिक स्थल पर गुलाल फेंका। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तीन को गिरफ्तार कर लिया। जिससे शांति व्यवस्था कायम हो गई। हालात पर पैनी नजर रखते हुए पुलिसिंग को और प्रभावी कर दिया गया है। किसी भी अप्रिय गतिविधि पर नजर रखने व तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इस बारे में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस पहले से ही सतर्क रही, फिर भी अलर्ट रहने को कहा गया है।

# इलाज की आड़ में धर्म परिवर्तन का खेल

**चार गिरफ्तार**

कोठी, बाराबंकी

**अमृत विचारः** झाड़-फूंक व प्रार्थना सभा के जरिए कैंसर के इलाज की आड़ में धर्म परिवर्तन का मामला प्रकाश में आया है। धर्म परिवर्तन के खेल की पुष्टि मौके से बरामद बाइबिल की पुस्तकें भी कर रही हैं। वहीं सभा का वीडियो वायरल हो रहा है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नरोत्तामऊ घाट मजरे असौरी गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद के घर के बाहर सोमवार की दोपहर तिरपाल बिछाकर करीब तीन दर्जन


प्रार्थना सभा के दौरान की वायरल फोटो।

से अधिक महिलाएं, बच्चे व पुरुष बैठे देखे गए। लोगों के पूछने पर बताया कि यहां तीन लोग प्रार्थना सभा व झाड़-फूंक के जरिए कैंसर के इलाज की जानकारी दे रहे हैं। जबकि मौके का जायजा लेने गए ग्राम बबक्करपुर के जितेन्द्र बहादुर का कहना है कि यहां पर ईसाई धर्म से जुड़े लोग प्रभु यीशु का गुणगान


आरोपियों को ले जाती पुलिस।

करा रहे थे। गतिविधि संदिग्ध दिखने पर इसकी सूचना विश्व हिंदू महासंघ के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह ने कोठी पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे एसएसआई छुट्टू चौधरी, हेड कांस्टेबल बलिकरन व भानु प्रताप सिंह ने चार लोगों को पकड़ा। पता चला कि इस प्रार्थना सभा में सफदरगंज थाना क्षेत्र के पल्हरी गांव निवासी श्यामू, मैहर कश्यप, मेघरानी, नेपालगंज थाना जैदपुर निवासी बादल गौतम व कोठी थाना क्षेत्र के नरोत्तामऊ घाट निवासी राजेंद्र कुमार ईसा मसीह की महिमा का बखान व गुणगान करा रहे थे। पुलिस ने इनके पास से ईसाई धर्म से जुड़ी बाइबिल पुस्तक बरामद की है। यही बात प्रार्थना सभा में जुटी भीड़ ने भी बयां की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। मंगलवार सुबह शिक़ायत के बाद कोठी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर कोठी संतोष सिंह का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, एक मेघरानी नाम की महिला नहीं मिली है।

## सार-संक्षेप

### नुक्कड़ नाटक के जरिए किया जागरूक


नुक्कड़ नाटक के दौरान मौजूद एएसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** यूपी 112 मुख्यालय टीम ने दर्पण संस्थान के साथ जन जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। नगर क्षेत्र में बस स्टैंड व कलेक्ट्रेट के पास नुक्कड़ नाटक हुआ। नाटक के माध्यम से पुलिस की सेवाओं व शिकायतों के निवारण के लिए आपातकालीन नंबरों व हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा, प्रभारी निरीक्षक 112 अरुण प्रताप सिंह, अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### शोहदे ने दी तेजाब फेंकने की धमकी, डीएम-एसपी से गुहार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख थाना क्षेत्र में एक युवती को छेड़छाड़ का विरोध करने पर तेजाब डालने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने डीएम-एसपी से शिकायत कर युवक पर कार्रवाई की मांग की। युवती का कहना है कि वह बाराबंकी शहर में अफीम कोठी के पास एक निजी अस्पताल में काम करती है। टैक्सी से उतरने के बाद रास्ते में एक युवक उसे रोक कर परेशान करता है। कई बार छेड़छाड़ का विरोध किया तो उसने अभद्रता की। यही नहीं पुलिस से शिकायत करने पर तेजाब डालकर चेहरा खराब कर देने की धमकी दी है।

### फिर एक साथ रहने को राजी हुए पांच जोड़े

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** महिला थाना प्रभारी व महिला परामर्श केंद्र द्वारा काउंसलिंग के बाद पांच दंपतियों को साथ रहने के लिए राजी किया गया। पति-पत्नी के पारिवारिक विवाद संबंधी मामले में कुल सात प्रार्थनापत्रों में दोनों पक्ष के लोग उपस्थित हुए। दोनों पक्षों ने एकदूसरे को विश्वास दिलाया कि वह नवजीवन की नई शुरुआत करते हुए अपना जीवनयापन करेगें। 15 दिन बाद उन्हें लाया गया है।

### नेत्र शिविर में हुई 42 ग्रामीणों की जांच

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** द लेप्रोसी मिशन टीएलएम हॉस्पिटल के तत्वावधान में मंगलवार को पंचायत भवन बड़ागांव में आयोजित नेत्र शिविर में 42 ग्रामीणों की जांच डॉ. गरिमा सिदार व उनकी टीम द्वारा किया गया। उद्घाटन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने किया। इस मौके पर मुमताज अहमद, जाकिर हुसैन, सैय्यदा बानो, मतीन अंसारी, इशरत अली, वहीद अंसारी, पप्पू बीडीसी, सूरज यादव, मास्टर सुरजन यादव, मायाराम यादव, दिलशाद अहमद, मनबहार वर्मा, गुलाम हुसैन मौजूद रहे।

### पुलिस ने की एसिड बिक्री दुकानों की जांच

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** ऑपरेशन शील्ड के तहत समस्त थानों पर मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। सभी थानों की महिला बीट अधिकारी ने अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाई और महिलाओं, बालिकाओं को साइबर अपराध को लेकर जागरूक किया। वहीं घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध आदि के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस ने ऑपरेशन शील्ड के तहत एसिड की अवैध बिक्री की रोकथाम के लिए दुकानों पर चेकिंग की।

### जमीन का खसरा न देने का लगाया आरोप

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** बड़ेल में तैनात लेखपाल पर किसान ने जमीन का खसरा न देने का आरोप लगाया है। किसान ने डीएम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। बड़ेल के मजरे फतहाबाद निवासी अजय सिंह वर्मा का कहना है कि वृक्ष पातन के लिए उन्हें खसरे की जरूरत है। इसके लिए 20 दिन में तीन बार लेखपाल से मिले, फोन पर भी बात की। लेखपाल ने अपने मुंशी बब्लू से मिलने की बात कही। चार बार मुंशी से भी मिला लेकिन खसरा नहीं मिला।

### जमीन में दबे जेवर चुरा ले गए चोर

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** छत के रास्ते घर में घुसे चोरों ने जमीन में दबाकर रखे गए जेवर चोरी कर लिए। थाना लोनीकटरा के दुर्गागंज निवासी रामप्रसाद राजपूत का कहना है कि सोमवार रात छत के रास्ते चोर घर में दाखिल हुए और चांदी के करीब डेढ़ किलो वजन के जेवर खोदकर निकाल ले गये। पुलिस ने जांच-पड़ताल की।

### कहां हो तुम हनुमान तुम्हें श्रीराम बुलाते हैं

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** बाबा रामशरणदास भगवतदास कुटी हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ हुआ। मंदिर के पुजारी बाबा रामलाल दास ने श्रीराम स्तुति भजन संध्या की शुरुआत की। उन्होंने भजन गाया कहां हो तुम हनुमान, तुम्हें श्रीराम बुलाते हैं, कब से पुकारूं मेरे घर मां, अब तो पहाड़ों से उतर आओ मां, एक बार चली आओ, फिर आके चली जाना, तूने जो कमाया है दूसरा ही खायेगा, हे दुख भंजन मारुति नंदन, सुन लो मेरी पुकार पवन सुत विनती बारम्बार आदि कई भजन गाए। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। फिर हनुमानजी की आरती हुई।

# नहीं मिलीं चिकित्सक, मरीज रेफर

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचारः** संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण के बाद भी स्थिति में सुधार होता नहीं दिख रहा है। अस्पताल के डाक्टरों की आदत बन गई है, देर से आना और जल्दी चले जाना। अस्पताल में डाक्टर मौजूद न होने से मरीजों की लाइन डाक्टर कक्ष के बहार लग जाती है। मरीजों को इलाज के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। वहीं अस्पताल में महिला डाक्टर के मौजूद न रहने से सीएचसी से रेफर होकर आयी गर्भवती महिलाओं को तुरंत जिला अस्पताल रेफर किया जाता है। मंगलवार को भी कुछ ऐसा ही मामला देखने को मिला।


अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

जहां सरिता देवी पत्नी शिव दर्शन उम्र करीब 26 वर्ष निवासी लालपुर को सीएचसी से सौ बेड अस्पताल सिरौलीगौसपुर के लिए रेफर किया गया था। महिला डाक्टर के मौजूद न होने पर मरीज को भर्ती नहीं किया गया। अस्पताल स्टाफ ने गर्भवती महिला को भर्ती करके तुरंत जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अधीक्षक डा. नीरज वर्मा ने किसी तरीके से परिजनों को शांत करवाया और गर्भवती महिला को प्रसव के लिए जिला अस्पताल रेफर करवा दिया। वहीं अधीक्षक डा. नीरज वर्मा ने कहा कि मरीज की स्थिति गंभीर थी। जिसके चलते जिला अस्पताल रेफर किया गया। मरीज के परिजन पूरी बात समझाकर शांत हो गये थे।

# कार्यशाला में सदस्य बनाने पर जोर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह ने कहा कि 100 प्राथमिक सदस्य बनाने के बाद ही कार्यकर्ता भाजपा का सक्रिय सदस्य बन सकेगा। 100 में से न्यूनतम 50 सदस्य एक ही विधानसभा से बनाने जरूरी हैं। जिला प्रभारी मंगलवार को भाजपा कार्यालय पर आयोजित सक्रिय सदस्यता कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही नमो ऐप पर पार्टी को 100 रुपए का माइक्रो डोनेशन किए जाने की रसीद भी निर्धारित आवेदन फॉर्म के साथ संलग्न करनी होगी। सक्रिय सदस्य बनने के बाद ही उसे पार्टी


बैठक को संबोधित करते एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह। अमृत विचार

में कोई दायित्व मिलेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने तीन दिन के लिए अभियान को आगे बढ़ाया है। जिससे कि निर्धारित लक्ष्य के आंकड़े को पार किया जा सके। जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने अतिथियों का स्वागत किया एवं सदस्यता का आंकड़ा 2 लाख पार हो जाने पर कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। संचालन शील रत्न मिहिर ने किया। इस मौके पर पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, कोऑपरेटिव बैंक के सभापति गुरुशरण लोधी, संदीप गुप्ता, अमरीश रावत, राम कुमारी मौर्य, विजय आनंद बाजपेई, आरती रावत, ब्रजेश रावत, पवन सिंह रिंकू, रामेश्वरी त्रिवेदी आदि रहे।

# अयोध्या आने पर हुआ श्रीराम का राजतिलक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** शहर के घंटाघर पर रामलीला सेवा समिति द्वारा मंगलवार को देर रात्रि प्रभु श्री राम के राजतिलक एवं भजन संध्या का कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही। इस दौरान बीच-बीच में जय श्रीराम के उद्घोष से नगर गुंजायमान रहा।

प्रभु श्री राम के अयोध्या वापस आने पर आचार्य प्रमोद पाठक ने बतौर गुरु वशिष्ठ उनका राजतिलक संपन्न कराया। इस दौरान देवताओं ने प्रभु दरबार पर पुष्प वर्षा की, श्रद्धालु एवं समिति के कार्यकर्ताओं ने श्री राम दरबार में शीश नवा कर आशीर्वाद प्राप्त किया पंडित


राजतिलक के दौरान प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण। अमृत विचार

प्रमोद पाठक ने रामचरितमानस की सुमधुर चौपाइयों से पूरे वातावरण में राम रस घोल दिया।

रंगबिरंगी रोशनी से नहाया नगर का घंटाघर, जगमगाती झालरें और ठीक उसी इमारत के नीचे लगा श्री राम दरबार और स्वर्ण कांति वाले प्रभु श्री राम का राजा रूप और उनकी मंद मुस्कान मानो हर किसी के रोम-रोम में बस गया। राजतिलक होते ही जय श्री राम का जोरदार उद्घोष श्रद्धालुओं में भक्ति प्रवाह कर गया, अनिल अग्रवाल और मोहित अग्रवाल के सौजन्य से इस कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। जिसमें मेरी सहेली ग्रुप लखनऊ की प्रस्तुति ने जमकर सराहना बटोरी, प्रस्तुत झांकियों ने जहां हर किसी का मन मोहा वही भावनात्मक प्रस्तुतियों पर महिला श्रद्धालुओं की आंखे भी नम हो गई। मेरी सहेली ग्रुप द्वारा समां बांध दिया, ग्रुप द्वारा दी गई प्रस्तुतियों ने मानो प्रभु आगमन के दृश्य को जीवंत कर दिया, भजनों पर समिति के सदस्यगण भी भक्तिरस में खूब थिरके।

समिति के महामंत्री शिवकुमार वर्मा ने बताया कि प्रभु श्री राम के राजतिलक के साथ ही इस वर्ष की रामलीला का सफल समापन हो गया। इस मौके पर तमाम रामभक्त व समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रामलीला में शिव विवाह की लीला का किया मंचन

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचारः** लोधेश्वर महादेवा में सैकड़ो वर्षों की परंपरा का निर्वहन करते हुए नव युवक रामलीला समिति के सदस्यों के द्वारा रामलीला का आयोजन किया जाता है। इसमें सोमवार को शिव विवाह की लीलाओं का मंचन किया गया। मुख्य आकर्षण शिव बारात कमेटी के सदस्यों के द्वारा रामलीला मैदान नदी आश्रम से डीजे व आतिशबाजी की धुन पर नाचते गाते हुए भूत प्रेत, अंगिया और बेताल जैसे विलक्षण बराती रहे। बारात देवी देवताओं के साथ लोधेश्वर महादेवा रंग मंच तक पहुंचती है। विधि विधान से सैकड़ों बरातियों व शंकर का मंदिर गेट पर राजा हिमांचल द्वारा स्वागत किया गया। शुक्र शनिचर के अभिनय ने दर्शकों को हंसी से लोटपोट किया। शिव विवाह में चिरंजीव नाथ सिन्हा, भूपेंद्र विक्रम सिंह, सौरभ श्रीवास्तव, रत्नेश पांडेय, संतोष कुमार त्रिपाठी, ओमप्रकाश, गुरशरण, अजय कुमार तिवारी, जगदीश कुमार शुक्ला, पवन कुमार शर्मा, रुद्र प्रसाद त्रिपाठी, बृजेश शुक्ला, भोलानाथ सिंह, चंद्रेश द्विवेदी, अनुराग शुक्ला, इंद्रेश, पुष्पेंद्र, उपेंद्र द्विवेदी, जितेंद्र, विवेक, अनुभव तिवारी, विनोद यादव रहे।

मूर्खा यत्र न पूज्यते धान्यं यत्र सुसंचितम्।
दंपत्यो कलहं नास्ति तत्र श्रीः स्वयमागतः॥

जहां मूर्ख को सम्मान न मिलता हो, जहां अनाज अच्छे तरीके से रखा जाता हो और जहां पति-पत्नी के बीच में लड़ाई न होती हो, वहां लक्ष्मी खुद आ जाती है।

## संपादकीय

# प्रौद्योगिकी और नैतिकता

आधुनिक तकनीक की मदद से हमारी कार्य करने की क्षमता का विस्तार हुआ है, जिससे आधुनिक तकनीक के विकास और उपयोग के संबंध में कई नैतिक मुद्दे सामने आए हैं। नैतिकता और प्रौद्योगिकी ने आधुनिक काल की शुरुआत से ही एक दूसरे को तेजी से प्रभावित किया है। प्रौद्योगिकी की नैतिकता का मतलब है, आधुनिक तकनीक के विकास और इस्तेमाल से जुड़े नैतिक विचारों और निहितार्थों का आकलन करना। प्रौद्योगिकी की नैतिकता में जिम्मेदारी, जोखिम, न्याय, समानता, और आजादी जैसे विषयों पर ध्यान दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डिजिटल दुनिया के लिए वैश्विक नियम और कृत्रिम बुध्दिमत्ता (एआई) के नैतिक इस्तेमाल पर जोर देते रहे हैं। भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज व ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के रूप में परिवर्तित करने के उद्देश्य से डिजिटल इंडिया कार्यक्रम शुरू किया गया था। देश में डिजिटल इंडिया पहल के नौ वर्ष पूरे हो चुके हैं। वर्तमान में भारत विश्व का सबसे बड़ा डिजिटल रूप से जुड़ा लोकतंत्र है। भारत का डिजिटल परिवर्तन उल्लेखनीय रहा है, बेहतर कनेक्टिविटी और तकनीकी क्षमताओं के चलते इसके नागरिकों की डिजिटल तक पहुंच और समावेशिता में वृद्धि हुई है।

भारत की डिजिटल परिवर्तन यात्रा ने समाज के हर पहलू को प्रभावित किया है, जिससे टिकाऊ, सस्ती और परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी के आधार पर सभी के लिए डिजिटल पहुंच, सेवाओं की डिजिटल डिलीवरी और डिजिटल समावेशन सुनिश्चित हुआ है। डिजिटल इंडिया एक सशक्त भारत का प्रतीक है जिससे लोगों का जीवनयापन और ज्यादा आसान होता जा रहा है एवं पारदर्शिता भी बढ़ रही है। महत्वपूर्ण है कि मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (डब्ल्यूटीएसए) और इंडिया मोबाइल कांग्रेस के उद्घाटन के अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक स्तर पर ऐसी रूपरेखा तैयार करने की जरूरत है, जिसमें कृत्रिम मेधा और प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हों। वास्तव में आज जितने भी डिजिटल उपकरण और एप्लीकेशंस हैं, वो किसी भी देश की सीमा से परे हैं। साइबर खतरे तेजी से बदल रहे हैं और हमले के तरीके भी बदलते रहते हैं। इसलिए कोई भी देश अकेले इन खतरों से अपने नागरिकों की रक्षा नहीं कर सकता। आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा, ग्लोबल संस्थाओं को आगे बढ़कर जिम्मेदारी उठानी होगी। वास्तव में समय आ गया है वैश्विक संस्थाओं को डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए नियम-आधारित रूपरेखा के महत्व को स्वीकार करना होगा।

# भारतीय धर्मनिरपेक्षता अपने आप में अनूठी अवधारणा



अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

धर्मनिरपेक्षता, जिसे अंग्रेजी में सेकुलरिज्म कहा जाता है, आधुनिक युग का एक अत्यंत महत्वपूर्ण दार्शनिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनैतिक विचार है।

सभ्यताओं के विकास के प्रारंभ से मनुष्यों में सबसे अधिक एकता और एकजुटता कबीले और धर्म को लेकर रही है। इसीलिए अन्य भिन्नताओं की तुलना में कबीलाई और धार्मिक भिन्नता के आधार पर भेदभाव, अन्याय और अत्याचार के उदाहरणों से मानव का इतिहास भरा हुआ है। बड़े समाजों और देशों के अस्तित्व में आने के साथ कबीले का अस्तित्व तो समाप्त हो गया, लेकिन धर्म का प्रभाव और व्यापक हुआ। इसीलिए प्राचीन काल और मध्यकाल में धार्मिक सहिष्णुता एक अति प्रशंसित और उच्च मूल्य रहा है, लेकिन आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता मनुष्यता के लिए आवश्यक कुछ बड़े मूल्यों में से एक है।

धर्मनिरपेक्षता, जिसे अंग्रेजी में सेकुलरिज्म कहा जाता है, आधुनिक युग का एक अत्यंत महत्वपूर्ण दार्शनिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनैतिक विचार है। अंग्रेजी का 'सेकुलर' शब्द लैटिन भाषा के सेक्यूलम शब्द से बना है और सेक्यूलम का अर्थ है 'एक पीढ़ी, 'एक मनुष्य की जीवनावधि ', 'एक समय का युग ', या 'एक शताब्दी'। सामान्यतः यह शब्द धार्मिक और आध्यात्मिक के विपरीत लौकिक और ऐहिक के अर्थ मंध प्रयोग किया जाता था। इस शब्द को सन 1851 में एक नया अर्थ देते हुए धर्मेतर सामाजिक और राजनैतिक संदर्भ में प्रयोग करने का श्रेय जार्ज जैकब होलियोक (अप्रैल, 1817 - जनवरी, 1906) को दिया जाता है। लेखक, संपादक, सहकारिकता आंदोलन के प्रोत्साहक होलियोक एक अंग्रेज थे। होलियोक का धर्मनिरपेक्षता संबंधी विचार मानवतावाद की आधुनिक परिभाषाओं से बहुत मिलता-जुलता है और यह नास्तिकता से कहीं अधिक व्यापक है।

होलियोक नास्तिकता शब्द को नकारात्मक और अपर्याप्त मानते थे और वे इससे कुछ अधिक सकारात्मक और सटीक शब्द की तलाश में थे। धर्मनिरपेक्षता से उनका तात्पर्य है, 'जो जीवन के तात्कालिक कर्तव्य के रूप में मनुष्य की शारीरिक, नैतिक और बौद्धिक प्रकृति के विकास को संभव सर्वोच्च बिंदु तक ले जाना चाहता है, जो नास्तिकता, आस्तिकता या धर्म के अलावा प्राकृतिक नैतिकता की व्यावहारिक पर्याप्तता को विकसित करता है, जो भौतिक साधनों द्वारा मानव सुधार को बढ़ावा देने

भारतीय धर्मनिरपेक्षता अपने आप में एक अनूठी अवधारणा है। देश की आवश्यकताओं और विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए इसे अपनाया गया है। यह समाज में विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा तर्कवाद को प्रोत्साहित करती है, जो देश को एक आधुनिक धर्मनिरपेक्ष राज्य बनाने के लिए आवश्यक है।

को अपनी कार्यविधि के रूप में चुनता है और इन सकारात्मक समझौतों को एकता के सामान्य बंधन के रूप में उन सभी के लिए प्रस्तावित करता है और जो तर्क द्वारा जीवन को विनियमित करेंगे और सेवा द्वारा इसे उत्कृष्ट बनाएंगे।'

आज बदलते समय के साथ जीवन के मूल्य, दर्शन, दृष्टियां और शैलियां भी बदल गई हैं। मनुष्य की गतिशीलता अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई है। व्यक्तियों, समाजों और देशों की दृष्टि से दुनिया विभिन्नताओं का एक समुच्चय है। इसमें विभिन्न रंगों, रूपों, नस्लों, धर्मों, पंथों, विश्वासों, आस्थाओं, मान्यताओं, सभ्यताओं, संस्कृतियों, विचारों, परंपराओं आदि के लोग रहते हैं। व्यक्तिगत, सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर समायोजन और बदलाव अनिवार्य हो गया है। इतिहास ने प्रतियोगिता और प्रतिद्वंद्विता का वर्तमान रूप और स्तर कभी नहीं देखा। परिवर्तन की गति अभूतपूर्व हो गई है। ऐसी स्थिति में धर्मनिरपेक्षता की नीति का अनुसरण करके ही कोई समाज या देश प्रगति कर सकता है, अपने को प्रासंगिक और अद्यतन बनाए रख सकता है।

धर्मनिरपेक्षता एक जटिल और गत्यात्मक विचार है। अन्य विचारों या विषयों की तरह इसकी भी सर्वमान्य और सुस्पष्ट परिभाषा अब तक नहीं गढ़ी जा सकी। मानव समाज की प्रगति धर्मनिरपेक्षता के विचार को आधुनिक तार्किक समाज में मानक सामाजिक व्यवहार के रूप में लेकर आई है। दार्शनिक विचार के रूप में धर्मनिरपेक्षता धर्म का आश्रय लिए बिना केवल भौतिक दुनिया से प्राप्त मूल्यों और सिद्धांतों के आधार पर जीवन की व्याख्या करती है। राजनीतिक और सामाजिक दर्शन की यह वह व्यवस्था है, जो पूजा, आराधना और धार्मिक विश्वासों के सभी रूपों को अस्वीकार करती है। यह धर्म को परे रखकर भौतिक और सांसारिक जीवन की समस्याओं का हल दुनियावी दृष्टि से तलाशती है। वह इहलोक की समस्याओं का हल परलोक या अलौकिक शक्ति में या उसके माध्यम से नहीं तलाशती, बल्कि वह इहलोक की समस्याओं का हल विज्ञान, अनुसंधान और विकास से तलाशती है। यह धर्म और धार्मिकता से संबद्ध विचारों को इहलोक से अलग रखती है। अर्थ, शिक्षा, न्याय, स्वास्थ्य आदि से संबंधित नीतियां और विधान बनाने में उसकी दृष्टि दुनियावी रहती है, धार्मिक नहीं। दार्शनिक दृष्टि से धर्मनिरपेक्षता का आधार नास्तिकता में है। व्यक्ति के जीवन मूल्य उसकी बुद्धि, विवेक और तर्कसंगत सोच व वैज्ञानिक दृष्टि का परिणाम हैं, न कि उसके धर्म का।

बीसवीं शताब्दी में दुनिया के कई राज्य सत्ताओं ने धर्मनिरपेक्षता को अपनी नीति में शामिल किया। हमारे देश की धर्म, भाषा, वेशभूषा, रूप, रंग, जाति, वर्ण, नस्ल, क्षेत्र आदि विविधताओं को देखते हुए हमारे संविधान निर्माताओं ने धर्मनिरपेक्षता को संविधान में सम्मिलित किया है। भारतीय संविधान में धर्मनिरपेक्षता को परिभाषित करते हुए 42 वें संविधान संशोधन, 1976 द्वारा इसकी प्रस्तावना में 'पंथ निरपेक्ष' शब्द को जोड़ा गया। यहां पंथनिरपेक्षता का अर्थ है कि भारत सरकार धर्म के मामले में तटस्थ रहेगी। धर्मनिरपेक्षता में धर्म और धार्मिक विषयों को इहलौकिक विषयों से जानबूझकर दूर या तटस्थ रखा जाता है। धर्मनिरपेक्षता राज्य द्वारा किसी विशेष धर्म को संरक्षण देने से रोकती है।

राज्य राजनीति या किसी गैर-धार्मिक मामले से धर्म को दूर रखता है तथा धर्म के आधार पर किसी से भी कोई भेदभाव नहीं करता है। विशेष बात यह है कि राज्य किसी धर्म का विरोध नहीं करता है, वरन् सभी नागरिकों को अपने धार्मिक विश्वासों और मान्यताओं को पूर्ण स्वतंत्रता से मानने की छूट देता है। धर्म व्यक्ति का नितांत निजी मामला है, जिसमें राज्य तब तक हस्तक्षेप नहीं करता, जब तक कि विभिन्न धर्मों की मूल धारणाओं में आपस में टकराव की स्थिति उत्पन्न न हो। व्यक्ति अपनी धार्मिक पहचान के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होता है इसलिए वह किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह के हिंसापूर्ण व्यवहार के विरुद्ध सुरक्षा प्राप्त करना चाहेगा। यह सुरक्षा सिर्फ धर्मनिरपेक्ष राज्य ही प्रदान कर सकता है।

भारतीय धर्मनिरपेक्षता अपने आप में एक अनूठी अवधारणा है। देश की आवश्यकताओं और विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए इसे अपनाया गया है। यह समाज में विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा तर्कवाद को प्रोत्साहित करती है, जो देश को एक आधुनिक धर्मनिरपेक्ष राज्य बनाने के लिए आवश्यक है। यह एक सकारात्मक, क्रांतिकारी और व्यापक अवधारणा है, जो विविधता को मजबूती प्रदान करती है। यह एक उदार एवं व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है, जो 'सर्व धर्म समभाव' की भावना से परिचालित है। धर्मनिरपेक्षता सभी को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करती है। इसमें किसी भी समुदाय का अन्य समुदायों पर वर्चस्व स्थापित नहीं होता है। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था को मज़बूती प्रदान करती है तथा धर्म को राजनीति से पृथक करने का कार्य करती है।

धर्मनिरपेक्षता का लक्ष्य नैतिकता तथा मानव कल्याण को बढ़ावा देना है, जो सभी धर्मों का मूल उद्देश्य भी है। भारतीय परिप्रेक्ष्य में धर्मनिरपेक्षता को लेकर आरोप लगाया जाता है कि यह पश्चिम से आयातित है अर्थात इसका उत्स और विकास ईसाइयत में खोजा जाता है। पश्चिमी धर्मनिरपेक्षता, जहां धर्म एवं राज्य के बीच पूर्ण संबंधविच्छेद पर आधारित है, वहीं भारतीय संदर्भ में यह अंतर धार्मिक समानता पर आधारित है। पश्चिम में धर्मनिरपेक्षता का पूर्णतः नकारात्मक एवं अलगाववादी स्वरूप दृष्टिगोचर होता है, वहीं भारत में यह समग्र रूप से सभी धर्मों का सम्मान करने की सांवैधानिक मान्यता पर आधारित है। भारतीय धर्मनिरपेक्षता ने अंतःधार्मिक और अंतर धार्मिक वर्चस्व पर एक साथ ध्यान केंद्रित किया है। इसने हिंदुओं के अंदर दलितों और महिलाओं के उत्पीड़न और भारतीय मुसलमानों अथवा ईसाइयों के अंदर महिलाओं के प्रति भेदभाव तथा बहुसंख्यक समुदाय द्वारा अल्पसंख्यक धार्मिक समुदायों के अधिकारों पर उत्पन्न किए जा सकने वाले खतरों का विरोध किया है, जो इसे पश्चिमी धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा से भिन्न बनाती है।

## प्रसंगवश

# सिर्फ़ सोचने से होता क्या है



अनूप शुक्ल
कानपुर

घर का सामान आमतौर पर हम ही लाते हैं। बाजार पास है। टहलते हुए चले जाते हैं। ले आते हैं। काफी सामान कैंटीन से भी आ जाता है, जो सामान यहां नहीं मिलता उसके लिए मॉल चले जाते हैं। घर का सामान आनलाइन नहीं ही मंगाते हैं।

दो दिन पहले चना और कुछ और सामान लाना था। हमने जाने में कुछ देर की। तब तक बेटे का फोन आ गया। बातचीत में उसको पता चला कि ये सामान लाना है तो उसने कहा -'अभी आर्डर कर देते हैं। दस मिनट में आ जाएगा।' खाने-पीने का सामान, केक वगैरह बच्चे पहले भी मंगाते रहे हैं आनलाइन आर्डर करके, लेकिन दाल-चना, परचून की दुकान वाली चीजें नहीं मंगाई गईं थीं अब तक। बच्चे ने सामान आर्डर कर दिया। 'ब्लिंकइट' एप से। लिंक हमको दे दिया। बताया दस मिनट में आ जाएगा सामान। दस मिनट में सामान घर आ जाना एप के नाम को ही सार्थक करता लगा। 'ब्लिंकइट' मतलब -पलक झपकते। दस मिनट से कुछ पहले ही डिलीवरी बालक का फोन आ गया। वह मेरे घर से करीब दो किलोमीटर दूर था। फोन किया तो मैंने उसको रास्ता बताया। वह आया तो मैंने उससे पूछा - 'पता तो यहां का दिया था। दो किलोमीटर दूर कैसे पहुंच गए?' बालक ने बताया कि लोकेशन वहीं की दिखा रहा था। इसीलिए वहां पहुंच गए।

बालक से ब्लिंकइट के काम करने के तरीके के बारे में पूछा तो पता चला -'पास ही आवास-विकास में बड़ा स्टोर है। आर्डर मिलते ही डिलीवरी बालक सामान लेकर लपकते हैं, पहुंचाने के लिए। दस मिनट में डिलीवर हो जाता है। दस मिनट में नहीं डिलीवर होता है सामान तो कारण बताना पड़ता है। बालक की मोटरसाइकिल पर ढेर धूल जमी थी। हमने कहा -'साफ रखा करो।' तो बोला बालक -'समय ही नहीं मिलता।' समय न मिलने की कहानी बताते हुए बोला बालक -'काम बहुत करना पड़ता है। सुबह से शाम तक डिलीवरी करते हैं। कंपनी वाले पैसा बचाने के लिए लड़के कम रखते हैं। सामान देकर बालक चला गया। हमको एक नई सामान सेवा की जानकारी हुई। शाम को एक और सामान का आर्डर किया बेटे ने। सुबह यह रह गया था। सामान देने के लिए आया बालक फिर दो किलोमीटर दूर था। पता यहां का था, लेकिन लोकेशन दो किलोमीटर दूर की। डिलीवरी बालक ने कहा -'लोकेशन यहां की ही है। आपके घर कैसे आएं?'

हमने रास्ता समझाया, लेकिन बालक अपनी परेशानी बताता रहा। उसकी समस्या यह भी थी या सही समझे तो यह ही थी कि दो किलोमीटर अतिरिक्त चलने में हुए तेल का भुगतान कौन करेगा? हमने कहा -'आ जाओ। देख लेंगे।' बालक आया। सामान लेने के बाद हमने पूछा -'पता तो यहीं का है। तुम क्या वहां डिलीवर कर देते जहां लोकेशन के हिसाब पहुंचे थे?'उसने कहा-"आपकी बात सही है, लेकिन हमको भुगतान लोकेशन के हिसाब से होता है। लोकेशन से अलग डिलीवरी करने पर तेल का पैसा अपने पास से लगता है।'

पता चला कि बेटे ने चूंकि बाहर से आर्डर किया था सामान इसलिए लोकेशन और पते में अंतर था। अगर हम करते घर से आर्डर तो लोकेशन और पता एक रहता। बेटे ने चार सौ किलोमीटर दूर से किया था आर्डर। चार सौ किलोमीटर दूर से आर्डर करने पर लोकेशन और पते में दो किलोमीटर का अंतर आया। मतलब ब्लिंकइट एप में 0.5 प्रतिशत की शुद्धता से दूरी का हिसाब करता है।

बालक ने बताया कि वह यह काम करते हुए पढ़ाई भी करता है। कुछ कंपटीशन की तैयारी भी कर रहा है। उसकी बहन भी नर्सिंग का कोर्स कर रही है। दोनों साथ रहते हैं। संघर्ष है, लेकिन मेहनत जारी है। आर्डर के हिसाब से एक डिलीवरी के लिए बालक को तीस रुपये मिलने थे। हमने आपने वायदे के मुताबिक़ उसे दे दिए। वह चला गया। बालक के जाने के बाद हम काफी देर से इस बारे में सोचते रहे कि आज हर काम के लिए सेवाएं उपलब्ध हैं। आप पैसा खर्च कीजिए हर सुविधा आपके पास हाजिर है। पैसे के जोर पर लोग अपनी सरकार तक बनवा ले रहे हैं। एक से एक बदमाश लोग मसीहा बने बैठे हैं इधर-उधर के पैसे के बल पर, लेकिन वो लोग क्या करें जिनके पास पैसे नहीं हैं? जिनके लिए जिंदगी जीना ही मुहाल है वे कौन सी सेवा लें? काश कोई ऐसा एप होता जो लोगों की न्यूनतम जरूरतों का इंतजाम करने में सहायक होता, लेकिन हमारे सिर्फ सोचने से क्या होता है? दुनिया तो अपने चलन के हिसाब चलती है।

# भूख मिटाने के लक्ष्य में ईमानदार कोशिशें नदारद



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

भूख के आंकड़े न सिर्फ भारत, बल्कि विश्व भर में डरावने हैं। इस विषय पर हकीकत वाली तस्वीर निश्चित रूप से रोंगटे खड़ी करती है। संसार में 11 में से एक व्यक्ति आज भी रात में भूखे पेट सोने को मजबूर है। दुनिया के 73 करोड़ आबादी अब भी रोजाना भूखे पेट हैं। इनमें वो देश भी शामिल हैं, जो तरक्की की दिन रात डींगे हांगते हैं। बहरहाल 2024 की हंगर इंडेक्स रिपोर्ट के बीच 'विश्व खाद्य दिवस' को मनाना अपने आप में बहुत मायने रखता है। मायने इसलिए, ताकि हंगर रिपोर्ट के बहाने आज भुखमरी जैसे गंभीर विषय पर गंभीरता से विमर्श किया जा सकता है।

संसार गुजरे 45 वर्षों से 'विश्व खाद्य दिवस' मनाता आया है, जिसकी शुरुआत वर्ष-1979 में हुई थी। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की सालाना बैठक में सदस्य देशों की आम सहमति से 16 अक्टूबर को ये दिवस मुकर्रर हुआ था। वो ऐसा वक्त था, जब आधी दुनिया भूख से कराहने को मजबूर थी। दरअसल इसी समय करीब 45 मुल्क ऐसे थे, जो गुलामी की बेड़ियों से नए-नए आजाद हुए थे। तब उनके सामने पेट भरने की सबसे बड़ी चुनौती थी। क्या बुजुर्ग, क्या बच्चे सभी भूख-प्यास से बिलखते थे। हालांकि भारत को आजाद हुए तब तीन दशक हो चुके थे, बिगड़ी स्थिति को हमने काबू कर लिया था। स्थित ऐसी भी हो गई थी कि अन्य भूखे देशों की सहायता भी करने लगे थे।

'विश्व खाद्य दिवस' अपने शुरुआती दिनों से ही बहुत खास दिन रहा है। खाद पदार्थों की उपलब्धता से आज भी कई मुल्क सामना कर रहे हैं। मौजूदा वक्त में कई देशों में जंग छिड़ी हैं, जिससे वहां की स्थिति भयाभय बनी हुई है। इसलिए भूख और गरीबी से लड़ने और भोजन के

'विश्व खाद्य दिवस' अपने शुरुआती दिनों से ही बहुत खास दिन रहा है। खाद पदार्थों की उपलब्धता से आज भी कई मुल्क सामना कर रहे हैं।

अधिकार को अपनाने की ओर आज का दिन ऐसे मजलूमों को संबल देता है।

पिछले सप्ताह आई 'ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट-2024' उन देशों को सतर्क करती है, जिनकी स्थिति भूख को लेकर अब भी ज्यादा अच्छी नहीं बताई गई है। रिपोर्ट में भारत का स्थान 127 देशों में 105 वां है, हालांकि पिछले सालों की तुलना में रैंक में मामूली सा सुधार हुआ है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 में भारत 125 देशों में 111 वें स्थान पर था। बावजूद इसके गंभीरता से मंथन करने की हमें भी जरूरत है। असमानता और गरीबी से निपटने, उनकी उपलब्धता बढ़ाने के लिए स्वस्थ भोजन विकल्प चुनने, भोजन की बर्बादी को कम करने और पर्यावरण की रक्षा करने में हम सभी की भूमिकाएं होती हैं।

भोजन की बर्बादी बड़ा मुद्दा उभरकर सामने आया है। इसे तत्काल प्रभाव से रोके जाने की जरूरत है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को संदेह है कि क्या अगली पीढ़ी तक भूख को मिटाने का लक्ष्य पूरा हो पाएगा या नहीं? दरअसल ये ऐसा यक्ष प्रश्न है, जो सभी को सोचने पर मजबूर करता है। फिलहाल आज का दिन भूख और खाद्य सुरक्षा से संबंधित कई अन्य संगठनों द्वारा व्यापक रूप से भी मनाया जाता है, जिसमें विश्व खाद्य कार्यक्रम, विश्व स्वास्थ्य संगठन और कृषि विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय कोष शामिल रहते हैं। ये खास दिन भूख से पीड़ित लोगों के लिए वैश्विक जागरूकता और उनके खाद अधिकारों पर कार्रवाई को भी बढ़ावा देता है। खाद पदार्थों में अब मिलावट का होना कोई नई बात नहीं? दूषित खाने से लोगों का बीमार होना भी अब आम बात हो गई। ऐसे लोग खाद अधिकारों को इस्तेमाल करें, उसके लिए भी 'विश्व खाद्य दिवस' सभी को प्रेरित करता है।

रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद कई देशों में भुखमरी के हालात और पैदा हुए हैं। अन्य देशों द्वारा अगर मानवीय सहायता न की जाए, तो वहां स्थिति और बदतर हो जाती। भूखमरी के शिकार देशों की जहां तक बात है तो भूख के मामले में हैती अब भी सबसे ऊपर है। वहां कई अन्य परेशानियों के अलावा बार-बार प्राकृतिक आपदाओं का आना भी भूखमरी को बढ़ाने का कारण बना हुआ है। इसी कारण हैती की लगभग 65 प्रतिशत आबादी भूख का दंश झेलने को मजबूर है। वहां आधे से ज्यादा लोग आज भी गरीबी रेखा से नीचे हैं। वहीं, भूख पर आईसीएमआर की रिपोर्ट पर गौर करें, तो हिंदुस्तान में 2018 में 19 करोड़ लोग ऐसे थे, जिन्हें रोज दो वक्त का भरपेट खाना नहीं मिला। वर्ष-2022 में ये संख्या बढ़कर 35 करोड़ हुआ। तब 14 करोड़ लोग रात में भूखे पेट सोए। हांलाकि इन आंकड़ों में बीते दो वर्षों में सुधार हुआ है। केंद्र सरकार की मुफ्त आनाज वितरण योजना ने इन आंकड़ों को कम करने में बड़ी भूमिका निभाई है। इस योजना को बीते सप्ताह 2028 तक जारी रखने का निर्णय लिया गया है। भूख से लड़ाई लंबी है, इसे कम करने के लिए समूचे संसार को ईमानदारी से प्रयास करने होंगे।

## सोशल फोरम

# धारणा के युद्ध में असली हार



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

आजकल धारणा (परसेप्शन) बनाने का खेल बुरी तरह चल रहा है। राजनेता और सरकारें धारणा बनाने में व्यस्त रहते हैं और यह भी सही है कि धारणाएं ही उन्हें चुनाव जितवाने 'उनकी सरकार बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका में होती है। एक तरह से धारणा युद्ध चल रहा है। 'हम हैं तो संभव है, हम ही कर सकते हैं, हम कर रहे हैं, हमने ही सब तीर मारे है, पहले वाला तो बेकार था, यही सब बोला बतियाया जा रहा है। मतलब ढोल भले ही फटी हो, पर बताओ कि उससे निकलने वाला संगीत पहले कभी नहीं बजा और न ही कोई ऐसा मधुर संगीत बजा सकता है।

धारणा बनाने के लिए सब कुछ किया जा रहा है, यहां तक कि सत्य की हत्या की जा रही है। भविष्य के सपने दिखाए जा रहे हैं। धारणा बनाने के वास्ते खबर को तोड़ मरोड़ करने के लिए लाखों लोगों को नौकरी पर रखा गया है। झूठ पर झूठ परोसा जा रहा है एक फ़ेक या तोड़ी मरोड़ी खबर को लाखों लोग वाट्सअप पर फारवर्ड कर रहे है। सत्यता क्या है, इससे किसी को कोई मतलब नहीं बस हउके रहो, लगे रहो मुन्ना भाई, फारवर्ड करते रहो। मीडिया जैसे महत्वपूर्ण तबके के तमाम नामचीन लोग निजी स्वार्थ वश इस अभियान में शामिल हो गए हैं। गोया वे भी इस युद्ध के सैनिक है। बहस के ज्यादातर आकंडे मैनुप्लेटिड हैं। चौराहों पर अपने अपने पसंदीदा चैनल की बातों को सही मानते लोग बहस कर रहे हैं, लोग हैं कि ताल ठोक रहे हैं, अपनी पीठ थपथपा रहे हैं, ताली बजा रहे हैं, मरने मारने पर उतारूं है।

जो जितना ज्यादा धारणा आक्रमण माहिर है, उतना ही सफल हो रहा है, जिसके पास पैसा है, ताक़त है, दबाव है, नाटक है, कला है, वह उतनी अच्छी धारणा बनाने में सफल होगा और हो रहा है, सत्यता चाहे जो हो, नैतिकता चाहे जो कहे। आम जनता बेचारी जो सुनती है, उसके साथ नदी की तरह बस बही जा रही है। समझ ही नहीं पा रही है कि सत्यता क्या है, झूठ क्या है, झूठा कौन है? मेरा समझना है कि धारणा के इस युद्ध में असली हार आम जनता की और बड़े नक्शे पर देश की हो रही है। सही आंकड़े, सत्य बातें, सही स्थिति सामने आए तभी तो सही निर्णय हो।

-फेसबुक वॉल से

# दलित भी योद्धा हुए हैं यहां



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

सामान्यतया यह माना जाता है कि दलित, जिन्हें प्राचीन वर्ण व्यवस्था वाली भाषा में शूद्र कहा गया है, समाज में उपेक्षित रहे और उनका कार्य सेवा करना ही था। इसमें कुछ सच्चाई भी है। हालांकि यह पूर्ण सत्य नहीं है और इस वर्ग के लोग युद्धवीर से लेकर राजा तक रहे हैं। मगध में इसी वर्ग के महापद्मनंद एक प्रतापी राजा हुए, जिन्होंने अपने शौर्य के बल पर अपने राज्य को विस्तीर्ण किया। छठी शताब्दी में शूद्रक नामक राजा हुए, जो कवि भी थे।'मृच्छकटिकम्' उन्हीं की रचना है। उनकी जाति का खुलासा तो नहीं किया गया, किंतु नाम के अनुसार स्यात वे शूद्र वर्ग के ही थे।

शिवाजी की वीरता असंदिग्ध है। उन्हें इतिहासकारों का एक वर्ग शूद्र और दूसरा क्षत्रिय मानता है। वैसे स्थानीय ब्राह्मणों ने उनका राजतिलक करने से इंकार कर दिया था और इस हेतु काशी से लोग बुलाए गए थे,तो कुछ बात तो रही होगी। रामायण काल में वानरों और रीछों के पराक्रम को कौन नहीं जानता! ये जन जातीय लोग थे; क्षत्रिय कदापि नहीं। महाभारत का भील जन जातीय वीर एकलव्य प्रसिद्ध ही है। कोई आठ सौ साल पहले मध्य काल में महोबे के राजा परमाल (परमार्दिदेव) और उनके सामंत आल्हा ऊदल विख्यात हैं। उन्होंने अनेक युद्ध किए। परमाल चंदेल और आल्हा बंधु तो बनाफर क्षत्रिय थे, किंतु उनके साथ धनुवा तेली और लला तमोली भी युद्ध करने जाते थे। पृथ्वीराज चौहान से हुए युद्धों में धनुवा का मुकाबला धांधू नामक योद्धा से होता था।" धीरज आल्हा की वरनी है, ऊदल चौड़ा की तलवार। धांधू धनुवा की वरनी मा चटकै पेशकब्ज कै मार"।। ये धीरज और चौड़ा इतिहासोल्लिखित धीर पुंडीर एवं चामुंडराय ही हैं। इतना ही नहीं एक कोरी बिरादरी का खुनखुन नामक शूरमा भी था ता दूसरा रूपन बारी। आल्हखंड में शादियों में और उनके लिए लड़ाइयां हुई हैं। रूपन, यों तो विवाहों में बारी बिरादरी वाला ही काम करते थे और लड़की वाले के दरवाजे 'ऐपन बारी'लेकर जाते थे, किंतु नेग में वे लघु युद्ध मांगते। कन्या पक्ष के लोग सकते में आ जाते कि वर पक्ष के बारी भी योद्धा हैं और फिर एक छोटा-मोटा युद्ध होता।" चारि घरी पर चली सिरोही औ बहि चली रक्त कै धार"।

लखनऊ में एक हजार साल पहले लाखन पासी नामक वीर और राजा हुए हैं, जिन्होंने विशाल किला बनवाया था। अब इस जगह मेडिकल कालेज, मच्छी भवन आदि कई इमारतें हैं। कुछ लोग लखनऊ नगर के नामकरण का आधार भी इस नाम को ही मानते हैं।

लखनऊ में एक हजार साल पहले लाखन पासी नामक वीर और राजा हुए हैं, जिन्होंने विशाल किला बनवाया था। अब इस जगह मेडिकल कालेज, मच्छी भवन आदि कई इमारतें हैं। कुछ लोग लखनऊ नगर के नामकरण का आधार भी इस नाम को ही मानते हैं। इस क्रम में बिजली पासी का भी नामोल्लेख जरूरी है, जिन्होंने वर्तमान उत्तर प्रदेश के एक भाग पर शासन किया था और राजा सुहेलदेव का भी। ये दोनों अप्रतिम योद्धा थे।

# हर क्षेत्र में जरूरत है प्रेरित किए जाने की



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

आप कर्मचारियों का मनोबल और प्रेरणा कैसे बढ़ाते हैं? कर्मचारी प्रेरणा को प्रभावित करने वाले कारक क्या हैं? प्रेरित करने के लिए सिर्फ पैसे से ज्यादा प्रेरणा की जरूरत होती है लोग मूल्यवान महसूस करना चाहते हैं, टीम का हिस्सा बनना चाहते हैं और यह महसूस करना चाहते हैं कि वे कंपनी के लिए मायने रखते हैं। यह कर्मचारी प्रेरणा इस बात पर निर्भर करती है कि अपने कर्मचारियों को उनके कार्य दिवस के लिए कैसे उत्सुक बनाया।

किसी कंपनी की सफलता के लिए कर्मचारी प्रेरणा तकनीकें जरूरी हैं। जब आप जानते हैं कि कर्मचारियों को कैसे प्रेरित किया जाए तो आप उनसे सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करेंगे। प्रेरित कर्मचारी कड़ी मेहनत करेंगे और खुद को कंपनी के मिशन के लिए समर्पित करेंगे। खुश कर्मचारी अधिक उत्पादक होते हैं और दूसरी नौकरी की तलाश करने के बजाय कंपनी के साथ बने रहने की अधिक संभावना होती है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि व्यवसाय क्या है, निजी क्षेत्र और सार्वजनिक क्षेत्र में कर्मचारी प्रेरणा एक दूसरे के समान ही महत्वपूर्ण हैं। कर्मचारी उत्पादकता बढ़ाने और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक स्ट्रक्चरल स्टील डिजाइन और डिटेलिंग कंपनी टीम डिटेलिंग सॉल्यूशंस ने अपने कर्मचारियों को 28 कारें और 29 बाइक उपहार में दी हैं, उनके एक अधिकारी का कहना था कि कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहना के रूप में हुंडई, मारुति सुजुकी और मर्सिडीज बेंज जैसी कई नई कारें तोहफे में दी गई।

यह समझने की बात है कि प्रतिस्पर्धा के आज के दौर में अपने कर्मचारियों को प्रेरित और उत्साहित करते रहना बहुत आवश्यक है। प्रेरणा जो किसी व्यक्ति को अच्छे काम पर प्रदर्शन करने के लिए होती है। यह वह चीज है, जो किसी व्यक्ति को सुबह उठने और काम पर जाने के लिए उत्साहित करती है। जब कर्मचारी प्रेरित होते हैं तो उनके उत्पादक, रचनात्मक और अपने काम में लगे रहने की संभावना अधिक होती है। जरूरत है कर्मचारियों को निरंतर प्रेरित और उत्साहित किया जाए।

# अश्वमेध यज्ञ के साथ श्री रामलीला महोत्सव का समापन

## छात्र-छात्राओं के लिए भी कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, शंख प्रतियोगिता का लोगों ने लुत्फ उठाया

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार:** श्री जन कल्याण समिति ऐहार के तत्वाधान में अश्वमेध यज्ञ के साथ श्री रामलीला दशहरा महोत्सव संपन्न हुआ। बच्चों द्वारा बनाया गया 27 फीट ऊंचा रावण का पुतला आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं, अनंत शुक्ला, रिया शुक्ला, राशू शुक्ला, पिंटू बाजपेई, श्यामू शुक्ला, आनंद अवस्थी, दीपेंद्र शुक्ला, अमन पांडेय आदि को समिति द्वारा धनतेरस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा। रात में प्रसिद्ध कत्थक नृत्यकार अयोध्या प्रसाद मिश्र का कत्थक नृत्य हुआ। भरत मिलाप देखकर दर्शकों की आंखें सजल हो गईं। दिन में छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। शंख प्रतियोगिता का लोगों ने लुत्फ उठाया।

रात्रि में श्री जन कल्याण समिति के कलाकारों द्वारा अश्वमेध यज्ञ का मंचन किया गया, जिसमें लव, कुश का अभिनय सराहनीय रहा। श्रीराम की भूमिका में शिवा बाजपेई, रावण दिलीप शुक्ला, बाल्मीकि बचोल शुक्ला, भरत सिद्धांत मिश्रा, राकेश मिश्रा, मिट्ठू शुक्ला, आराध्या बाजपेई, आर्या बाजपेई, अखिल मिश्रा गुरु, उमंग, कुंवर द्विवेदी का अभिनय सराहनीय रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में कीर्ति मनोहर शुक्ला, अखिलेश पांडेय, महेंद्र मिश्र, अजय तिवारी, उमेश पांडेय, बबुआ अवस्थी, अनुज अवस्थी, रमेश शुक्ला, मुन्नू प्रसाद वाजपेई, श्यामू शुक्ला, आनंद बाजपेई, आयुष पांडेय, अतुल पांडेय, श्याम शुक्ला, जितेंद्र त्रिपाठी, उत्तम मिश्रा, अतुल मिश्रा, पंडित झिलमिल महाराज, आनंद अवस्थी, विकास तिवारी, चंदन त्रिवेदी आदि का विशेष योगदान रहा।


ऐहार श्री रामलीला महोत्सव में मंचन करते कलाकार। अमृत विचार


भैसासुर महादेव मन्दिर में रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**शिवगढ़ की रामलीला का भी हुआ समापन :** क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोटवा स्थित प्राचीनकालीन भैसासुर महादेव मन्दिर में चार दिवसीय दशहरा मेले का आयोजन किया गया। मेले में तीसरे दिन कुम्भकरण, मेघनाथ, रावण वध के साथ ही रामलीला सम्पन्न हुई। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से भारी तादात में पुलिस तैनात रही। ग्रामीणों ने बताया कि मेले में चौथे दिन दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। मेले का आयोजन ग्रामीणों के सहयोग से किया जाता है।

### प्रभु श्रीराम ने खाए शबरी के जूठे बेर


शबरी के आश्रम में जूठे बेर खाते प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण। अमृत विचार

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार :** कस्बे में चल रही रामलीला में मंगलवार को प्रभु श्रीराम का शबरी के जूठे बेर खाना, बाली सुग्रीव की लड़ाई और बाली वध का मंचन किया गया। स्थानीय कलाकारों ने दिखाया कि श्रीराम व लक्ष्मण माता सीता की खोज करते हुए शबरी आश्रम पहुंचे। यहां श्रीराम ने शबरी के झूठे बेर खाकर भगवान और भक्त के निस्वार्थ प्रेम को दर्शाया। उसके बाद भगवान राम का सुग्रीव से मिलना, बाली सुग्रीव की लड़ाई व बाली वध का मंचन किया गया। वहीं इसके पूर्व सोमवार देर शाम कलाकारों द्वारा दिखाया गया कि सूर्पनखा भगवान राम पर मोहित होकर विवाह का प्रस्ताव रखती है। समझाने पर भी नहीं मानती तो लक्ष्मण क्रोधित होकर सूर्पनखा की नाक काट देते हैं। तिलमिलाकर रावण साधु वेश में माता सीता का छल से हरण कर लेता है। रास्ते में रावण जटायु के बीच युद्ध का भी मंचन किया गया। राम की भूमिका जय उपाध्याय, लक्ष्मण की समर दीक्षित, सीता व शबरी की दीपक सोनी, सूर्पनखा की विंध्यादीन सरोज, रावण की मुन्नू मिश्रा, हिरण की धर्मेश, जटायु की संतराम यादव ने निभाई। इस मौके पर घनश्याम मिश्रा, रिंकू पाण्डेय, रामदयाल, महेश विश्वकर्मा, सुरेंद्र चौरसिया, अनूप पांडेय, भरत मिश्रा, सरवन सोनकर, संतोष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# शोभायात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

संवाददाता, नसीराबाद

**रायबरेली, अमृत विचार:** नगर पंचायत नसीराबाद में रामलीला का आयोजन किया गया। इस दौरान जगह-जगह से शोभायात्रा निकाली गई। समिति की ओर से चल रही रामलीला में रविवार को भरत मिलाप एवं श्रीराम के राज्याभिषेक का मंचन हुआ। इस शोभायात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी धूमधाम से रामलीला सम्पन्न कराई गई। उन्होंने बताया कि इसमें क्षेत्र के स्कूली बच्चे व अन्य लोग शामिल होकर अपनी-अपनी भूमिका अदा करते हैं। शोभायात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष मो. अली, मो. नासिर, मो. जावेद, मो. नवी, दिनेश कुमार, पप्पू मौर्य सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**रायबरेली, अमृत विचार।** अपराध की दुनिया में खौफ बरकरार करने की नियत रखने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। 15 अक्टूबर को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने कई दिनों से फरार चल रहे अभियुक्त आकाश पाल पुत्र राजू पाल निवासी पूरे बैजे थाना गुरूबख्शगंज, गुलशन कुमार पुत्र गुलजारीलाल निवासी ग्राम सैदनपुर थाना भदोखर को अवैध शस्त्र कारतूस के साथ छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया है।

### हादसे में दो युवक घायल

**राही, रायबरेली।** भदोखर थाना क्षेत्र के प्रतापगढ़-जौनपुर हाइवे पर इशौर नाला के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। देशराज (30) निवासी गदियानी मजरे सराँयदामू कमलेश पुत्र मघई निवासी फकीर का पुरवा मजरे कोलाहैबतपुर एक ही बाइक से रायबरेली से घर लौट रहे थे तभी वे दोनों अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बुरी घायल हो गए। थाना प्रभारी दयानंद तिवारी ने बताया कि घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेजा गया है, जहां कमलेश की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।

### भूल सुधार

सूचित किया जाता है कि 15 अक्टूबर 2024 को प्रकाशित श्रीरामजानकी विराजमान मन्दिर मठ समिति के सार्वजनिक सूचना में चौतन्य की जगह चैतन्य पढ़ा जाए।


### पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य के लिये 'खुली' ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है जो उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, कालोनी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है:–

**क्रमांक-1, निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण: 20-2024-कालोनी,** कार्य का नाम: विद्युत सामान्य संपत्तियों जैसे पंप, स्ट्रीट लाइटिंग, लिफ्ट और सबस्टेशन इत्यादि की निगरानी और नियंत्रण (भारतीय रेलवे मूल आईओटी आधारित उपज विश्लेषण टेलीमेट्री, रिकॉर्डिंग और नियंत्रण–आईआर–एनआईवाई एएनटीआरएसी) के लिये आई ओटी उपकरणों / इंटेलीजेंट फील्ड डिवाइस (आईएफडी) का प्रावधान। अनुमानित लागत: ₹ 1,34,25,828/-, बयाने की राशि: ₹ 2,17,100/-, ई-निविदा फार्म का मूल्य: शून्य, कार्य पूर्ण करने की समय / अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने के तिथि से: 06 माह।

• ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 01-11-2024 समय 15:00 बजे तक। • इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा, ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर / कालोनी
मुजाधि / विद्युत-151 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्र न करें।


# मिस यूपी फैशन आइकॉन के ऑडिशन में प्रतिभाओं ने बिखेरा जलवा








संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** दिसंबर माह में होने वाले मिस यूपी फैशन आइकॉन, मिसेज़ यूपी और प्रदेश स्तर की नृत्य प्रतियोगिता के लिए ऑडिशंस शहर के कचेहरी रोड स्थित एक बैंक्वेट हाल में सम्पन्न हुआ। माधव सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिताओं के ऑडिशन कार्यक्रम का उद्घाटन एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद श्रीवास्तव एडवोकेट सिमहैन्स हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. मनीष चौहान, व्यापार मंडल के अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा, समाजसेवी प्रभाकर गुप्ता के द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

माधव सेवा संस्थान की अध्यक्ष प्रियंका अवस्थी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। संचालन वेव डान्स एकेडमी के डायरेक्टर विवेक मिश्रा के द्वारा किया गया। विशिष्ट रूप से उपस्थित एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें अवसर प्रदान करने की है। उन्होंने संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान के द्वारा निरंतर रायबरेली ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश की प्रतिभाओं को मुख्य पटल पर लाने का कार्य किया जा रहा है, जो अत्यंत सराहनीय है। डॉ. मनीष चौहान और त्रिलोचन सिंह छाबड़ा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मिस यूपी, मिसेज़ यूपी फैशन आइकॉन और प्रदेश स्तर की नृत्य प्रतियोगिताओं के लिए ऑडिशन सम्पन्न हुए। निर्णायक के रूप में शिवांगी चौधरी एवं अमरदीप ने उपस्थित रह कर सभी प्रतिभागियों की प्रतिभा का सूक्ष्म अध्ययन कर उन्हें अंक प्रदान किए। माधव सेवा संस्थान की अध्यक्ष प्रियंका अवस्थी ने बताया आगामी नवम्बर माह में सेमी फाइनल राउण्ड होगा तथा दिसंबर मध्य में ग्रैंड फिनाले कराया जाएगा। जिसमें सेलिब्रिटी के रूप में बॉलीवुड हीरोइन सुहासी धामी उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में संस्थान के सचिव सत्यम बाजपेयी, स्मृति शुक्ला तथा कविता यादव का सहयोग सराहनीय रहा। इस अवसर पर नेहा सिंह, रंजना राठौर आदि नागरिक उपस्थित रहे।

**प्रदेश में प्रतिभाओं की कमी नहीं, अवसर देने की जरूरत : अरविंद श्रीवास्तव**

### ऊंचाहार व्यापार मंडल अध्यक्ष पद पर होगा सीधा मुकाबला

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** नगर व्यापार मंडल दूसरे गुट के लिए हो रहे चुनाव ने अध्यक्ष पद पर दो दावेदारों के मध्य सीधा मुकाबला होगा। मंगलवार को नामांकन में दो लोगों ने अध्यक्ष पद के लिए दावा किया है। जबकि अन्य पदों पर एक एक नामांकन होने के कारण उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए जय कृष्ण जायसवाल और मो. शावेज़ ने दावेदारी प्रस्तुत की है। जिसके लिए मतदान कुशल भवन में 17 अक्टूबर को तीन बजे तक होगा। इसके बाद मतों की गिनती की जाएगी। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के पांच पदों के लिए मो. असलम कुरेशी, कयामुल अंसारी, नागेश सिंह, लीला यादव और राजेश महेश्वरी निर्विरोध निर्वाचित हुए है। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद पर अंकित त्रिपाठी, सरवर हुसैन, आशीष गुप्ता, शिव गोपाल साहू, इजहार अंसारी निर्विरोध चुने गए है। महामंत्री पद पर आशीष शुक्ला, संयुक्त मंत्री पद पर दिलीप कौशल, भूपेंद्र अग्रहरि, अभिषेक वर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर मो अनवर का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। मंत्री पद पर पवन अग्रहरि, आशीष चौरसिया, इसरार, मनीष मिश्र, बृजेश साहू, मो. अकरम, नीरज अग्रहरि, विकास महेंद्र, मीडिया प्रभारी पद के लिए निखिल अग्रहरि और आदित्य जायसवाल का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है।


### उत्तर रेलवे

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे. .रे.उ/वाणिज्य–मण्डल– |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14241-SLR-F1-PYGS-SRE-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.11.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.11.2024 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14229-SLR-R1-PYGS-YNRK-22-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.11.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.11.2024 at 12:40 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3176/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# रैली कल्याणपुर विद्यालय बना ओवरआल चैंपियन

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से न्याय पंचायत रैली कल्याणपुर में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें न्याय पंचायत के सभी विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। खो-खो में उच्च प्राथमिक स्तर बालक और बालिका वर्ग में पूर्व माध्यमिक विद्यालय शंकरगंज विजेता रही। विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी शीतल श्रीवास्तव, डायट मेंटर किरन कुशवाहा, एआरपी आशुतोष तिवारी ने पुरस्कृत किया।

न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के कबड्डी में उच्च प्राथमिक बालिका वर्ग में पूर्व माध्यमिक विद्यालय रैली कल्याणपुर की बालिका विजेता, जबकि बालक वर्ग में शंकरगंज की टीम ने जीत हासिल की। इसी तरह प्राथमिक स्तर खो-खो बालक और बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय रैली कल्याणपुर ने जीत हासिल की। उच्च प्राथमिक स्तर 50 मीटर, 100 मीटर बालक-बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय रैली कल्याणपुर की टीम विजेता रही। ओवर आल चैंपियन का खिताब पूर्व माध्यमिक विद्यालय रैली कल्याणपुर को प्राप्त हुआ। बीईओ ने कहा कि सरकार की ओर से लगातार खेल को बढ़ावा दिया जा रहा है। शिक्षा के साथ खेल भी आवश्यक है। इससे संपूर्ण विकास होता है। न्याय पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन में भारत लाल समेत अन्य शिक्षकों का योगदान रहा। इस मौके पर आराधना सिंह, दिलीप कुमार, योगेंद्र यादव, रणविजय सिंह आदि मौजूद रहे।


न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों का उत्साहवर्धन करतीं मुख्य अतिथि।

# भाला फेंक में नेहा और शैलेंद्र अव्वल

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** पुलिस लाइन मैदान में चल रहे पुलिस लाइन में 73वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने खूब पसीना बहाया। अध्यक्ष जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह के निर्देशन में मंगलवार को खेल सचिव अजय सिंह चंदेल, सह संयोजक मेजर हरिश्चन्द्र सिंह, संयोजक रत्नेश श्रीवास्तव, मुन्नालाल साहू की देखरेख में खिलाड़ियों ने जीत के लिए पूरी ताकत लगा दिया। प्रतियोगिता का समापन बुधवार को होगा। सुबह भाला फेंक सीनियर बालिका नेहा प्रथम, अंतिम द्वितीय, अल्पिका तृतीय, जूनियर बालिका में विनीता सिंह प्रथम, आंचल द्वितीय, कशिश तृतीय, सीनियर बालक वर्ग में शैलेंद्र सिंह प्रथम, सचिन द्वितीय, अभिषेक पाल तृतीय, जूनियर बालक वर्ग में रोहित प्रथम, अरुण साहू द्वितीय, युवराज तृतीय स्थान हासिल किया। लंबी कूद सीनियर बालक गोविंद प्रथम, सुजीत द्वितीय, मानस तृतीय, जू. बालक में शुभम साहू प्रथम, अंकुश द्वितीय, अनुज तृतीय, सीनियर बालिका वर्ग में मोहिनी प्रथम, अंजू द्वितीय, खुशी तृतीय, जू. बालिका में मंगला सरोज प्रथम, आंचल द्वितीय, रिया तृतीय, सब जुनियर बालक में मो. कैश प्रथम, समीर द्वितीय, अजीत कुमार तृतीय, सब जूनियर बालिका में हिमांशी प्रथम, अनामिका द्वितीय, ज्योति तृतीय स्थान पर रहे। 200 मी. दौड़ में सब जूनियर बालिका में जान्हवी सिंह प्रथम, रीना यादव द्वितीय, रीना तृतीय, सीनियर बालक में अभिषेक प्रथम, रणविजय द्वितीय, आशीष यादव तृतीयसीनियर बालिका में कोमल यादव प्रथम, अंजू द्वितीय, सोनम तृतीय, जूनियर बालिका में अंकिता प्रथम, सोनम द्वितीय, महिमा तृतीय स्थान प्राप्त किया।


**न्यायालय श्रीमान् उपजिलाधिकारी महोदय सदर रायबरेली**

वाद संख्या ..... सन्.... ई0 .....

**बिन्दादेई** ... वादी/प्रार्थी

बनाम

**अवधेश** ... प्रतिवादी/विपक्षी

बनाम श्री अवधेश पुत्र श्याम लाल नि0 ग्राम बीबीपुर मुतफर्रिकात परगना व तह0 सदर जिला– रायबरेली, चूंकि ऊपर नामांकित बिन्दादेई ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा– 144 अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ किसी प्रकार की भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हैं तो आप दिनांक 18 माह 10 सन् 2024 ई0 दिन के 10 बजे पूर्वान्ह इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एकपक्षीय करके वाद निर्णत कर दिया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक माह ...... सन्....... ई0 को जारी की गयी।

**आज्ञा से न्यायालय**

अमृत विचार

### क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मै अभिषेक कुमार सिंह पुत्र भूपेन्द्र सिंह निवासी–बैरीसालपुर, निगोहॉ, जनपद लखनऊ। मेरे हाईस्कूल का प्रमाण पत्र/अंकपत्र स्कूल संत फ्रांसिस स्कूल निगोहाँ लखनऊ से 2014 मे परीक्षा उत्तीर्ण की थी जिसका अनुक्रमांक नम्बर 1420931 वास्तव में खो गया है।

**शुद्धि पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप जिलाधिकारी कार्यालय उतरौला द्वारा पत्रांक 780/र0का0( गांव सभा मत्स्य पालन आवंटन ज्ञाप) 2024–25 के समाचार पत्र 25 सितंबर के प्रशासन में क्रमांक 34 पर ब्लॉक गैण्डास बुजुर्ग राजस्व ग्राम कैथोलिया सलेमपुर गाटा संख्या 340 की जगह 348 तथा रकबा 1.002 हेक्टेअर की जगह 1.902 हेक्टेयर पढ़ा जाए।

उप जिलाधिकारी, उतरौला

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे क्लाइट कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लि. शाखा फैजाबाद स्थित की तरफ से सूचित किया जाता हैं। कि आकाश गुप्ता सुत स्व. दया शंकर गुप्ता, निवासी–2245/1G बम बहादुर कोचिंग गली 1, शास्त्रीनगर सिटी सुलतानपुर द्वारा ऋण हेतु आवेदन किया है। जिसमें बैनामा दिनांक 09.02.1994 ई0 बही संख्या 01, क्रमांक सं0 1132 जिसे मोहम्मद हलीम सुत मोहम्मद अजीम, निवासी– ग्रा0 व पो0 भादर तहसील व जिला अमेठी के हरीश चन्द्र अग्रवाल सुत स्व. महावीर प्रसाद अग्रवाल के पक्ष में विक्रय किया था कही खो गया है को बंधक रखने हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति बैंक अथवा संस्था को प्रश्नगत सम्पत्ति बधक रखने में आपत्ति है तो इस प्रकाशित के 7 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति अधोहस्तक्षरी समक्ष प्रस्तुत कर दे अथवा यह मान लिया जायेगा कि व्यक्ति, बैंक अथवा संस्था को कोई की आपत्ति नहीं हैं।

**सचिन शंकर (एड्वोकेट)**
शेड नं0– 03, सिविल कोर्ट फैजाबाद, अयोध्या।
मो.न:–8299765176


# विभाग की साठगांठ से गरीबों के निवाले में सेंध लगा रहे कोटेदार

संवाददाता, नसीराबाद, रायबरेली

**अमृत विचार:** गरीबों को भूखा न रहना पड़े इसके लिए सरकार की ओर से निश्शुल्क अनाज दिया जा रहा है। इतना ही नहीं धांधली को रोकने के लिए ईपास मशीन और इलेक्ट्रानिक कांटा तक लग गया है। इसके बावजूद कोटेदार गरीबों के अनाज में सेंध लगाने में कामयाब हो रहे हैं। वहीं जिम्मेदार सिर्फ भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का दावा ही करते दिखाई दे रहे हैं।

छतोह ब्लॉक में 50 से अधिक सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान है। जिला आपूर्ति विभाग की ओर से कोटेदारों पर अंकुश लगाने और पारदर्शी व्यवस्था के लिए ईपास मशीन के साथ ही इलेक्ट्रानिक कांटा तक लगाया गया है। इसके बावजूद कोटेदार सांठगांठ करके गरीबों के हिस्से का अनाज हड़प रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि कोटेदार खुद ही स्वीकार कर रहे हैं। नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर कोटेदारों का कहना है कि प्रत्येक दुकान से हर महीने एक निर्धारित रकम मांगा जाता है।

कोटेदार और राशन विभाग की मिली भगत से बंदरबांट लगातार जारी है। इतना ही नहीं विभाग के कुछ ऐसे कर्मचारी भी हैं, जो प्राइवेट हैं। भाजपा सरकार ने राशन घोटाला रोकने के लिए ई-पास फिंगर मशीन कोटेदारों को देकर राशन घटतौली पर रोक लगाने का काम तो जरूर किया है, लेकिन सरकार को मात देते हुए कोटेदारों ने भी नया दांव पेंच का खेल करते हुए पहले से भी ज्यादा राशन घटतौली का काम करना शुरू कर दिया है। सर्वर में दिक्कत की बात कहकर पहले कार्ड धारकों से मशीन पर फिंगर लगवा लिया जाता है। कोटेदारों द्वारा नाप तौल करने वाला इलेक्ट्रॉनिक कांटा को सेटिंग करते हुए राशन तौलते हुए कार्ड धारकों का ई-पास मशीन पर फिंगर लगवा कर राशन खारिज करने के बाद दोबारा तौल करते हैं। प्रत्येक यूनिट पर एक किलो राशन कम दिया जाता है। यह खेल क्षेत्र में लगातार चल रहा है, लेकिन कोई सुनने और देखने वाला नहीं है।

**राशन विभाग की मिलीभगत से कोटेदार ईपास और इलेक्ट्रानिक कांटा तौल में भी कर रहे खेल**

### हर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा तो खुले राज

समाजसेवी और किसान नेता शिव बहादुर सिंह का कहना है कि सरकारी स्कूल, गांव, गली चौराहा, बैंक, थाना सभी जगहो पर तीसरी आंख कैमरा का पहरा लगा है। ऐसे में कोटेदारों के यहां भी तीसरी आंख लगना चाहिए, ताकि राशन गोदाम कार्डधारकों को नापतौल कर मिलने वाला सरकारी राशन सब कुछ तीसरी आंख में कैद हो। इसकी फुटेज तहसील सप्लाई इंस्पेक्टर कार्यालय में प्रत्येक माह जमा होना चाहिए कि कोई भी जनसूचना के तहत मांगे तो उसे समय से मिल सके। सीसी कैमरा लगने से कार्डधारकों को पूरा राशन मिलता रहेगा।

### घटतौली करने पर होगी कार्रवाई : डीएसओ

जिला आपूर्ति अधिकारी विमल कुमार शुक्ल ने कहा कि घटतौली की अब तक जो भी शिकायतें मिली हैं, उनकी जांच कराई गई है। गड़बड़ी करने वाले कोटेदारों पर कार्रवाई की जा रही है। यदि कोई कोटेदार अनाज देने में गड़बड़ी करता है तो सीधा मुझसे शिकायत करें। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद, रायबरेली

पत्रांक: 499 / न0पा0परि0रा0 / स्वा0अनु0 – ई–निविदा / 2024–25 दिनांक: 15–10–2024

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत आई0ई0सी0 मद में प्राप्त धनराशि से वाल पेंन्टिंग, नुक्कड़ नाटक आदि विभिन्न गतिविधियाँ संचालित कराये जाने के लिये दरों की स्वीकृत हेतु इच्छुक फर्मो / एन0जी0ओ0 से टेक्निकल / फाइनेन्सियल बिड आमंत्रित की जाती है। फर्म / एन0जी0ओ0 द्वारा जमानत धनराशि रू0 रु 2,00,000/– (दो लाख) तथा निविदा मूल्य 2360/– दो हजार तीन सौ साठ रूपये मात्र, जी0एस0टी0 सहित आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से नगर पालिका परिषद रायबरेली के बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में संचालित खाता सं0–40920100006088 IFSC CODE-BARBOVJRAEB में जमा कराकर बैंक जमा साक्ष्या के रूप में योज्य यू0टी0आर0 संख्या/ रसीद की स्कैन कॉपी को अपलोड करना अनिवार्य होगा। ई–निविदा की समस्त कार्यवाही बेबसाईट "http: www.etender.up.nic.in" पर ही की जायेगी। टेक्निकल बिड की हार्ड कॉपी, टेक्निकल बिड खोले जाने से पूर्व नगर पालिका परिषद रायबरेली में उपलब्ध करानी होगी । अन्य नियम और शर्ते किसी भी कार्य दिवस में नगर पालिका परिषद रायबरेली के स्वास्थ्य अनुभाग से व्यक्तिगत रूप से भी देखी जा सकती है।

| क्रमांक | विवरण | | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | Tender upload | 17-10-2024,11.00 AM | 25-10-2024, 11.00AM |
| 2 | | Tender Download | 17-10-2024,11.00AM | |
| 3 | | Bid Submission | 17-10-2024,11.00AM | |
| 4 | Bid Opening | | 26-10-2024,11.00AM | |

(स्वर्ण सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, रायबरेली

(शत्रोहन सोनकर)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, रायबरेली

## एक नजर

### करंट लगने से युवक की मौत

लालगंज, रायबरेली,अमृत विचार। करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। गोविंदपुर वलौली गांव निवासी वीरू त्रिवेदी पुत्र सत्यदेव त्रिवेदी रात में फर्राटा पंखा घुमाते समय पंखे में उतर रहे करंट की चपेट में आकर झुलस गया। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### बाइक सवार तीन लोगों ने छात्र को पीटा, शिकायत

ऊंचाहार,रायबरेली, अमृत विचार। कोचिंग पढ़कर वापस अपने घर जा रहे छात्र को तीन लोगों ने जमकर पिटाई की और अचेत अवस्था में फेंककर भाग गए। खोजबीन करते छात्र के परिजन वहां पहुंचे और छात्र को सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे पलऊ मजरे चड़रई निवासी आशु पुत्र चंद्रेश कुमार सोमवार की शाम कोचिंग पढ़कर घर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में तीन बाइक सवार ने उसे पकड़ कर मारपीट करने लगे। उसकी चीख पुकार सुन गांव के लोग बीच बचाव करके उन्हें अलग किया और समझा बुझाकर सभी को भेज दिया। वहीं, पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### गोकशी में आरोपी को जेल

जगतपुर, रायबरेली,अमृत विचार। थाना क्षेत्र के उबरनी में छह दिन पूर्व गोकशी का प्रयास करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। ग्राम प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया था। इस मामले में फरार चल रहे वांछित आरोपी को पुलिस ने पकड़ कर जेल भेज दिया गया है।

# सीडीओ ने डेंगू वार्ड का किया निरीक्षण

## जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों का जाना हाल, सीएमएस डॉ. प्रदीप अग्रवाल रहे मौजूद

संवाददाता, रायबरेली


जिला अस्पताल के डेंगू वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत करते सीडीओ अर्पित उपाध्याय व मौजूद डॉक्टर। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने मंगलवार को जिला अस्पताल के डेंगू वार्ड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड में भर्ती मरीजों से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने की जानकारी ली। डेंगू वार्ड में तीन डेंगू के मरीज भर्ती थे। निरीक्षण के दौरान सभी मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति सामान्य पाई गई। वार्ड में जो डेंगू के मरीज भर्ती हैं उन्हें एवं चिकित्सालय में बेहतर स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया जा रहा है। निरीक्षण में सीडीओ को जिला चिकित्सालय के डेंगू वार्ड में मच्छर दानी आदि की व्यवस्थाएं उपलब्ध मिली। इस दौरान जिला चिकित्सालय में भर्ती उक्त तीन मरीजों का स्वास्थ्य बेहतर होने के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। निरीक्षण में सीडीओ के पूछने पर सीएमएस डॉ. प्रदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि डेंगू मरीजों के लिए अस्पताल में पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधांए उपलब्ध हैं। ऐसे मरीजों के साथ होने वाली बीमारियों से निपटने के लिए वह हर तरह से तैयार हैं। भर्ती मरीजों से वार्ता करने पर यह ज्ञात हुआ की सभी मरीज चिकित्सालय द्वारा दिये गये उपचार से संतुष्ट है। निरीक्षण में सीडीओ के साथ एसीएमओ डॉ. अरविंद कुमार, सीएमएस डॉ. प्रदीप कुमार अग्रवाल, डॉ. पीके बैसवार, डॉ. राधाकृष्णन आदि लोग मौजूद रहे।

### गांव में की गई सफाई का बीडीओ ने किया निरीक्षण

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। संचारी रोग नियंत्रण पखवारा को लेकर पांच टीम बनाकर अलग-अलग गांव की सफाई कराई गई। जिसको लेकर खंड विकास अधिकारी ने मौके का निरीक्षण किया। मंगलवार को संचारी रोग नियंत्रण पखवाड़ा को लेकर जगतपुर विकास क्षेत्र के दौलतपुर, टांघन, नवाबगंज, सुदामापुर, तिवारीपुर ग्राम सभा में सफाई कर्मियों की पांच टीमें बनाई गई और एक टीम को एक गांव में लगाई गई, जहां पर नाली, खडंजा, झाड झंकाड की साफ-सफाई कराई गई तथा नालियों में दवा का छिड़काव कराया गया। खंड विकास अधिकारी ने टांघन में सफाई कर रही टीम का मौके पर निरीक्षण किया तथा सही से सफाई करने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी हबीबुल रब ने बताया कि सफाई कर्मियों की टीम बनाकर गांव की सफाई कराई जारही है।

# हरियाणा पुलिस को ग्रामीणों के आक्रोश का करना पड़ा सामना

संवाददाता,लालगंज, रायबरेली।

▸▸ हरियाणा की एक कंपनी में काम कर रहे युवक पर दर्ज है चोरी का केस

**अमृत विचार:** चोरी के आरोप में वांछित युवक को पकडने आयी गुरूग्राम हरियाणा की पुलिस को ग्रामीणों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीण युवक को गलत तरीके से फंसाए जाने की बात कहते रहे। मंगलवार की दोपहर तक युवक को पुलिस के हवाले नहीं किया गया था।

लालगंज क्षेत्र के पूरे जय सिंह मजरे हरीपुर गांव निवासी लवकुश पुत्र पुत्र श्याम बहादुर सिंह हरियाणा की एसआरसी फ्लीट कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर काम करता था। जुलाई माह में वह घर चला आया था। कंपनी के मैनेजर ने 30 जुलाई को बिना बताए लवकुश द्वारा काम छोड़ कर चले आने तथा कंपनी का लैपटाप, मोबाइल, एलकोल मशीन व 28 हजार 300 रुपये चुरा लाने का आरोप लगाया गया है। जिस पर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। इसी मामले में हरियाणा क्राइमब्रांच के एएसआई प्रवीण कुमार अपनी टीम के साथ सोमवार की देर शाम हरीपुर गांव लवकुश को पकड़ने पहुंचे थे, जहां मामले की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने पुलिस का विरोध किया। लालगंज पुलिस के समझाने पर परिजनों ने लैपटाप आदि सामान पुलिस को वापस कर दिया, लेकिन लवकुश को पुलिस को नहीं सौंपा गया। मंगलवार की शाम तक पुलिस लवकुश को पकड़ने की फिराक में लगी रही। हालांकि लवकुश पकड़ा नहीं जा सका। वहीं लवकुश सिंह के परिवारी जनों का कहना है कि वह घर से ही कंपनी का काम कर रहा था, लेकिन कंपनी वालों ने उसके खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# फंदे पर लटका मिला युवती का शव

संवाददाता, जगतपुर, रायबरेली

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर युवती का लटकता शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के कुसमी की रहने वाली करिश्मा (20) पुत्री धर्मेंद्र कुमार व अन्य परिवारीजन घर पर मौजूद थे। सभी अपने-अपने काम में व्यस्त थे। इस बीच जब परिजन युवती के कमरे में गए तो फांसी के फंदे पर युवती का शव लटकता देखा तो कोहराम मच गया। मृतका के घर पर ग्रामीणों का मजमा लग गया। परिजन पुलिस को बिना सूचना दिए शव के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे, तभी ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान ग्रामीणों में युवती की मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं रहीं। थानाध्यक्ष अजय कुमार राय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। मामल की जांच की जा रही है।

# जेल अधीक्षक ने बनाए मिट्टी के दीये

**रायबरेली।** जिला जेल में वन जेल वन प्रोडक्ट योजना के अंतर्गत माटीकला से विभिन्न आकृतियों का निर्माण किया जाता है। जेल अधीक्षक अमन कुमार सिंह व जेलर हिमांशु रौतेला द्वारा कैदियों के साथ सांचे और इलेक्ट्रिक चॉक की सहायता से लक्ष्मी, गणेश जी और दीयों को बनाने का प्रयास किया गया।


जेल अधीक्षक अमन कुमार सिंह।

# जल निकासी को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार:** पूरे गांव की जल निकासी की नाली बंद कर देने से गांव में पानी भरा हुआ है। जिससे ग्रामीण परेशान है। समस्या के निराकरण के लिए तहसील पहुंचे ग्रामीणों ने प्रदर्शन करके ज्ञापन सौंपा है।

मामला विकास खंड के गांव लोदीपुर मजरे कंदरावा का है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में जल निकासी के लिए नाली बनी हुई थी, जिससे पूरे गांव का पानी निकलता था। इधर इस नाली को बंद कर दिया गया है, जिससे गांव का पानी नहीं निकल पा रहा है। पानी गांव में भरा हुआ है। गांव के रास्ते भी कीचड़ से सराबोर है, जिससे आवागमन में भी असुविधा होती है।


जल निकासी की समस्या पर तहसील परिसर में प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

इस समस्या को लेकर ग्रामीण मंगलवार को तहसील पहुंचे और उन्होंने उग्र प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा है।

इस मौके पर श्यामलाल, शिव प्रताप, राज कुमारी, देव कली, उर्मिला, प्रेम कली, चंद्र कली, भगौती, आशा, मालती, सुशीला देवी, राजरानी, संपत देवी, तारावती आदि मौजूद थे।

# एमबीबीएस, नर्सिंग व पैरामेडिकल की छात्र-छात्राएं सम्मानित

संवाददाता,राही, रायबरेली



एम्स में सफेद कोट और पिनअप समारोह के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि प्रो . डा . अतुल गोयल महानिदेशक स्वास्थ सेवा और प्रो . डॉ . अरविंद राजवंशी एम्स निदेशक । अमृत विचार

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज में मंगलवार को सफेद कोट सेरेमनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. डा. अतुल गोयल महानिदेशक स्वास्थ सेवा और प्रो. डा. अरविंद राजवंशी एम्स निदेशक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। एम्स प्रशासन की ओर से एमबीबीएस, नर्सिंग और पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं को सफेद कोट के साथ बैच लगाकर सम्मानित किया गया। साथ ही नवागंतुक छात्रों को को एम्स प्रशासन ने बधाईदी।

मुख्य अतिथि ने चिकित्सा के क्षेत्र में अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया। सभी से आजीवन सीखते रहने का आग्रह किया। एम्स निदेशक प्रो. डॉ. अरविंद राजवंशी ने एम्स की उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सफेद कोट विश्वास व जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने सफेद कोट के महत्व के बारे मे बताते हुए सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना किया। कहा कि छात्र-छात्राओं के लिए यह पिन उनकी उपलब्धियां को दर्शाता है। साथ ही मेडिकल में सर्वोच्च नैतिक और व्यावहारिक मानकों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता को पेश करता है।

अधीक्षक प्रो. डॉ. सुयश सिंह ने संस्थान का संक्षिप्त परिचय देते हुए कहा कि चिकित्सक का लोगों के बीच में एक महत्वपूर्ण स्थान होता है। चिकित्सक स्वास्थ्य की जांच पड़ताल करता है। किसी व्यक्ति की मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों से जुड़ी परेशानियों को दूर करता है। डॉक्टर समाज का अभिन्न अंग है। डीन प्रो. डा. नीरज कुमारी ने नवनियुक्त जूनियर रेजिडेंट, एमबीबीएस, बीएससी नर्सिंग व बीएससी संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान के छात्र छात्रओ की जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला। डा. प्रबल जोशी के नेतृत्व में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर डॉ. मंजू राजवंशी, कर्नल यूएन राय वित्तीय सलाहकार, बाल योगेश्वर सिंह प्रशासनिक अधिकारी, प्रो. डा. गौरव उपाध्याय, डा. रजत शुभ्रा दास, डा. अभय सिंह, डा. अपाला, डा. कृष्ण सिंह, रवि विश्नोई नर्सिंग अधिकारी संकाय सदस्य मौजूद रहे।

# भाजपा की सक्रिय सदस्यता अभियान शुरू

रायबरेली,अमृत विचार : प्राथमिक सदस्यता के बाद अब सक्रिय सदस्य को लेकर भाजपा का नेतृत्व सक्रिय हो गया है। केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर मंगलवार को कार्यालय पर सक्रिय सदस्यता अभियान कार्यशाला की शुरुआत जिला कार्यालय प्रभारी आनंद रस्तोगी ने किया। कार्यशाला की अध्यक्षता बुद्धीलाल पासी ने की। मुख्य अतिथि पीयूष मिश्रा ने कहा कि अभी भी वह लोग 18 अक्टूबर तक प्राथमिक सदस्यता का लक्ष्य पूर्ण करते हुए उसे प्रदेश में सम्मानजनक स्थान तक पहुंचा सकते हैं। सौरभ मिश्रा, विकास सिंह, सरोज गौतम, देवेंद्र सिंह, किरन सिंह, जिला महामंत्री दिनेश त्रिपाठी, सत्येंद्र पांडे, वीरेंद्र सिंह, अमरेश मौर्य, विजय सिंह टप्पू, जन्मेजय सिंह, शरद सिंह, विवेक शुक्ला, पुष्पेंद्र सिंह, दल बहादुर सिंह, जेपी सिंह, सुशील, मनोज अवस्थी, दिवाकर, राम सुमेर, गोविंद सविता, सुबोध, सुनील, राजेश निर्मल, राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### दशहरा मेला का जवाबी कीर्तन के साथ हुआ आगाज

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। सोमवार से पांच दिवसीय बछरावां दशहरा मेला की शुरुआत हुई। मेले के प्रथम दिवस नगर वासियों ने राखी आजाद उरई जालौन व लाल मन चंचल कानपुर के बीच हुए जवाबी कीर्तन का आनंद लिया। कीर्तन कारों व आगंतुकों को माल्यार्पण व बैज लगाकर सम्मानित किया गया। दोनों कीर्तनकारों के बीच कड़ा मुकाबला पूरी रात्रि चला। सुबह निर्णायक मंडल द्वारा जवाबी मुकाबला में दोनों कीर्तनकारों को संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर शिवेंद्र सिंह उर्फ रामजी, शशिकांत मिश्रा, सतीश सिंह, दुर्गेश शुक्ला,नदीम मोबाइल, अशोक शुक्ला, रामकुमार सोनी, सुभाष नेता व शिवम मिश्रा सहित पूरी कमेटी के लोग मौजूद रहे।

### आरेडिका के केंद्रीय विद्यालय में लगा स्वास्थ्य शिविर


केंद्रीय विद्यालय के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक। अमृत विचार

लालगंज, रायबरेली,अमृत विचार। स्वच्छता पखवाड़े के तहत आरेडिका चिकित्सालय द्वारा रेल कोच आवासीय परिसर में स्थित केन्द्रीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 787 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ . मनीष कुमार मंडल चिकित्सा अधिकारी (चाइल्ड स्पेशलिस्ट), डॉ . आकांक्षा (दंत चिकित्सक) एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान 74 बच्चों में आंखों की समस्या, पांच में पीलिया, दो में हृदय संबंधी, एक में किडनी और 13 में कान, नाक, गले की समस्याएं पाई गई। सभी बच्चों के माता-पिता को सलाह दी गई कि वे चिकित्सालय आकर आगे के परीक्षण करवाएं। इस मौके पर डॉ . भूमिका सिंह, अनिल श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

### मां संकटा देवी मंदिर में हुआ कन्या भोज

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। मां गंगा के पावन तट पर स्थित प्रसिद्ध धार्मिक पीठ देवी मंदिर मां संकटा धाम में विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। इसके साथ ही गंगा आरती भी की गई। मंदिर के मुख्य व्यवस्थापक कुलदीप उर्फ सोनू मिश्रा के नेतृत्व में जहां कन्याओं का पूजन अर्चन हुआ। वहीं उन्हें प्रसाद ग्रहण कराया गया। मां गंगा की आरती और पूजन भी हुआ। इस मौके पर सोनू मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।


मां संकटा देवी मंदिर में प्रसाद वितरित करते आयोजक। अमृत विचार

### व्यापारियों ने कोतवाली प्रभारी को किया सम्मानित


महराजगंज कोतवाली प्रभारी को सम्मानित करते व्यापारी नेता। अमृत विचार

महराजगंज, रायबरेली,अमृत विचार। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष रिंकू जायसवाल की अगुवाई में कस्बा स्थित दानेश्वर मंदिर में दुर्गा पूजा के सफल आयोजन व शांति व्यवस्था में सराहनीय सहयोग के लिए व्यापारियों ने कोतवाली प्रभारी बालेंदु को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। व्यापारियों ने बताया कि 33 वर्ष पूर्व से दानेश्वर मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा कार्यक्रम का आयोजन नही हो रहा था। इस मौके पर मातादीन पासी, शिव कैलाश, मोहित सोनी, मुकेश, मुरली गुप्ता, बृजेश, प्रिंकल, प्रशान्त सहित कई लोग मौजूद रहे।

### किसान दिवस का आयोजन आज

रायबरेली,अमृत विचार। ऊंचाहार तहसील में 16 अक्टूबर को किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यहां पर आने वाले सभी किसानों को सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं व फसल से संबंधित जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी उप कृषि निदेशक ने दी है।

# पुलिस व किशोरों के बीच झड़प का वीडियो वायरल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने से पुलिस महकमें में हडकंप मचा हुआ है। इसमें पुलिस और दो किशोरों में झड़प होती दिखाई दे रही है। वहीं पास खड़ी एक महिला विरोध कर रही है। वायरल वीडियो शिवगढ़ थाना क्षेत्र के रानीखेड़ा का है। बताया जा रहा है कि रानीखेड़ा के रहने वाले शिवनन्दन व उनकी पत्नी पूजा यादव के मध्य आपस में काफी दिनों से विवाद चल रहा था। मामले में कोर्ट के आदेश पर पत्नी पूजा यादव ससुराल आई थी। ससुराल में करीब एक पखवाड़ा रुकने के बाद मायके चली गई थी। मायके से सोमवार को भाई के साथ पुनः वापस रानीखेड़ा ससुराल आई तो किसी बात को लेकर शिवनन्दन की पत्नी व साले से कहासुनी होने लगी। मामला बिगड़ता देख शिवनन्दन की पत्नी पूजा यादव ने डायल 112 पर फोन कर दिया। शिवगढ़ थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि रानीखेड़ा में शिवनन्दन अपनी पत्नी पूजा यादव व साले के साथ मारपीट कर रहा था, जिसको लेकर पत्नी ने 112 नम्बर डायल कर पुलिस सहायता मांगी थी। पत्नी पूजा यादव ने पति शिवनन्दन, रंजीत यादव व आनन्द यादव सहित तीन लोगों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया है।

# डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम देश के सच्चे सपूत : इं. वीरेंद्र

संवाददाता, रायबरेली


पूर्व राष्ट्रपति डॉ . एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर श्रद्धांजलि देते सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

**अमृत विचार:** मिसाइल मैन के नाम से प्रसिद्ध देश के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में मनाया गया। इस दौरान गोष्ठी का आयोजन किया गया। वहीं, उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर वक्ताओं ने चर्चा की।

सपा जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि डा. एपीजे अब्दुल कलाम असाधारण व्यक्ति एवं उच्च व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होनें देश के जाने माने प्रमुख वैज्ञानिक, रक्षा सलाहकार के रूप में देश के विकास एवं सुरक्षा के लिए अनेकों परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूर्ण करवाया। उन्हें जनता के राष्ट्रपति के साथ-साथ मिसाईल मैन के नाम से भी जाना जाता है। डा. कलाम ने सिखाया कि लगन एवं मेहनत से जीवन में प्रतिकूल परिस्थितियों पर भी सपने साकार हो सकते है।

जिला उपाध्यक्ष राजेश मौर्या ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डा. कलाम का जीवन अतुलनीय एवं उनके विचार अनुकरणीय है। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने कहा कि डा एपीजे अब्दुल कलाम महामहिम के पद पर होते हुए बहुत सादगी भरा जीवन जिया। अधिवक्ता सभा के प्रांतीय सचिव गोविन्द सिंह ने कहा कि उनके विचार आज भी प्रासंगिक है। खीरों के पूर्व प्रमुख उमाशंकर यादव ने कहा कि उन्हें देश के विकास पुरूष के रूप में सदैव याद रखा जायेगा। व्यापार सभा के अध्यक्ष संदीप शुक्ला ने का कि डा. कलाम ने एक वैज्ञानिक के रूप में पूरे विश्व में ख्याति अर्जित की।

अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह यादव, छात्र सभा अध्यक्ष शुभम लोहिया ने भी विचार व्यक्त किए। गोष्ठी का संचालन महामंत्री अरशद खान ने किया। इस मौके पर मुशीर अहमद, जगदेव यादव, चन्द्र प्रकाश आजाद, रंजीत यादव, डा. जावेद, दिनेश यादव, योगेश्वर पटेल, पुत्तन सिंह, नीलेश यादव, वीरेन्द्र यादव, मो. सईद, मो1 निसार, अखिलेश, बबलू, ममता यादव, आशुतोष यादव, दिलीप, शकील मंसूरी, राम खेलावन प्रजापति, समर बहादुर यादव, रेहान कजियाना, सुरेश पासवान, भूपेंद्र सिंह, रामनरेश, आदर्श, शिवनारायण सोनकर, प्रमोद यादव, श्रीपाल, राजेन्द्र बहादुर आदि मौजूद रहे।

# वर्षों पहले बना अतिरिक्त कक्ष शिक्षा विभाग को नहीं हुआ हैंडओवर

संवाददाता,लालगंज, रायबरेली


बहाई ग्राम पंचायत के पहाड़ीपुर गांव में स्थित कंपोजिट विद्यालय के निर्मित कक्ष।

**अमृत विचार:** विकास खंड क्षेत्र के बहाई ग्राम पंचायत के पहाड़ीपुर गांव के कंपोजिट विद्यालय में दस वर्ष पूर्व लाखों रुपये की लागत से अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया गया था। कक्ष में दरवाजा खिड़की लगे प्लास्टर का काम भी पूरा कर दिया गया था। लेकिन न तो दरवाजे और न ही खिड़कियों में पल्ले लगाए गए है। निर्माणकर्ता ने पूरा भुगतान करा लिया है, लेकिन भवन को शिक्षा विभाग को सुपुर्द नहीं किया गया है।

पहाड़ीपुर कंपोजिट स्कूल परिसर में बने एक अतिरिक्त कक्ष निर्माण लगभग एक दशक पहले लाखों रुपये की लागत से किया गया था। निर्माण के बाद से अभी तक कक्ष में पढ़ाई शुरू नहीं हुई है। कक्ष धीरे-धीरे खंडहर हो रहा है। वजह रही कि निर्माण करने वाली संस्था ने इस भवन को अभी तक शिक्षा विभाग को हैंडओवर ही नहीं किया है। भवन का हाल यह है कि कमरों में लगे दरवाजे खिड़की और विद्युत उपकरण नहीं लगायें गए हैं। आज यह स्कूल शिक्षा विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ। शिक्षा विभाग के अधिकारी स्कूल को भूल चुके हैं। आलम यह है कि अभी तक कक्ष के निर्माण करने वालों को न तो कोई नोटिस दी गई और न ही जांच कर अब तक इस पर कोई कार्रवाई की योजना बनाई गई। दस साल पहले बने अतिरिक्त कक्ष धीरे-धीरे खंडहर होने के कगार पर है। प्रधानाध्यापक दयाराम ने स्कूल के तीन कक्ष कंडम होने की सूचना संबंधित विभाग को दी। सबसे मजे की बात यह है कि तीन कंडम कक्ष की जो लिखा-पढ़ी विभाग को दी गई है उसमें वह अतिरिक्त कक्ष भी शामिल है जो अभी तक हैंडओवर भी नहीं हुआ है। पहाड़ीपुर गांव के ग्रामीणों ने बताया कि जब स्कूल में कक्ष निर्माण शुरू हुआ तब उन्हें भी लगा था कि स्कूल में अतिरिक्त कमरे के निर्माण के बाद बच्चों को पढ़ने के लिए जगह की अब कमी नहीं होगी, लेकिन यह हम अभिभावकों व बच्चों का सपना अधूरा ही रह गया। चूंकि दस साल पहले बना स्कूल के इस कक्ष में पढ़ाई ही शुरू नहीं हुई है।

> पहाड़ीपुर कंपोजिट स्कूल के सभी कक्षों को प्रयोग में लाया जा रहा है। इस परिसर में ऐसा कोई भवन नहीं है जिसका प्रयोग न किया जा रहा हो। उनके विद्यालय में विभाग को हैंडओवर करने वाला ऐसा कोई भवन नहीं है।
>
> -दयाराम,प्रधानाध्यापक, कंपोजिट स्कूल पहाड़ीपुर

> अभी जल्द ही मेरी पोस्टिंग हुई है। स्कूल को देखने के बाद ही पता चलेगा कि आखिर ऐसी कौन सी वजह रही है कि स्कूल में बने कमरे को हैंडओवर क्यों नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि जल्द ही कारवाई पूर्ण की जाएगी।
>
> -राजीव कुमार ओझा, ,एबीएसए, लालगंज

# फंदे पर लटकता मिला किशोरी का शव

**रायबरेली, अमृत विचार:** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध हालत में युवती का शव फंदे पर लटकता मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हरचंदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर की रहने वाली दलित युवती शिवानी (16) पुत्री दिनेश कुमार का गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में आम के पेड़ से दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर शव लटकता मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। हरंचदपुर कोतवाली प्रभारी बबिता ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। मामले की जांच की जा रही है।

# फांसी लगाकर युवती ने दी जान

## पड़ोसी पर परेशान करने का आरोप, मिला सुसाइड नोट, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, कोरांव/नैनी

**अमृत विचार :** यमुना नगर के कोरांव थाना क्षेत्र स्थित बड़ोखर में एक युवती ने फंदे से झूलकर अपनी जान दे दी। मौत से उसके घर में कोहराम मच गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बड़ोखर निवासी दुर्जन प्रसाद ने पुत्री लालती की शादी वर्ष 2015 में अमिलिया पाल गांव निवासी मंगला पुत्र बच्चू लाल के साथ किया था। पति मंगला घर से थोड़ी दूर स्थित अपने खेत मे काम कर रहा था। पत्नी लालती घर पर अपने आठ माह की बच्ची आर्या के साथ अकेली थी। पति जब काम करके घर पर भोजन करने पहुंचा तो पत्नी लालती का शव छत के कुंडे से लटकते देखा। इससे उसके होश उड़ गए। इसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों मे हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मृतका लालती के मायके व पुलिस को दी गई। पुलिस पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि महिला के पास एक सुसाइड नोट भी मिला है। उसमें लिखा गया है कि मेरे पति की कोई गलती नहीं है। मैं स्वयं खुदकुशी कर रही हूं। सुसाइड नोट में पड़ोस के एक युवक पर परेशान करने का आरोप भी लगाया गया है। इससे उक्त पड़ोसी युवक फरार हो गया। कोरांव थानाध्यक्ष नितेंद्र सिंह ने बताया की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उसी के अनुसार वैधानिक कार्रवाई होगी।

### भरत मिलाप दिखाने न ले जाने पर किशोरी फंदे से लटकी

**संवाददाता, पट्टी, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** भरत मिलाप दिखाने न ले जाने से नाराज किशोरी ने फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पट्टी थाना क्षेत्र के मोलनापुर गांव की 16 वर्षीय सेजल पुत्री दिनेश गौड़ कक्षा 10 में पढ़ती थी। सोमवार को घर के सभी सदस्य भरत मिलाप देखने जिला मुख्यालय जाने वाले थे। सेजल भी भरत मिलाप देखने जाने की जिद करने लगी। घरवाले गाड़ी में जगह न होने की बात कहकर उसे नहीं ले गए। उसे अगली बार भरत मिलाप दिखाने का आश्वासन दिया। इससे सेजल नाराज होकर अपने कमरे में चली गई। देर रात घर के लोग खाना खाने के लिए उसे बुलाने लगे तो कमरे का दरवाजा नहीं खुला। परिजनों ने खिड़की से देखा तो सेजल का शव छत के चुल्ले के सहारे फंदे से लटक रहा था। यह देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने उसे फांसी के फंदे नीचे उतारा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


सेजल (फाइल फोटो)

## बदमाशों ने युवक को अगवा कर पीटा

**रानीगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार:** घर से भरत मिलाप देखने गए युवक को अगवाकर कुछ बदमाशों ने पिटाई की। पिटाई कर उसे सड़क के किनारे फेंककर भाग निकले। नगर कोतवाली क्षेत्र के सहोदरपुर भगवा चुंगी निवासी 35 वर्षीय रजनीश पुत्र रामसुंदर सोमवार को भरत मिलाप देखने गया था। वहीं, प्रतापगढ़ में ही मंगलवार को भोर कुछ युवकों ने उसे अगवाकर लिया और रानीगंज थाना क्षेत्र की ओर ले आए। यहां बदमाशों ने मारपीट कर सड़क किनारे छोड़ कर चले गए। घटना की जानकारी होने पर उप निरीक्षक राज नारायण यादव ने घायल से घटना की जानकारी लेने के बाद नगर कोतवाली क्षेत्र की घटना बताकर उसे घर भेज दिया।

# महिला की गला दबाकर हत्या

## घर से 200 मीटर दूर मिला शव, गांव के 2 सगे भाइयों पर केस दर्ज

संवाददाता, कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** मायके आई विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी गई। उसका शव घर से करीब 200 मीटर दूर मिला।शव देख कर परिजन बिलखने लगे। मौत को लेकर प्रेम प्रसंग की चर्चा रही। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही दो सगे भाइयों के खिलाफ हत्या व धमकी का केस दर्ज किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जेठवारा थाना क्षेत्र के कटरा गुलाब सिंह चौकी अंतर्गत पूरे सुखदेव गांव की 26 वर्षीय सपना पुत्री माताफेर की शादी प्रयागराज बहरिया मुबारकपुर के रामचंद्र पटेल के साथ हुई थी। इस समय सपना अपने मायके पूरे सुखदेव आई थी। सोमवार देर शाम वह घर से निकली तो वापस नहीं लौटी। खोजबीन के दौरान देर रात घर के पास ही करीब 200 मीटर दूर उसका शव मिला। शव देखते ही परिजन गला दबाकर हत्या का आरोप लगाने लगे। पुलिस ने शव बरामद करने के बाद देर तक विभिन्न पहलुओं पर घटनास्थल पर छानबीन की। मृतका के भाई धर्मेंद्र पटेल ने गांव के ही वीरेन्द्र कुमार व विनय कुमार पुत्र मेवालाल के खिलाफ नामजद तहरीर दी। बताया कि आरोपी गंदी फोटो भेजकर उसे ब्लैकमेल कर करते थे। उसकी हत्या कर उसके शरीर पर के जेवर उतार लिए। आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

एसओ जेठवारा धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मायके आई युवती की मौत हुई है। परिजनों से मिली तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।


सपना (फाइल फोटो)

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

संवाददाता, मड़िहान (मिर्जापुर)

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में सोमवार की रात संदिग्ध हाल में महिला रेखा (32) की मौत हो गई। मृतिका की पुत्री ने अपने ही पिता पर मां को मारने का आरोप लगाया है। मृतका के पिता बड़े लाल ने पुलिस को तहरीर दे कर दामाद तौलन और उसके दोस्त पर बेटी के हत्या करने का आरोप लगाया है। उधर पत्नी की मौत के बाद से पति तौलन घर से फरार हो गया है।

तहरीर मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच पड़ताल में जुटी गई है। घटना के बारे में मृतका के पिता ने बताया कि घटना से एक दिन पहले बेटी रेखा, दामाद तौलन और उसका एक दोस्त तीनों एक ही बाइक से ससुराल शिवद्वार, सोनभद्र गए थे। ससुराल में ही बेटी दामाद के बीच किसी बात को लेकर अनबन हो गई। कुछ देर बाद तीनों एक ही बाइक से शिवद्वार से अपने घर राजापुर के लिए निकले। डेढ़ बजे रात को घर पहुंचे, आरोप है कि रास्ते में रेखा की ईट पत्थर से कुटाई की गई थी। बहरहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिये भेंज फरार पति की तलाश में जुट गई है।

# राजा भइया ने मृतकों के परिजनों को बंधाया ढांढस

संवाददाता, कुंडा/बाबागंज प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** मां दुर्गा की मूर्ति का शनिवार को विसर्जन करने जाते समय महेशगंज थाना क्षेत्र के मछेहा हरदोपट्टी गांव के शिवगढ़ तूरी गांव में हाईटेंशन लाइन के विद्युत तार से डीजे में करंट उतरने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। जानकारी होने पर मंगलवार को उनके घर शोक संवेदना व्यक्त करने जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया पहुंचे। उन्होंने मृतक रंजीत के बदगवां स्थित घर पर पहुंचकर उनके परिजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया।

इसके बाद मछेहा हरदोपट्टी गांव में मृतक अरुण सिंह के यहां भी पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। दोनों मृतकों के परिजनों को राजा भइया ने 1-1 लाख रुपए की नगद आर्थिक मदद दी। साथ उन्हें किसान दुर्घटना बीमा सहित अन्य सभी शासकीय मदद व हरसंभव सहायता करने का भी आश्वासन दिया। इस दौरान एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी, उनके पुत्र कुंवर बृजराज प्रताप सिंह, बाबागंज विधायक विनोद सरोज, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल, पूर्व प्रमुख पंकज सिंह, पूर्व प्रधान रमेश तिवारी, कुंवर सिंह, पूर्व बीडीसी मनोज सिंह, विनोद यादव समेत आदि उपस्थित रहे।


युवकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करने पहुंचे कुंडा विधायक राजा भइया।

**राजा भइया ने परिजनों को दी 1-1 लाख रुपये की आर्थिक मदद**

### कार्यकर्ताओं ने राजा भइया का किया भव्य स्वागत



**बाबागंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** नगर पंचायत हीरागंज बाजार में मंगलवार को क्षेत्र भ्रमण से लौटते समय जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुंडा विधायक राजा भइया का कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा की व मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज विनोद यादव, प्रभात सिंह, सभासद नरेंद्र सरोज, दिलीप पाल, शिवम मिश्र, हिमांशु मिश्र व संदीप यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपा ने मनाई डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने भारत के 11 वें राष्ट्रपति एवं वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि 15 अक्तूबर को डॉ. अब्दुल कलाम के जन्मदिन को छात्र दिवस के तौर पर मनाया जाता है। छात्रों और शिक्षा के प्रति डॉ. कलाम के प्रयासों के कारण ही उन्हें सम्मान देने के लिए इस दिन विश्व छात्र दिवस भी मनाते हैं। कहा कि कलाम साहब दुनियाभर में मिसाइल मैन के नाम से भी मशहूर हैं। रामेश्वरम में जन्मे कलाम बचपन में पायलट बनना चाहते थे लेकिन पारिवारिक कारणों से यह संभव न हो पाया। कलाम साहब ने वैज्ञानिक बनने की ठानी। डॉ. कलाम एक ऐसे वैज्ञानिक बने जिन्होंने पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन किया। मिसाइल प्रोग्राम में भारत के अग्रणी देशों में शामिल होने के पीछे उनका बड़ा योगदान रहा। जन्मदिन मनाने वालों में मुन्नी यादव, राजेश भारती, संतोष गोयल, सुभाष पटेल, झल्लू यादव, अरशद अली, मेवालाल प्रजापति, भरतलाल बिन्द, भोलानाथ यादव, धनन्जय सिंह, विजय प्रजापति, अर्जुन यादव, सत्यप्रकाश यादव, राजकुमार यादव, अहमद नवाज, विरेन्द्र यादव, दीपक मौर्या, सूरज यादव, रवि सोनकर आदि मौजूद रहे।



# टीजीटी-पीजीटी अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** शिक्षा सेवा चयन आयोग कार्यालय का मंगलवार की दोपहर हजारों की संख्या में टीजीटी और पीजीटी अभ्यर्थियों ने पहुंचकर घेराव करते हुए जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया। हंगामे की सूचना पर भारी संख्या में गेट के अंदर और बाहर फोर्स तैनात कर दिया गया। इस मौके पर लगभग एक हजार अभ्यर्थी पहुंचे थे। इसमें महिलाएं भी शामिल रहीं।

अभ्यर्थियों का नेतृत्व कर रहे अनिल सिंह ने कहा कि हम सभी पढ़ लिखकर बेरोजगार घूम रहे है। नौकरी देने के बदले सरकार अभ्यर्थियों को गुमराह कर रही है। उन्होंने हमें ऐसा रामराज्य नहीं चाहिए। हमारी दाढ़ी पक गई पर नौकरी नही मिल सकी। हम पढ़ लिखकर बेरोजगार घूम रहे है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि एक डेढ़ दशक से लोग नौकरी की तलाश में घूम रहे हैं, लेकिन मिल नहीं रही है। जबकि विधानसभा में जानकारी दी गई है कि एडेड माध्यमिक विद्यालयों में 25 हजार पद रिक्त हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी सभी रिक्त पदों को भरने की घोषणा की है। अभ्यर्थियों ने टीजीटी/पीजीटी व असिस्टेंट प्रोफेसर पोर्टल खोलने, परीक्षा तिथियों को तत्काल घोषित करने, जीव विज्ञान 2011 व कला 2016 के बचे साक्षात्कार कराने, प्रतीक्षा सूची जारी करने, शिक्षा आयोग की नियमावली में धारा 12,18 व 21 को पहले की तरह जोड़ने की मांग की है।


शिक्षा चयनबोर्ड कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते टीजीटी-पीजीटी अभ्यर्थी।

**हजारों की संख्या में पहुंच शिक्षा चयन आयोग कार्यालय को घेरा**

# बहराइच हिंसा: पुलिस मुस्तैद भड़काऊ पोस्ट पर कड़ी नजर

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** बहराइच में मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई हिंसा के बाद बढ़े बवाल को देखते हुए प्रयागराज में भी हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट खासकर संवेदनशील इलाकों और सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जाने वाले भड़काऊ पोस्ट पर निगरानी बनाए हुए है। प्रयागराज सहित अन्य जिलों में भी पुलिस अधिकारियों को कड़ा निर्देश जारी किया गया है। कहा गया है कि किसी भी तरह से माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करे।

बहराइच में हुई हिंसा के बाद फिलहाल संगमनगरी में शान्त प्रिय माहौल बना हुआ है। पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा ने शहर और देहात के सभी पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों को कड़ा निर्देश दिया है कि किसी भी प्रकार की होने वाली घटना की निगरानी बराबर करते रहे। टीम के साथ रात में गश्त करने के साथ मंदिरों, मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम करे। डीसीपी सिटी अभिषेक भारती ने कई थानों की फोर्स लेकर शहर में खुद गश्त किया। इसके आलावा एलआईयू और क्राइम ब्रांच की टीमें भी लगी हुई है। इसकी मॉनिटरिंग डीसीपी सिटी अभिषेक भारती कर रहे है।

**शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस ने शुरु किया फ्लैग मार्च**

# हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ ऐतिहासिक भरत मिलाप

संवाददाता, शाहगंज, जौनपुर

**अमृत विचार:** स्थानीय नगर का ऐतिहासिक भरत मिलाप सोमवार नगर के पुराना चौक में सम्पन्न हुआ। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का सूर्य रथ पर सवार हो रविवार की देर रात संगत जी से निकलकर नगर भ्रमण करते हुए सोमवार अपराह्न 12 बजे भरत मिलाप स्थल पुराना चौक पहुंचा जहां भैया भरत, शत्रुघ्न, प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण के मिलन को देखकर समूचा नगर भावुक हो उठा। जय श्रीराम के उद्‌घोष के बीच लोगों ने पुष्प वर्षा और आतिशबाजी की। कार्यक्रम को लीला प्रमुख प्रकांड विद्वान रामजी मिश्र ने सम्पन्न कराया।

दशहरा के दूसरे दिन नगर का सुप्रसिद्ध भरत मिलाप में भारी भीड़ देखने को मिली। सूर्य रुपी रथ नगर के श्री संगत जी मंदिर से रवाना हुआ। घास मंडी चौक से होते हुए विमान डाकखाना तिराहा पहुंचा। यहां से रामरथ के पीछे पीछे पन्द्रह अलौकिक झांकियां (लाग) एवं बारह दुर्गा पूजा प्रतिमाओं की शोभा यात्रा निकाली गई। अद्भुत झांकी द्वारा समाज की कुरीतियों एवं वर्तमान समय के समाज में व्याप्त धर्म, जाति एवं संस्कृति की राजनीति पर सीधा प्रहार किया गया था। प्रभु श्रीराम के पुष्पक विमान रूपी रथ के साथ हनुमान की भूमिका अजेन्द्र अग्रहरि और सुग्रीव की भूमिका पवन जायसवाल ने निभाई। मेला प्रमुख नगर पालिका अध्यक्ष रचना सिंह रहीं। अध्यक्षता अध्यक्ष संदीप जायसवाल ने किया। इस दौरान नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि विरेन्द्र सिंह, ओम प्रकाश जायसवाल, शीतल प्रसाद अग्रवाल, गीता जायसवाल, अनिल मोदनवाल, भुवनेश्वर मोदनवाल, सुशील सेठ बागी ने आरती करके प्रभु राम की आरती की जो लोगों का मन मोह लिया। वहीं, जेसीज चौक पर बनाये गये केन्द्रीय पण्डाल क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे। उपजिलाधिकारी राजेश चौरसिया व क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान पूरे कार्यक्रम के दौरान मुस्तैदी से चक्रमण करते रहे, जहां कोतवाली प्रभारी रोहित मिश्र सहित तमाम जवान मौजूद रहे।



## सार-संक्षेप

### केराकत तहसील के लुरखुरी गांव में चौपाल आयोजित

**संवाददाता, जौनपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद की अध्यक्षता में केराकत तहसील के लुरखुरी गांव में चौपाल आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी गयी और पुराने विवाद का निस्तारण कराया गया। शासन के निर्देश के क्रम में वरासत अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद ने लुरखुरी गांव में चौपाल लगाया। चौपाल में वरासत के 25 प्रकरण पाये गये। जिसपर जिलाधिकारी ने लोगों के प्रार्थना पत्र की जांच कर तत्काल पोर्टल पर दर्ज कराकर वरासत दर्ज कराया एवं अन्य प्रार्थना पत्रों के लिए जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। ग्राम के निवासी सुखदेव व राम प्रसाद के बीच पूर्व से विरासत व भूमि पर कब्जे के सम्बन्ध में विवाद था जिस पर जिलाधिकारी द्वारा दोनों भाई को गले मिलाकर विवाद का निस्तारण कराया गया।

### मोहम्मद शारिक़ सपा राज्य कार्यकारिणी के प्रदेश सचिव मनोनीत

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के साथ विभिन्न प्रकोष्ठों में अहम पद पर रहे मोहम्मद सारिक को समाजवादी पार्टी राज्य कार्यकारिणी का प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। यह निर्णय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति के बाद प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने किया है। राष्ट्रीय मुख्य महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव, प्रयागराज के जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष को इस सम्बन्ध की पत्र प्रतिलिपि प्रेषित कर बधाई दी गई। इस मौके पर पार्टी महानगर प्रवक्ता सैय्यद मोहम्मद अस्करी ने बताया कि मोहम्मद शारिक़ एक जुझारू व समर्पित कार्यकर्ता के साथ विभिन्न रामलीला कमेटी व नैनी व्यापार मंडल के संरक्षक भी हैं। इनके मनोनयन पर पूर्व मंत्री रामवृक्ष यादव, जौनपुर के पूर्व विधायक अरशद खान, एमएलसी मान सिंह यादव, विधायक मेजा संदीप पटेल, जिलाध्यक्ष जमुना पार पप्पू लाल निषाद, जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल कुमार यादव, महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन, महानगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि, ज़िला मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर, शहर दक्षिणी विधानसभा अध्यक्ष पीर मोहम्मद अज़हर, नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद मोईन, मोईन हबीबी, महेंद्र निषाद आदि मौजूद रहे।



### डीएलएड में आज से फिर पंजीकरण शुरू

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर डीएलएड – 2024 में से फिर आनलाइन पंजीकरण बुधवार की दोपहर से शुरू होने जा रहा है। अभ्यर्थी आनलाइन आवेदन बुधवार की दोपहर से 22 अक्टूबर की रात तक कर सकते हैं। अभ्यर्थी आनलाइन शुल्क 23 अक्टूबर की रात तक जमा कर सकते है। पूर्ण आवेदन के प्रिण्ट 25 अक्टूबर की रात 12 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। आनलाइन आवेदन करने, आनलाइन शुल्क जमा करने और आन लाइन प्रिण्ट प्राप्त करने की तिथि और समय खत्म होते ही वेबसाइट अपने आप लाक हो जाएगी।

### कास्मेटिक की दुकान में लगी आग से आधा दर्जन दुकानें खाक

**संवाददाता, राजगढ़ (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** थाना संतनगर अंतर्गत दीपनगर बाजार की आधा दर्जन दुकान आग से जल कर खाक हो गई। सोमवार की रात में किशन अग्रहरी सो गए। रात करीब साढ़े बारह बजे तेज धुंआ उठने के साथ आग की लपट से किशन अग्रहरी की दुकान जलने लगी दुकान में सोया किशन जब बाहर निकलना चाहा तो सिटकनी आगे और पीछे से बंद थी वह बगल के शिवमूरत योगी को फोन किया जिनके द्वारा सिटकनी खोल कर उसे बाहर निकाला। तब तक अगल बगल की दुकानों में भी आग बड़ी तेजी से फैलने लगी उस समय विद्युत सप्लाई बंद थी। दुकानदार दीपनगर विश्वजीत सिंह बंटी से जनरेटर के साथ पानी दिया तथा फायर ब्रिगेड को भी फोन किया। संतनगर थाना प्रभारी अपनी पुलिस फोर्स के साथ गश्त में निकले थे वे भी पहुंच गए। सूचना के डेढ़ घंटे बाद दो दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। दुकानदारों द्वारा चार घंटे जम कर आग बुझाया तब चार बजे भोर तक आग पर काबू पाया गया। तब तक आधा दर्जन दुकानें जल कर खाक हो चुकी थी।

### थानाध्यक्ष निलंबित, 5 आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता, बारा, प्रयागराज। अमृत विचार :** कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी बाजार हुई बीते रविवार को मकान की छत डालने के लिए शटरिंग का कार्य करा रहे पांच लोगों को दूसरे पक्ष के लगभग एक दर्जन लोगों द्वारा मारपीट कर अधमरा किए जाने के मामले में सोमवार को हंगामा हो गया था। धारा बढ़ाने व आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर भारतीय किसान यूनियन प्रयाग के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, व व्यापारियों ने नारेबाजी की थी। पुलिस ने धारा तो बढ़ा दिया लेकिन आरोपितो की गिरफ्तारी नहीं कर सकी। शाम पांच बजे गंभीर घायल अनिल केसरवानी के मौत की अफवाह फैलने पर हंगामा बढता देख कई थाने की फोर्स एवं एसीपी कौंधियारा, बारा व करछना ने मोर्चा संभाला लेकिन हंगामा नहीं रुक रहा था। रात 1:30 बजे डीसीपी यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने जारी चौकी पहुंच कर आश्वासन दिया की आरोपितो के खिलाफ गंभीर धाराएं बढ़ाई जाएगी, थानाध्यक्ष कौंधियारा के खिलाफ जांच व निलंबन की कार्रवाई की जाएगी, तब जा कर लोग शांत हुए। मंगलवार को एसीपी कौंधियारा विवेक यादव ने बताया कि थानाध्यक्ष कौंधियारा गणेश तिवारी को निलंबित कर उनकी जांच कराई जा रही है। हरिमोहन साहू, फूल कुमार साहू, किशन साहू, वंश साहू एवं राजकुमार साहू की पत्नी सहित पांच लोगों की गिरफ्तारी की गई है। दोपहर घायलो के स्वजनों से मिलने विधायक बारा वाचस्पति जारी बाजार पहुंच परिवार के लोगों को हर संभव मदद के लिए भरोसा दिया।

महाकुंभ 2025 | मेला प्राधिकरण की नई पहल से श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा

# मेले में बिछड़ने वाले श्रद्धालुओं को मिलाएगा एआई

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** महाकुंभ 2025 में संगमनगरी के रेती पर बसने वाले विशाल तम्बुओं की नगरी को बसाने की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। महाकुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियां नही होगी। इसके लिए मेला प्रशासन ने नया प्लान तैयार किया है। इस प्लान को पहली बार इस्तेमाल किया जा रहा है।

मेला प्राधिकरण इस बार मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को उनके अपनों से बिछड़ने के बाद उनकी तलाश करने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद लेगी। इसके उपयोग से बिछड़ने वालों को तलाश करने में आसानी होगी। यह पहली बार हो रहा है। जो मेला क्षेत्र में अपनों से बिछड़े लोगों को मिलाने में मदद करेगा। इस तैयार किये गये प्लान में प्राधिकरण की मदद एमएनएनआईटी यानि मोती लाल नेहरू नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कर रहा है। जिससे मेले के दौरान भटकने वालों को परेशानियां नही होंगी। मेला प्राधिकरण इसके लिए जियो टैगिंग का भी प्रयोग करेगा।

अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि इस एप की मदद से कोई भी अपनी क्षेत्रीय भाषा में सवाल करेगा, तो खोया पाया केंद्र में बैठे वालिंटियर को हिंदी में उसकी जानकारी मिलेगी। इसी प्रकार वालेंटियर जब हिंदी में संबंधित व्यक्ति को उसकी समस्या का समाधान बताएगा तो उनको उसकी क्षेत्रीय भाषा में जानकारी मिलेगी। अपर मेलाधिकारी ने बताया कि इस ऐप का उपयोग पहली बार महाकुंभ में किया जा रहा है। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान आने वाले लोगों को ठहरने की जगह से लेकर कहीं जाने तक की जानकारी उनकी अपनी क्षेत्रीय भाषा में यह एप उपलब्ध कराएगा। लोगों को अपने मोबाइल में इस एप को डाउनलोड करना होगा। जिससे उन्हे अपने करीबियों से मिलने में आसानी हो सकेगी।



### भाषा एप से जुड़ेगा खोया पाया केंद्र

महाकुंभ में देश के अलग-अलग राज्यों से करोड़ों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को बोलचाल भाषा की भी सुविधा मेले में दी जाएगी। महाकुंभ की भीड़ में अक्सर लोग अपने परिवार या मित्रजनों से बिछड़ जाते हैं। अलग क्षेत्रीय भाषा होने के कारण उनकी भाषाओं को समझने में दिक्कतें आने लगती है। इसको लेकर मेला प्राधिकरण की तरफ से भाषीणी एप का प्रयोग किया जा रहा है। जो अंग्रेजी समेत 11 क्षेत्रीय भाषाओं में लोगों के साथ जानकारी साझा करेगा और उनकी समस्याओं को दूर करेगा।

# फूलपुर उपचुनाव : 13 को होगा मतदान, सपा ने प्रत्याशी उतारा

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** प्रयागराज की सबसे हॉट फूलपुर विधानसभा सीट पर 13 नवंबर को उपचुनाव होगा। इसका एलान मंगलवार को कर दिया गया। चुनाव आयोग ने यूपी की 9 सीटों पर उपचुनाव कराने के लिए तिथि घोषित कर दी है। आगामी 13 नवंबर को चुनाव के बाद 23 नवंबर को परिणाम भी घोषित कर दिया जाएगा। जिसको लेकर सारी तैयारियां तेज कर दी गयी है।

फूलपुर विधानसभा सीट यूपी की हॉट सीटों में मानी जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फूलपुर सीट को स्वयं देख रहे है। इसके आलावा इस सीट का प्रभारी डिप्टी सीएम केशव मौर्य को नियुक्त किया गया है। मालूम हो कि उप चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने मंगलवार को चुनाव की तिथि को तय कर दिया है। 13 नवंबर को फूलपुर सीट पर चुनाव होगा। उप चुनाव को लेकर सपा ने अपने उम्मीदवार मुज्तबा सिद्दीकी को मैदान में उतारा है। जबकि बसपा पहले ही शिव बरन पासी को उम्मीदवार घोषित कर मैदान में उतार चुकी है। वहीं भाजपा ने अभी तक अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा नही की है। कहा जा रहा है कि बीजेपी से टिकट की दावेदारो कई बड़े नाम चर्चा में है।

### मुज्तबा सिद्दीकी 3 बार के हैं विधायक

मुज्तबा सिद्दीकी 3 बार विधायक रह चुके है। वह 2002 – 07 और 2012 तक सोरांव विधानसभा सीट से विधायक रहे। इसके बाद वह 2017 में प्रतापपुर विधानसभा सीट से विधायक चुने गए। बीते 2022 के चुनाव में वह फूलपुर से 2775 वोटों से हार गए थे। बता दें कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रवीण पटेल के सांसद चुने जाने के बाद यह सीट खाली हो गई थी। लोकसभा चुनाव में प्रवीण पटेल और सपा के अमरनाथ मौर्या के बीच कड़ा मुकाबला था। जिसमें अमरनाथ मौर्य चुनाव हार गए थे।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,820.12 | 25,057.35 |
| गिरावट | 152.93 | 70.60 |
| प्रतिशत में | 0.19 | 0.28 |

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360–2800 गेहूं (के 65) 3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500 दाल दलहन चना देशी 6800–7000 चना फार्मी 7200–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–620 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूंग खड़ा 10000–10500 मूंग दाल 10500–11000 मूंग धोवा 12000–13000 मसूर 8800–9000 मलका 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 13000–14000 राज्मा सफेद 13000–14000 राज्मा काला 11500–12500 मूंगफली का दाना 11000–12000 तेल तिलहन अलसी 5310–5510 लाही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000–3100 आटा 2700–2900

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 78,200 |
| सोना रवा | 78,050 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 93,100 |
| चांदी (999) | 93,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# खुदरा मुद्रास्फीति औसतन 4.5% रहने का अनुमान : डिप्टी गवर्नर

## रिजर्व बैंक के 90वें वर्ष पर हुए सम्मेलन को देबब्रत पात्रा ने किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी



- सरकार ने 4% रखने का दिया था निर्देश, तीन महीनों में 6% से रही है नीचे
- खाद्य और ईंधन की कीमतों में बार-बार उतार चढ़ाव ने मौद्रिक नीति के संचालन को दी चुनौती

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने कहा है कि खुदरा मुद्रास्फीति 2024-25 में औसतन 4.5% रहने और 2025-26 में लक्ष्य के अनुरूप होने का अनुमान है। सरकार ने रिजर्व बैंक को यह निर्देश दिया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 2% की घट-बढ़ के साथ 4% पर रहे। तीन महीनों में यह 6% से नीचे रही है।

पात्रा ने कहा कि 2025-26 में स्थायी रूप से लक्ष्य के अनुरूप रहने से पहले 2024-25 में खुदरा मुद्रास्फीति औसतन 4.5 प्रतिशत के करीब रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक के 90वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित उच्च स्तरीय सम्मेलन में पात्रा ने कहा कि खाद्य और ईंधन की कीमतों में बार-बार उतार चढ़ाव ने मौद्रिक नीति के संचालन को चुनौती दी है। पात्रा ने कहा कि भारत में मूल्य स्थिरता एक साझा जिम्मेदारी है, जिसके तहत सरकार लक्ष्य तय करती है और केंद्रीय बैंक इसे हासिल करता है। उन्होंने कहा कि इससे वित्तीय स्थिरता, राजकोषीय मजबूती या वृद्धि के लिए जोखिम पैदा किए बिना मौद्रिक-राजकोषीय समन्वय की अनुमति मिलती है।

### मौद्रिक नीति को लेकर आएंगी और भी चुनौतियां

पात्रा ने कहा कि आने वाले वर्षों में, मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप रखने पर आधारित मौद्रिक नीति को लेकर और भी बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। केंद्रीय बैंकों के समक्ष जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न समस्याओं को लेकर चुनौतियां हैं। इससे खाद्यान्न और ऊर्जा की कमी और उत्पादक क्षमता में गिरावट जैसे आपूर्ति झटके की आशंका है।

# जीटीटी : शेयर बाजार में एक स्मार्ट ट्रेडिंग रणनीति

शेयर बाजार में गुड टिल टाइड (जीटीटी) आदेश एक प्रभावी ट्रेडिंग उपकरण है, जो निवेशकों को अपने आदेशों को लंबी अवधि तक सक्रिय रखने की अनुमति देता है। यह आदेश तब तक लागू रहता है जब तक कि वह पूरी नहीं हो जाता या मैन्युअल रूप से रद्द नहीं किया जाता। जीटीटी की मदद से निवेशक बाजार की गतिविधियों पर नजर रख सकते हैं, बिना बार-बार अपने ऑर्डर को अपडेट किए। हालांकि, इसके साथ जुड़े जोखिमों को समझना जरूरी है, ताकि आप अपने निवेश निर्णयों को सही ढंग से ले सकें। आइए इसे जानें...



### कैसे काम करता है

- **ऑर्डर देना :** आप जीटीटी आदेश देकर इच्छित कीमत और मात्रा तय करते हैं। यदि आप किसी स्टॉक को 500 पर खरीदना चाहते हैं, तो जीटीटी आदेश सेट कर सकते हैं।
- **सक्रिय रहना :** यह आदेश तब तक सक्रिय रहता है जब तक, वह ट्रिगर प्राइस पर नहीं पहुंचता और पूरा नहीं होता। आप इसे मैन्युअल रूप से रद नहीं करते।
- **पूरा होना :** जब स्टॉक की कीमत आपके सेट किए गए मूल्य तक पहुंचती है, तब जीटीटी आदेश सक्रिय हो जाता है और ऑर्डर पूरा होता है।

### निवेशकों को लाभ

- **लचीलापन :** जीटीटी ऑर्डर को लंबे समय तक बनाए रखने की सुविधा देता है, जिससे वे बाजार की उतार-चढ़ाव का फायदा उठा सकते हैं।
- **सुविधा :** बार-बार अपने ऑर्डर को चेक करने की आवश्यकता नहीं होती, जिससे समय की बचत होती है।
- **शांति :** निवेशक बिना तनाव के अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, क्योंकि ऑर्डर अपने आप सक्रिय होता है।

### जीटीटी के प्रकार

जीटीटी लिमिट ऑर्डर के साथ उपयोग होता है, जिसमें आप एक निश्चित कीमत पर खरीदने या बेचने का आदेश देते हैं।

### जोखिम

- **बाजार में तेजी :** यदि स्टॉक की कीमत बढ़ती है और आप जीटीटी सेट करते हैं, तो लाभ से वंचित हो सकते हैं।
- **खराब प्रदर्शन :** यदि स्टॉक की कीमत लगातार घटती है, तो आप नुकसान में भी जा सकते हैं, खासकर अगर आपने एक उच्च ट्रिगर प्राइस सेट किया हो।
- **मैन्युअल रदीकरण :** कभी-कभी, निवेशक अपने ऑर्डर को मैन्युअल रूप से रद्द करना भूल सकते हैं, जिससे अवांछित खरीद या बिक्री हो सकती है।

## रियल एस्टेट में इक्विटी निवेश 4 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी निवेश 4% घटकर 2.3 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। संपत्ति सलाहकार एनारॉक के अनुसार कार्यालय परिसंपत्तियों में कम निवेश के कारण कुल निवेश में कमी आई।

एनारॉक ने कहा कि इस वर्ष अप्रैल-सितंबर में सौदों की कुल संख्या घटकर 17 रह गई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 24 थी। एनारॉक कैपिटल के प्रबंध निदेशक और सीईओ शोभित अग्रवाल ने कहा कि कार्यालय संपत्तियों में निजी इक्विटी निवेश मुख्य रूप से विदेशी निवेशक करते हैं।

# 6जी क्रांति के नेतृत्व को भारत तैयार : सिंधिया

दिल्ली, एजेंसी



- इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में संचार मंत्री बोले- 21 महीने में 98% जिलों और 90% गांवों तक पहुंचाया 5 जी

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि भारत 6जी के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने देश के दूरसंचार क्षेत्र को तेजी से आगे बढ़ने वाला और महत्वाकांक्षी करार दिया। इंडिया मोबाइल कांग्रेस और विश्व दूरसंचार मानकीकरण (डब्ल्यूटीएसए) 2024 के उद्घाटन पर सिंधिया ने कहा कि यह हमारा विश्वास और हमारी प्रतिबद्धता है भारत ने 4जी में दुनिया का अनुसरण किया, हम 5जी में दुनिया के साथ आगे बढ़े, लेकिन हम 6जी में दुनिया का नेतृत्व करेंगे।

सिंधिया ने कहा कि भारत में सबसे तेजी से 5जी सेवाएं शुरू कीं। केवल 21 महीने के अंतराल में 98% जिलों और 90% गांवों तक इसे पहुंचाया गया। प्रधानमंत्री मोदी का न केवल 6जी प्रौद्योगिकी को अपनाने का बल्कि देश को अग्रणी बनाने का लक्ष्य है। सिंधिया ने कहा कि दूरसंचार अधिनियम 2023 में हाल में किए बदलाव की रूपरेखा इस आधार पर तैयार की गई कि भारत के दूरसंचार ढांचे का आधुनिकीकरण हो सके, उपग्रह संचार के उच्च क्षमता वाले क्षेत्र जैसे अनसुलझे क्षेत्रों पर प्रकाश डाला जा सके, डिजिटल युग की चुनौतियों का समाधान किया जा सके, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा है।

### गोयल ने कहा, टेल्को से टेक्नो की तरफ बढ़ाएं कदम

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत में उच्च गुणवत्ता वाली दूरसंचार सेवाओं और उपकरणों के साथ दुनिया का प्रौद्योगिकी प्रदाता बनने की काफी संभावनाएं हैं। गोयल ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 सम्मेलन में कहा कि आइए, हम टेल्को (दूरसंचार कंपनी) से टेक्नो (प्रौद्योगिकी) की तरफ कदम बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि 4जी सेवाओं की शुरुआत के मामले में भारत थोड़ा पीछे था लेकिन 5जी सेवाओं के मामले में देश समानांतर रूप से इसकी पेशकश कर रहा है।

# 5 वर्षों में 5 लाख नौकरियां टाटा समूह करेगा सृजित : चंद्रशेखरन

नई दिल्ली, एजेंसी



- टाटा संस के चेयरमैन ने कहा- विकास नीति के बिना विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता है

टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने मंगलवार को कहा कि उनका समूह पांच साल में सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और संबंधित उद्योगों में विनिर्माण क्षेत्र में पांच लाख नौकरियों का सृजन करेगा। भारतीय गुणवत्ता प्रबंधन फाउंडेशन (आईएफक्यूएम) द्वारा आयोजित संगोष्ठी में टाटा संस के चेयरमैन ने कहा कि भारत विकास की नीति के बिना विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकता।

उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर में हमारे (टाटा समूह के) निवेश, प्रीसीजन मैन्यूफैक्चरिंग, असेंबली, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और संबंधित उद्योगों में हमारे निवेश के बीच मुझे लगता है कि हम अगले पांच वर्षों में पांच लाख विनिर्माण नौकरियों का सृजन करेंगे। असम में समूह के सेमीकंडक्टर संयंत्र तथा इलेक्ट्रिक वाहनों व बैटरी के लिए अन्य नई विनिर्माण इकाइयों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि हम कई संयंत्र स्थापित कर रहे हैं।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### सत्येंद्र जैन की जमानत पर फैसला रखा सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली की विशेष अदालत ने धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में कथित रूप से शामिल दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की नियमित जमानत याचिका पर मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रथम लिंक विशेष न्यायाधीश कावेरी बानेगा ने दलीलें पूरी होने के बाद मामले को 18 अक्टूबर को आदेश सुनाने के लिए स्थगित कर दिया। जैन के वकील ने पहले अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया कि गवाहों को प्रभावित करने की कोई आशंका नहीं है, और अगर अदालत ने उन्हें नियमित जमानत दी तो भागने का भी कोई खतरा नहीं है।

### इंडिगो की इमरजेंसी लैंडिंग, 70 यात्री सुरक्षित

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर मंगलवार अपराह्न एक बजे इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट में सवार सभी 70 यात्री सुरक्षित हैं। यह फ्लाइट एक बजे जगदलपुर से रायपुर के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन उड़ान के 12 मिनट बाद ही खिड़की टूटने से आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए फ्लाइट को एयरपोर्ट पर उतार लिया।

### जयपुर में ट्रक ने चार लोगों को रौंदा, मौत

**जयपुर।** जयपुर के मुरलीपुरा इलाके में ट्रक ने सड़क किनारे खड़े चार लोगों को कुचल दिया, जिससे सभी की मौत हो गई। दुर्घटना पुलिस थाना (पश्चिम) के थानाधिकारी जयदेव सिंह ने बताया कि यह हादसा सोमवार देर रात हुआ जब चार लोग काम के बाद घर जाने के लिए मुरलीपुरा इलाके में 200 फुट बाईपास पर खड़े थे तभी ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। मृतकों में लालचंद बुनकर, जगदीश प्रसाद गुर्जर, शंकर लाल गुर्जर शामिल हैं ये सभी चंदवाजी इलाके के रहने वाले थे। चौथे मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

### 104 किलो पटाखे के साथ दो लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 104 किलोग्राम पटाखे जब्त किए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को बाहरी दिल्ली के सुल्तान पुरी इलाके में व्यक्ति द्वारा खाद्य पदार्थों में पटाखे छिपाकर ले जाने की सूचना मिली थी। टीम ने एक बाइक को रोका और चालक मोहम्मद आकिब को पकड़ लिया। उन्होंने बाइक पर रखे प्लास्टिक के बैग की जांच की और खाद्य पदार्थों में छिपा कर रखे पटाखे बरामद किए।

# सभ्यता के इतिहास से समझ होगी विकसित

## गुजरात में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर बनाने के निर्णय का मोदी ने किया स्वागत

नई दिल्ली, एजेंसी



- आइए, पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करें शीर्षक प्रधानमंत्री ने सोशल मंच पर किया पोस्ट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर बनाने के उनकी सरकार के फैसले का उद्देश्य सभ्यता के इतिहास के बारे में लोगों की समझ विकसित करना है। उन्होंने पेशेवरों के सोशल मीडिया मंच लिंक्डइन पर आइए, पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करें शीर्षक से पोस्ट में कहा कि नई परियोजना निश्चित रूप से इतिहास प्रेमियों और पर्यटकों के बीच समान रूप से उत्साह बढ़ाएगी।

मोदी ने कहा कि इस तरह के प्रयास से पर्यटन अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, जिसे वह भारत में विकास के एक प्रमुख ताकत के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि जब पर्यटन बढ़ता है तो आय बढ़ती है। मैं आप सभी अग्रणी और सम्मानित पेशेवरों से आग्रह करता हूं कि आप पर्यटन क्षेत्र में नए अवसरों का पता लगाएं और इस पर अपने विचार मेरे साथ साझा करें। उन्होंने कहा कि इस तरह, हम एक मजबूत अर्थव्यवस्था में योगदान देंगे और साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने समृद्ध अतीत को संरक्षित करेंगे। यह परिसर प्राचीन लोथल को डॉक शहर की मिनी प्रतिकृति के रूप में फिर से जीवंत करेगा। मोदी ने कहा कि लोथल एक समय सभ्यताओं, विचारों और वस्तुओं का जीवंत समागम स्थल था और खुदाई से इसकी भूमिका एक महत्वपूर्ण समुद्री केंद्र के रूप में दिखती है।

### 10 वर्षों में देखा गया बदलाव

मोदी ने कहा कि 10 वर्षों में इस प्रवृत्ति में बदलाव देखा गया है। इसी भावना के साथ उनकी सरकार ने एक जीवंत राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर बनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इससे सभ्यता के इतिहास की हमारी समझ विकसित होगी। परिसर प्राचीन लोथल को डॉक सिटी की मिनी-प्रतिकृति के रूप में जीवन में वापस लाएगा। इस परिसर के केंद्र में प्रतिष्ठित लाइटहाउस संग्रहालय खड़ा होगा, जो 77 मीटर ऊंचा है और यह दुनिया में अपनी तरह का सबसे ऊंचा होगा। लोथल अहमदाबाद जिले के धोलका तालुका में आता है और यह एनएच 47 तथा राज्य राजमार्ग 8 के निकट है, जो अहमदाबाद, भावनगर तथा राजकोट जैसे शहरी केंद्रों को उत्कृष्ट सड़क संपर्क देता है। यह अहमदाबाद-भावनगर रेलवे लाइन पर लोथल-भुरखी रेलवे स्टेशन से छह किमी दक्षिण-पूर्व में है। यह पुरातात्विक स्थल तीन गांवों से घिरा है : सरगवाला, उतेलिया और गुंडी, जहां कृषि मुख्य व्यवसाय है।

## मुफ्त सौगातों पर केंद्र और निर्वाचन आयोग से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** चुनावों के दौरान मुफ्त सौगातों का वादा करने के चलन के खिलाफ नई याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने केंद्र तथा निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने बेंगलुरु निवासी शशांक जे. श्रीधारा की याचिका पर केंद्र सरकार तथा निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किए। वकील श्रीनिवास द्वारा दायर याचिका में आयोग को राजनीतिक दलों को चुनाव से पहले मुफ्त सौगातें देने के वादे से रोकने के लिए कदम उठाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि मुफ्त की रेवड़ियां बांटने के वादे सरकारी राजकोष पर बड़ा और बेहिसाबी वित्तीय बोझ डालते हैं।

# ध्यान भटकाने पर नहीं, जनता बुनियादी मुद्दों पर करेगी वोट

नई दिल्ली, एजेंसी



- कांग्रेस अध्यक्ष ने महंगाई के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महंगाई के मुद्दे पर मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जनता को भुखमरी में विश्वगुरु बना दिया है। उन्होंने महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा के बाद यह भी कहा कि चुनावों में ध्यान भटकाने की राजनीति नहीं चलेगी क्योंकि जनता बुनियादी मुद्दों पर वोट करेगी।

खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि महंगाई का आलम ये है कि खाद्य सुरक्षा में गरीबों को राशन का प्रावधान होने के बावजूद मोदी ने देश की जनता को भुखमरी में विश्वगुरु बना दिया है! वैश्विक भूख सूचकांक में भारत 105वें स्थान पर आ गया है। सितंबर महीने में रीटेल महंगाई बढ़कर 5.49 प्रतिशत पर पहुंची है, जो 9 महीने के उच्चतम स्तर पर है। अगस्त में ये 3.65 प्रतिशत पर थी। उन्होंने कहा कि मोदी ने पिछले साढ़े 10 सालों में साढ़े 10 सेकंड भी भाजपाई महंगाई की लूट में कमी नहीं की है। ध्यान भटकाने की राजनीति अब नहीं चलेगी, जनता बुनियादी मुद्दों पर वोट करेगी।

# पूर्व सीजेआई गोगोई के खिलाफ आरोपों से शीर्ष अदालत नाखुश

नई दिल्ली, एजेंसी



- याचिका खारिज कर याचिकाकर्ता को कक्ष से बाहर ले जाने का दिया आदेश

एक याचिकाकर्ता की ओर से भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) रंजन गोगोई पर लगाए गए आरोपों से अप्रसन्न उच्चतम न्यायालय ने उसकी याचिका मंगलवार को खारिज कर दी और सुरक्षा कर्मियों को उसे अदालत कक्ष से बाहर ले जाने का आदेश दिया। अरुण रामचंद्र हुबलीकर ने शीर्ष अदालत में सेवा से अपनी अवैध बर्खास्तगी के खिलाफ याचिका दायर की और सेवा विवाद में अतीत में दाखिल अर्जी को खारिज करने के लिए पूर्व प्रधान न्यायाधीश गोगोई के खिलाफ आंतरिक जांच कराने का अनुरोध किया।

आरोपों से नाराज न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सुरक्षा कर्मियों से हुबलीकर को अदालत कक्ष से बाहर ले जाने का आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने 30 सितंबर को पूर्व सीजेआई के खिलाफ जांच के अनुरोध वाली याचिका पर कड़ी आपत्ति जताई थी और याचिकाकर्ता से पक्षकारों की सूची से न्यायाधीश का नाम हटाने को कहा था।

## महाराष्ट्र को पटरी पर लाने तक रुकेगा नहीं यह बूढ़ा : शरद

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने कहा कि वह महाराष्ट्र को सही रास्ते पर लाने तक आराम से नहीं बैठेंगे चाहे वह कितने ही बूढ़े क्यों न हो जाएं। पवार ने महाराष्ट्र में सातारा जिले के फलटण में कहा कि चाहे 84 वर्ष का हो जाऊं या 90, यह बूढ़ा नहीं रुकेगा। वह राकांपा नेता रामराजे नाइक निंबालकर के भाई संजीव राजे नाइक निंबालकर और फलटण के विधायक दीपक चह्वाण को राकांपा में शामिल करने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

# मामले की जांच गंभीरता से जारी : सीबीआई

## आरजी कर मामला

- शीर्ष अदालत से कहा- एजेंसी घटना में अन्य लोगों की भूमिका की कर रही जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक से हुई दरिंदगी की जांच अत्यंत गंभीरता से जारी है। सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष अपनी पांचवीं वस्तु-स्थिति रिपोर्ट पेश की।

मेहता ने पीठ से कहा कि आरोपी संजय रॉय के खिलाफ सात अक्टूबर को आरोपपत्र दायर हुआ था और सियालदह अदालत ने संज्ञान लिया है। पीठ ने कहा कि सीबीआई रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि एजेंसी जांच के हिस्से के रूप में अन्य व्यक्तियों की भूमिका की जांच कर रही है। सीबीआई से तीन सप्ताह में एक और वस्तु-स्थिति रिपोर्ट मांगी गई है। चिकित्सा की सुरक्षा पर सिफारिश को गठित राष्ट्रीय कार्यबल के मुद्दे पर पीठ ने कहा कि सितंबर के पहले सप्ताह से इसकी कोई बैठक नहीं हुई है।

### दुर्गा पूजा कार्निवल स्थल के पास लगी निषेधाज्ञा रद



**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को रेड रोड पर होने वाले दुर्गा पूजा कार्निवल स्थल के आस-पास लागू निषेधाज्ञा को रद कर दिया। निषेधाज्ञा रेड रोड के पास कुछ सड़कों और इलाकों पर लागू थे, जहां मंगलवार शाम राज्य सरकार द्वारा पूजा कार्निवल होना है। आरजी कर की घटना को लेकर आंदोलन कर रहे चिकित्सकों ने मध्य कोलकाता में रानी रश्मोनी रोड के पास द्रोह कार्निवल का आह्वान किया है। निषेधाज्ञा को चुनौती देने वाली चिकित्सकों की अर्जी पर न्यायमूर्ति रवि कृष्ण कपूर ने राज्य सरकार द्वारा लागू प्रतिबंध को खारिज कर दिया। बंगाल सरकार 2016 से दुर्गा पूजा कार्निवल आयोजित कर रही है।

## केरल में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अपने सरकारी आवास में मिले मृत

**कन्नूर (केरल)।** उत्तरी केरल के कन्नूर जिले में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) नवीन बाबू मंगलवार को पल्लीकुन्नू में अपने सरकारी आवास पर मृत मिले। इससे एक दिन पहले ही कन्नूर के जिलाधिकारी समेत एडीएम के अन्य सहकर्मियों ने उन्हें स्थानांतरण के बाद विदाई दी थी। पुलिस ने बताया कि नवीन को एक दिन पहले ही अपने गृह जनपद पथनमथिट्टा में एडीएम का पदभार संभालने के लिए जाना था, लेकिन मंगलवार सुबह उनका शव उनके सरकारी आवस पर फंदे से लटका हुआ मिला। उनके विदाई समारोह में बगैर निमंत्रण पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष पीपी दिव्या ने एडीएम पर गलत कार्य करने का आरोप लगाया गया था।

- एक दिन पहले सहकर्मियों ने उन्हें स्थानांतरण पर दी थी विदाई

# मणिपुर : मेइती, कुकी, नगा समुदाय के विधायकों ने दिल्ली में की बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

- गृह मंत्रालय ने संघर्ष का सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने को बुलाई बैठक
- गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह नहीं हुए शामिल

मणिपुर में 17 महीने पहले भड़की जातीय हिंसा के बाद शांति बहाली के प्रयास के तहत मेइती, कुकी और नगा समुदायों से विधायकों ने मंगलवार को बैठक की। यह बैठक गृह मंत्रालय ने संघर्ष का समाधान करने के प्रयास के तहत बुलाई गई थी।

बैठक में मेइती से विस अध्यक्ष थोकचोम सत्यब्रत सिंह और विधायक थोंगम बसंतकुमार सिंह एवं तोंगब्राम रबिन्द्रो तथा कुकी से लेतपाओ हाओकिप व नेमचा किपगेन (दोनों राज्य मंत्री)व नगा से विधायक राम मुइवा, अवांगबो न्यूमई और एल. दिखो शामिल हुए। गृह मंत्रालय के वार्ताकार एके मिश्रा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह एवं मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह शामिल नहीं हुए।

## पंजाब में पंचायत चुनावों पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब में चल रहे ग्राम पंचायत चुनावों पर रोक लगाने से मंगलवार को इनकार करते हुए कहा कि मतदान के दिन (15 अक्टूबर) चुनाव पर रोक लगाने से अराजकता पैदा हो जाएगी।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पार्दीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने चुनाव रोकने से संबंधित कोई अंतरिम आदेश पारित कराने से इनकार किया, लेकिन पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया गया था।

- कोर्ट ने कहा- मतदान के दिन चुनाव पर रोक से पैदा हो सकती है अराजकता

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में एक और व्यक्ति गिरफ्तार

मुंबई, एजेंसी

- उप्र के बहराइच का है बालकराम संदिग्ध शूटर गौतम अब भी फरार

मुंबई पुलिस ने राकांपा नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि आरोपी की पहचान हरीशकुमार बालकराम (23) के रूप में हुई है जो उत्तर प्रदेश के बहराइच का रहने वाला है। बालकराम महाराष्ट्र के पुणे में कबाड़ विक्रेता था। आरोपी भी सिद्दीकी की हत्या की साजिश में शामिल है। उसे बहराइच से पकड़ा गया। साथ ही सिद्दीकी की हत्या के सिलसिले में अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने पहले कथित शूटर हरियाणा निवासी गुरमेल बलजीत सिंह, उत्तर प्रदेश के धर्मराज राजेश कश्यप और सह-साजिशकर्ता प्रवीण लोनकर को पुणे से गिरफ्तार किया था। बहराइच निवासी एक अन्य संदिग्ध शूटर शिवकुमार गौतम फरार है।

## लक्ष्य, मालविका डेनमार्क ओपन के पहले दौर में बाहर

**ओडेन्से, एजेंसी**



- चीन के लू गुआंग जू के खिलाफ सेन ने खेला कड़ा मुकाबला
- रितुपर्णा और स्वेतापर्णा पांडा बहनों की जोड़ी को भी मिली हार

भारत के लक्ष्य सेन को चीन के लू गुआंग जू के खिलाफ कड़ा संघर्ष करने के बावजूद मंगलवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर से बाहर होना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप (2021) के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य शुरुआती गेम को आसानी से जीतने के बावजूद मैच को भुनाने में नाकाम रहे। चीन के खिलाड़ी से उन्हें 70 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12 19-21 14-21 से शिकस्त मिली।

पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाला अल्मोड़ा का यह 22 वर्षीय खिलाड़ी पिछले सप्ताह फिनलैंड में आर्कटिक ओपन के दूसरे दौर में हार गया था। चीन ओपन में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय करने वाली मालविका बंसोड भी यहां शुरुआती दौर की बाधा पार करने में विफल रही। उन्हें वियतनाम की एंगुयेन थुये लिन्ह ने महिला एकल मैच में 21-13 21-12 से हराया। रितुपर्णा और स्वेतापर्णा पांडा बहनों की जोड़ी को भी पहले दौर में चीनी ताइपे के चांग चिंग हुई और या चिंग तुन की जोड़ी ने महिला युगल में 21-18, 24-22 से हराया। पेरिस ओलंपिक के बाद अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रहे लक्ष्य और लू के बीच शुरुआती सेट में करीबी मुकाबला हुआ। दोनों के बीच स्कोर 8-8 की बराबरी पर था लेकिन इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने लगातार तीन अंक हासिल कर ब्रेक तक अपनी बढ़त 11-8 कर ली।

उन्होंने इसके बाद लगातार सात अंक हासिल कर अपनी बढ़त को 20-11 किया और आसानी से इस गेम को जीत लिया। लक्ष्य ने दूसरे गेम में 8-2 की बढ़त बनाकर अच्छी शुरुआत की। लू इस अंतर को 11-12 करने में सफल रहे। भारतीय खिलाड़ी ने एक बार फिर से वापसी करते हुए 16-11 की बढ़त हासिल की लेकिन लू ने इसके बाद दमदार खेल और धैर्य का परिचय दिया जिससे उन्हें फायदा हुआ। उन्होंने 19-18 की बढ़त बनायी और फिर स्कोर 19-19 से बराबर होने पर दो अंक के साथ मुकाबला जीत लिया। लू इस लय को निर्णायक गेम में जारी रखने में सफल रहे। उन्होंने लक्ष्य पर दबाव कायम रखते हुए छह मैच प्वाइंट हासिल कर जीत दर्ज कर ली।

## महिला टी-20 टीम ने नहीं किया कोई सुधार : मिताली

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- भारत की पूर्व कप्तान बोलीं- खराब क्षेत्ररक्षण और बीच के ओवरों रन न बना पाना ही मुश्किल का सबब

भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज ने मंगलवार को महिला टी-20 विश्व कप में राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए पिछले तीन वर्षों में खेल के विभिन्न विभागों में सुधार करने में विफल रहने को जिम्मेदार ठहराया। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में यह पहली बार है कि भारत आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहा। इससे टीम का विश्व कप खिताब जीतने का इंतजार और बढ़ गया। कप्तान के रूप में उनके भविष्य पर गंभीर सवालिया निशान लग गए।

मिताली ने कहा इस टूर्नामेंट में हर दूसरी टीम ने सीमित गहराई के बावजूद विकास दिखाया है, इसका सबसे अच्छा उदाहरण दक्षिण अफ्रीका है। भारतीय बल्लेबाजों के लिए बीच के ओवरों में रन बनाना मुश्किल साबित हो रहा और टीम को यह भारी पड़ रहा है। भारतीय टीम की हार का दोष खराब क्षेत्ररक्षण पर भी मढा और कहा कि रोड्रिग्ज और राधा के अलावा सभी ने क्षेत्ररक्षण में निराश किया।

### भारतीय टीम की रणनीति कारगर नहीं

मिताली ने दुबई से पीटीआई से कहा कि टीम के पतन का कारण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की परिस्थितियों से जल्दी सामंजस्य बैठाने में विफल रहने के साथ बल्लेबाजी में स्पष्टता की कमी और खराब क्षेत्ररक्षण था। भारत की पूर्व कप्तान मिताली ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार ने इस बात को साबित किया कि इस टीम ने पिछले तीन साल में कोई सुधार नहीं किया है। मैं अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच की बात करूं तो यह जीतने लायक मैच था। हमारे पास मौके थे लेकिन ऐसा लग रहा था कि हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी परिपाटी का पालन कर रहे हैं जिसमें मैच को आखिरी ओवरों तक ले जाकर हार का सामना करना शामिल है। यह रणनीति कारगर नहीं है। मुझे लगता है कि पिछले दो-तीन वर्षों में मैंने वास्तव में इस टीम में कोई विकास नहीं देखा है।

## खेल डायरी

### बांग्लादेश के मुख्य कोच हथुरुसिंघा निलंबित

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने पिछले साल भारत में खेले गए एकदिवसीय विश्व कप के दौरान एक खिलाड़ी के साथ अनुचित आचरण करने के कारण पुरुष टीम के मुख्य कोच चंडिका हाथुरुसिंघा को निलंबित कर दिया है। श्रीलंका के पूर्व ऑलराउंडर हाथुरुसिंघा के कोच रहते हुए बांग्लादेश को हाल में भारत के खिलाफ टेस्ट और टी-20 शृंखला के सभी मैच में हार का सामना करना पड़ा था। बीसीबी ने उनकी जगह वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी फिल सिमंस को नियुक्त करने का फैसला किया है जो अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी तक यह पद संभालेंगे। वेबसाइट के अनुसार बांग्लादेश के मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघा को पिछले साल वनडे विश्व कप के दौरान एक खिलाड़ी को थप्पड़ मारने के आरोप के बाद निलंबित कर दिया गया है।

### पीसीबी ने जमान को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट शृंखला में बल्लेबाज बाबर आजम को टीम से बाहर किए जाने के बाद फखर जमान को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। फखर जमान ने दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच से बाबर आजम को बाहर किए जाने की खबर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस संबंध में टिप्पणी की थी। फखर ने इस फैसले को चिंताजनक बताते हुए कहा था कि पाकिस्तान के अब तक के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक बाबर आजम को बाहर किया जाना गलत संदेश देगा। फखर ने बोर्ड को खिलाड़ियों को नीचा दिखाने के बजाय उन्हें संरक्षित करने की मांग की थी। पीसीबी ने फखर जमान की इस पोस्ट पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बोर्ड ने कहा है कि एक केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी होने के नाते फखर को बोर्ड के खिलाफ सार्वजनिक तौर पर ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए थी।

### महिला कबड्डी लीग के चयन ट्रायल के बाद होगी नीलामी

**नई दिल्ली।** महिला कबड्डी लीग (डब्ल्यूकेएल) के उद्घाटन सत्र के लिए खिलाड़ियों को नीलामी से पहले राष्ट्रव्यापी चयन ट्रायल से गुजरना होगा। इस लीग के आयोजकों ने बिना कोई तारीख बताए मंगलवार को यह जानकारी दी। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक इस लीग में बेंगलुरु हॉक्स, दिल्ली दुर्गास, गुजरात एंजल्स, हरियाणा हसलर्स, ग्रेट मराठा, राजस्थान रेडर्स, तेलुगु वॉरियर्स और यूपी गंगा स्ट्राइकर्स सहित कई टीमें शामिल होंगी। डब्ल्यूकेएल के चयन ट्रायल्स आगामी सत्र का एक बड़ा आकर्षण होंगे क्योंकि यह देश के हजारों महिला खिलाड़ियों के लिए अवसर प्रदान करेंगे। लीग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ सीमा ने कहा हमारा लक्ष्य सिर्फ एक लीग बनाना नहीं है। हम एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का प्रयास कर रहे हैं जहां महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिल सकें। डब्ल्यूकेएल का आयोजन राउंड-रॉबिन प्रारूप में होगा जिसके मुकाबले अपने घर के साथ प्रतिद्वंद्वी टीम के घर में भी खेले जायेंगे। इसमें अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भागीदारी की भी योजना है।

### सोनम ने 10 मीटर एयर राइफल में जीता रजत

**नई दिल्ली।** भारत की सोनम मस्कर ने मंगलवार को आईएसएसएफ विश्वकप फाइनल 2024 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाजी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। आज यहां हुई स्पर्धा में 22 वर्षीय भारतीय निशानेबाज ने 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में 252.9 के स्कोर कर रजत पदक अपने नाम किया। वहीं चीन की युटिंग हुआंग ने 254.5 के स्कोर के साथ एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। फ्रांसीसी निशानेबाज ओसिएने मुलर ने 231.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक मिला। तिलोत्तमा सेन 167.7 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहीं। क्वालीफाइंग राउंड में सोनम मस्कर ने 11 निशानेबाजों के बीच 632.1 का स्कोर कर चौथा स्थान हासिल किया। तिलोत्तमा सेन ने कुल 628.9 अंक के साथ सातवां स्थान हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। शीर्ष आठ निशानेबाजों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। एना एनसेन ने 636.9 का क्वालीफाइंग विश्व रिकॉर्ड बनाया, लेकिन फाइनल में वह सातवें स्थान पर रहीं। यह आईएसएसएफ विश्वकप में सोनम का तीसरा पदक है। इस साल की शुरुआत में काहिरा में आईएसएसएफ विश्व कप में सोनम ने अर्जुन बाबूता के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में रजत पदक जीता था और 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत रजत पदक भी अपने नाम किया था।

# बेंगलुरु के मैदान पर आज होगा प्रतिभा का टेस्ट

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में नजरें गिल और जायसवाल पर, बारिश की संभावना

**बेंगलुरु, एजेंसी**



चिन्नास्वामी स्टेडियम पर मौसम बिगडने के चलते पिच कवर करते ग्रांउडमैन। ● एजेंसी

भारतीय क्रिकेट की अगली पीढ़ी के स्टार यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे तीन टेस्ट मैचों की शृंखला के पहले टेस्ट में अपने बेहतरीन फॉर्म को आगे ले जाना चाहेंगे। विराट और कप्तान रोहित अपने करियर के आखिरी पड़ाव में है और गिल तथा जायसवाल पर उनकी विरासत को आगे ले जाने की महती जिम्मेदारी है। बेंगलुरु के मैदान पर दोनों की टीम की परीक्षा होगी। मैच से पहले बारिश की भी संभावनाएं हैं, मैच देर शुरू हो सकता है।

गिल ने पिछली दस पारियों में तीन शतक और दो अर्धशतक जमाए हैं जबकि जायसवाल ने पिछली आठ पारियों में एक दोहरा शतक और पांच अर्धशतक जड़े हैं। गिल ने तेज गेंदबाजों की इनकमिंग गेंदों के खिलाफ परेशानी से पार पा ली है लेकिन ऐसी गेंदों पर विकेट गंवाने से बचना होगा। वहीं जायसवाल भी तेज गेंदबाजों को आक्रामक शॉट खेलने के प्रयास में तीन बार आउट हुए हैं। न्यूजीलैंड के पास भी मैट हेनरी, विलियम ओ राउरकी और टिम साउदी के रूप में आक्रामक तेज गेंदबाज हैं। ऐसे में गिल और जायसवाल पर जिम्मेदारी और भी बढ़ जाएगी क्योंकि विराट और रोहित सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं।

**मैच : सुबह 9:30 बजे**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, सिराज, आकाश दीप।

**न्यूजीलैंड :** टॉम लाथम (कप्तान), डेवोन कोंवे, केन विलियमसन, मार्क चैपमैन, विल यंग, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, मिचेल ब्रासवेल, मिचेल सेंटनेर, रचिन रविंद्र, टॉम ब्लंडेल, ऐजाज पटेल, जैकब डफी, मैट हेनरी, टिम साउदी, विलियम ओ राउरकी।

### शुरू से हमारे नेतृत्व समूह का हिस्सा रहे हैं बुमराह : रोहित



**बेंगलुरू।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जसप्रीत बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की शृंखला के लिए उप कप्तान नियुक्त किए जाने पर मंगलवार को यहां कहा कि यह तेज गेंदबाज खेल की बहुत अच्छी समझ रखता है और वह शुरू से टीम के नेतृत्व समूह का अभिन्न अंग रहा है। बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से यहां से शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैच की शृंखला के लिए उप कप्तान नियुक्त किया गया है। चयन समिति का यह फैसला चौंकाने वाला था क्योंकि बांग्लादेश के खिलाफ हाल में समाप्त हुई शृंखला के लिए किसी भी खिलाड़ी को उप कप्तान नहीं बनाया गया था। इससे संकेत मिलते हैं कि बुमराह भविष्य में टेस्ट टीम की कमान संभाल सकते हैं। रोहित ने कहा बुमराह ने बहुत अधिक क्रिकेट खेली है। मैं उनके साथ काफी क्रिकेट खेल चुका हूं। वह खेल की बहुत अच्छी समझ रखते हैं। जितना मुझे पता है उन्होंने अभी तक एक टेस्ट मैच और कुछ टी-20 मैचों में कप्तानी की है।

### भारत को हराने की चुनौती के लिए तैयार हैं हम : लैथम

**बेंगलुरू।** न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने मंगलवार को स्वीकार किया कि हर विभाग में मजबूत भारत को हराना बहुत बड़ी चुनौती होगी लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम तीन मैचों की टेस्ट शृंखला में इस चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। लैथम ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा इन हालात में बेशक आप स्पिनरों को देखते हैं। लैथम ने कहा उम्मीद है कि हम यहां के पिछले कुछ दौरों से मिले अनुभव का फायदा उठा पाएंगे। उन्हें पूर्व कप्तान केन विलियमसन की कमी खलेगी जो ग्रोइन की चोट के कारण दौरे के शुरुआती हिस्से से बाहर हो गए हैं। यह निराशाजनक है कि केन यहां नहीं है। उम्मीद करते हैं कि वह जल्द से जल्द तैयार होगा।

## ट्रॉफी जीतनी है तो बुमराह पर कसनी होगी लगाम : कमिंस

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मंगलवार को कहा कि अगर उनकी टीम को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतनी है तो उन्हें भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर लगाम कसने का तरीका ढूंढना होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की शृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। भारत ने लगभग एक दशक से यह ट्रॉफी अपने पास सुरक्षित रखी है। इस बीच उसने दो बार ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराया। कमिंस ने स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम में कहा मैं बुमराह का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मुझे लगता है कि वह एक शानदार गेंदबाज हैं। अगर हम उस पर लगाम कसने में सफल रहते हैं तो इससे हमें शृंखला जीतने में काफी मदद मिलेगी। कमिंस ने कहा कि उनकी टीम रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप की जीत से प्रेरणा लेगी।

### शमी फिट नहीं, उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं ले जाना चाहते हैं : रोहित

**बेंगलुरु।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को यहां कहा कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अभी पूरी तरह से फिट नहीं हैं और टीम उन्हें ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर ले जाने का जोखिम नहीं उठाना चाहती है। उन्होंने कहा कि घुटनों में सूजन के कारण इस तेज गेंदबाज को टखने के ऑपरेशन से उबरने में परेशानी आ रही है। शमी ने भारत की तरफ से आखिरी मैच पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप का फाइनल खेला था। रोहित ने कहा ईमानदारी से कहूं तो अभी हमारे लिए उनके बारे में फैसला करना काफी मुश्किल है कि वह वर्तमान शृंखला या ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पूरी तरह फिट हो पाते हैं या नहीं। हाल ही में उनके घुटने में सूजन थी, जो काफी असामान्य है।

## हॉकी इंडिया महिला लीग नीलामी के पहले चरण में उदिता को मिले 32 लाख



- श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने भारतीय डिफेंडर को खरीदा

**नई दिल्ली।** भारतीय डिफेंडर उदिता दुहान हॉकी इंडिया महिला लीग के पहले चरण के लिये सबसे महंगी बिकी जिन्हें श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने मंगलवार को नीलामी में 32 लाख रूपये में खरीदा। नीदरलैंड की ड्रैग फ्लिकर यिब्बी यानसेन को ओडिशा वारियर्स ने 29 लाख रूपये में खरीदा।

भारत की लालरेम्सियामी (बंगाल टाइगर्स 25 लाख), सुनेलिटा टोप्पो (दिल्ली एसजी पाइपर्स 24 लाख), संगीता कुमारी (दिल्ली एसजी पाइपर्स 22 लाख) पर भी अच्छी बोलियां लगी। विदेशी खिलाड़ियों में बेल्जियम की चार्लोट एंजेलबर्ट (सूरमा हॉकी क्लब 16 लाख), जर्मनी की चार्लोट स्टापेनहोर्स्ट (सूरमा हॉकी क्लब 16 लाख) और ऑस्ट्रेलिया की जेसलिन बार्टरम (ओडिशा वारियर्स 15 लाख) अच्छे दाम पर खरीदी गई। वंदना कटारिया को बंगाल टाइगर्स ने 10.5 लाख में खरीदा। भारतीय कप्तान सलीमा टेटे (20 लाख), इशिका चौधरी (16 लाख) और नेहा गोयल (10 लाख) को ओडिशा वारियर्स ने खरीदा। सविता (20 लाख), शर्मिला देवी (10 लाख) और निक्की प्रधान (12 लाख) को सूरमा क्लब ने खरीदा है।

## बरसों से महिला हॉकी लीग का इंतजार था : रानी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- पूर्व कप्तान बोलीं- कोच के रूप में वापस हॉकी से जुड़ना गर्व की बात

भारतीय महिला हॉकी की पोस्टर गर्ल रही पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने महिला लीग की शुरूआत को देश में खेल के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि उन्हें बरसों से इसका इंतजार था और अब खिलाड़ी के रूप में भले ही नहीं लेकिन कोच के तौर पर भी इससे जुड़कर वह गर्व महसूस कर रही हैं।

तोक्यो ओलंपिक 2021 में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम की कप्तान रही रानी देश में पहली बार शुरू हो रही हॉकी इंडिया महिला लीग में पंजाब और हरियाणा के सूरमा हॉकी क्लब की मेंटर और कोच होंगी। रानी ने यहां महिला लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी से इतर कहा हॉकी मेरा जुनून है। मैंने जितने समय खेला, जुनून के साथ खेला। मेरे दिमाग में हमेशा से यह था कि भारतीय हॉकी से जुड़ने के लिए जो भी मौका मिलेगा, उसे मैं स्वीकार जरूर करूंगी।

हॉकी मेरे दिमाग में हमेशा चलती रहती थी। भारत के लिए 212 मैचों में 134 गोल कर चुकी पद्मश्री से सम्मानित 30 वर्ष की इस खिलाड़ी ने कहा मैने राष्ट्रीय टीम में वापसी की बहुत कोशिश की लेकिन ओलंपिक से पहले हो नहीं पाया। इस महिला लीग के लिए हमने बहुत साल इंतजार किया है और जब यह शुरू हुई तो खिलाड़ी नहीं लेकिन कोचिंग स्टाफ के तौर पर जुड़कर भी बहुत अच्छा लग रहा है।

यह पूछने पर कि क्या लीग में खेलने की इच्छा नहीं थी, रानी ने कहा कि कई बार कठिन फैसले लेने पड़ते हैं हालांकि उन्होंने खेल से संन्यास के बारे में कोई खुलासा नहीं किया। मैं एक महिला खिलाड़ी हूं और मैने बहुत संघर्ष झेला है। एक खिलाड़ी हमेशा खिलाड़ी होता है। खेलने की ख्वाहिश कभी खत्म नहीं होती। कई बार आपको कठिन फैसला लेना होता है और मैने कोचिंग स्टाफ के साथ जुड़ने का फैसला किया। संन्यास के बारे में बोलना अभी मुश्किल है।

## बॉलीवुड हलचल



### परमसुंदरी में साथ दिखेगी सिद्धार्थ-जाह्नवी की जोड़ी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की जोड़ी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म परमसुंदरी में नजर आ सकती है। बॉलीवुड में चर्चा है कि मैडॉक फिल्म्स के निर्माता दिनेश विजन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर को लेकर रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन तुषार जलोटा करेंगे। इस फिल्म का अस्थायी नाम परम सुंदरी रखा गया है। दिनेश विजान ने सिद्धार्थ-जाह्नवी के साथ एक एक्शन थ्रिलर प्लान की थी, जिसके लिए उन्होंने तुषार को साइन किया था। हालांकि वक्त के साथ दिनेश-सिद्धार्थ को लगा कि जिस स्क्रिप्ट पर वो काम कर रहे हैं, उसमें बॉक्स ऑफिस पर परफॉर्म करने का बहुत कम दम है। दर्शकों अलग तरह की फिल्में देखना पसंद कर रहे हैं, जिस कारण उन्होंने एक नई स्क्रिप्ट का चुनाव किया है।

### प्राइम वीडियो ने सिटाडेल: हनी बनी का ट्रेलर किया रिलीज

**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने आज बहुप्रतीक्षित ओरिजिनल सीरीज, सिटाडेल : हनी बनी का एक्शन से भरपूर ट्रेलर रिलीज कर दिया है। सिटाडेल : हनी बनी का निर्देशन राज और डीके (राज निदिमोरू और कृष्णा डीके) ने किया है और इसे सीता आर. मेनन के साथ राज और डीके ने लिखा है। यह सीरीज डी2आर फिल्म्स, अमेज़ॅन एमजीएम स्टूडियोज और एजीबीओ के रुसो ब्रदर्स द्वारा निर्मित की गई है। इस सीरीज में वरुण धवन और समांथा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके साथ ही के.के. मेनन, सिमरन, साकिब सलीम, सिकंदर खेर, सोहम मजूमदार, शिवांकीत परिहार और कश्वी मजमूदार भी अहम भूमिका में नजर आयेंगे। सिटाडेल : हनी बनी का प्रीमियर 7 नवंबर को विशेष रूप से भारत में प्राइम वीडियो पर और 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में किया जाएगा। प्राइम वीडियो, इंडिया के ओरिजिनल्स के प्रमुख निखिल मधोक ने कहा, टीजर को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद, शो के प्रति उत्साह और प्रत्याशा हर दिन बढ़ रही है, और वरुण, समांथा और राज एंड डीके के प्रशंसक 07 नवंबर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हमें लगा कि यह सही समय है कि हम एक्शन से भरपूर ट्रेलर के जरिए दर्शकों को सिटाडेल : हनी बनी की अद्भुत दुनिया की




एक झलक दिखाएं। राज और डीके ने इस हाई-ऑक्टेन स्पाई थ्रिलर में अपनी अनोखी शैली और आकर्षण को जोड़ा है, जो हमारे दर्शकों के लिए एक नए रोमांचकारी सफर का वादा करता है।

### 26 से शुरू होगा इंडियन आइडल का 15वां सीजन

**मुंबई।** सिंगिग रियालिटी शो इंडियन आइडल का 15वां सीजन 26 अक्टूबर से सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन पर शुरू होगा। इंडियन आइडल जल्द ही सोनी टीवी पर अपना 15वां सीजन शुरू करने के लिए तैयार है। इस सीजन को लोकप्रिय गायक-रैपर बादशाह, पार्श्वगायिका श्रेया घोषाल और पार्श्वगायक विशाल ददलानी जज करेंगे। सोनी चैनल ने इंडियन आइडल सीजन 15 का एक नया प्रोमो शेयर किया है। प्रोमो में सोनी चैनल ने बताया है कि इंडियन आइडल 26 अक्टूबर से शुरू होगा। यह शो शनिवार-रविवार रात 9 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन पर प्रसारित होगा।

## सैफ चैंपियनशिप के लिए भारत की 23 सदस्यीय महिला टीम घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच संतोष कश्यप ने 17 से 30 अक्टूबर तक खेली जाने वाली सैफ महिला चैंपियनशिप 2024 के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी हैं। सैफ के सभी मुकाबले नेपाल के काठमांडू के दशरथ स्टेडियम में खेले जाएंगे।

इस चैंपियनशिप में भारत को ग्रुप ए में बंगलादेश और पाकिस्तान के साथ रखा गया है। मेजबान नेपाल ग्रुप बी में श्रीलंका, मालदीव और भूटान के साथ है। गोवा में तीन सप्ताह के गहन शिविर के बाद भारतीय टीम आज काठमांडू के लिए रवाना होगी। भारतीय टीम 17 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ मैच के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, उसके बाद गत चैंपियन बंगलादेश के साथ ग्रुप चरण का अंतिम मुकाबला होगा। दोनों सेमीफाइनल 27 अक्टूबर को हैं, वहीं फाइनल 30 अक्टूबर को खेला जाएगा।

### फ्रांस और जर्मनी ने नेशंस लीग में अपने अपने मुकाबले जीते

**ब्रसेल्स।** फ्रांस ने नेशंस लीग फुटबॉल में रेंडेल कोलो मुआनी के दो गोलों के दम पर बेल्जियम को 2-1 से हराया। काइलियान एमबाप्पे के बिना उतरी फ्रांसीसी टीम के लिए मुआनी ने दोनों हाफ में एक-एक गोल दागा। वहीं म्युनिख में खेले गए मैच में जर्मनी ने नीदरलैंड को 1-0 से मात दी। जर्मनी के जैमी ल्यूलिंग का दूसरे मिनट में किया गया गोल वीडियो रिव्यू के बाद खारिज हो गया लेकिन उन्होंने 64वें मिनट में गोल दागा। अन्य मैचों में इटली ने इस्राइल को 4-1 से हराया जबकि हंगरी ने बोस्निया को 2-0 से मात दी। दो ग्रुप मैच नवंबर में होंगे। फ्रांस, इटली और जर्मनी शीर्ष पर हैं और उनके क्वार्टर फाइनल में जाने की प्रबल संभावना है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# कई विपक्षी सांसदों ने वक्फ विधेयक समिति की बैठक से किया वाकआउट

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्ष के कई सांसदों ने मंगलवार को वक्फ विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक से बहिर्गमन किया और आरोप लगाया कि भाजपा के एक सदस्य ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है।

कल्याण बनर्जी, गौरव गोगोई, ए राजा, मोहम्मद अब्दुल्ला और अरविंद सावंत सहित विपक्षी सदस्य संसदीय समिति की बैठक से उठ कर बाहर चले गए। संसदीय समिति अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधियों के पक्ष सुन रही थी। एक घंटे तक बैठक से दूर रहने के बाद विपक्षी सदस्य फिर से इसमें शामिल हुए। भाजपा सदस्यों का दावा था कि विपक्षी सदस्य समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल को लेकर अशोभनीय टिप्पणी कर रहे थे।

### बैठक में नियमों के उल्लंघन का आरोप

विपक्ष के कई सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि बैठक में संसदीय आचार संहिता का घोर उल्लंघन हुआ है। यह पत्र कर्नाटक राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अनवर मणिप्पाडी के वक्तव्य पर कई विपक्षी सांसदों द्वारा समिति की बैठक का बहिष्कार करने के एक दिन बाद आया है। मणिप्पाडी ने वक्फ संपत्तियों के कथित गबन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और के रहमान खान सहित कई विपक्षी नेताओं का नाम लिया था।

# वेनेजुएला में तख्तापलट को मस्क ने किए खर्च एक अरब डॉलर : मादुरो

**कराकस।** राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने एक्स के मालिक एलन मस्क पर एक अरब डॉलर खर्च करके वेनेजुएला में तख्तापलट की कोशिश का आरोप लगाया है।

मादुरो ने टीवी शो विद मादुरोप्लस में कहा कि मस्क ने वेनेजुएला में तख्तापलट, फासीवादी विद्रोह और चुनावी प्रक्रिया के खिलाफ हिंसा के लिए एक अरब डॉलर खर्च किये हैं। उनका मानना है कि टेक मुगल वेनेजुएला में सत्ता हथियाने के विचार से ग्रस्त है और दक्षिण अमेरिकी देश में सार्वजनिक अशांति को वित्तपोषित करके इस लक्ष्य तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं मस्क अपने एक्स पर पलटवार किया है।

# भारतीय मूल की सिंगापुर की दो महिलाओं को हर वर्ल्ड का सम्मान

सिंगापुर, एजेंसी

अपने-अपने क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित करने वाली भारतीय मूल की दो महिलाओं को सिंगापुर में फैशन और स्टाइल पत्रिका हर वर्ल्ड की ओर से सम्मानित किया गया है। द स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, 72 वर्षीय न्यायमूर्ति जूडिथ प्रकाश को सोमवार को पत्रिका के वार्षिक पुरस्कार समारोह में कानूनी क्षेत्र में उनके अग्रणी कार्य के लिए हर वर्ल्ड वूमन ऑफ द ईयर 2024 घोषित किया गया।

राष्ट्रीय धावक शांति परेरा (28) को उनकी खेल उपलब्धियों के लिए वर्ल्ड यंग वूमन अचीवर 2024 पुरस्कार मिला। न्यायमूर्ति प्रकाश सिंगापुर की पहली महिला अपील न्यायाधीश हैं और उन्हें पहली बार 1992 में सर्वोच्च न्यायालय की पीठ में नियुक्त किया गया था।

न्यायाधीश के रूप में अपने 31 वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने 645 निर्णय लिखे और उनको मूल्यवान प्रस्तावों के कारण विधि रिपोर्टों में शामिल किया गया। 2018 से 2022 की शुरुआत के बीच परेरा को कई असफलताओं का सामना करना पड़ा। उन्हें पिंडली में चोट की पीड़ा झेलने के साथ ही दो छात्रवृत्तियों से हाथ धोना पड़ा, लेकिन परेरा ने हार नहीं मानी और 100मीटर तथा 200 मीटर में नये राष्ट्रीय रिकार्ड बनाए।

# 40 प्रतिशत दिव्यांगता एमबीबीएस में दाखिल से नहीं रोकती : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- **पीठ ने कहा- उम्मीदवार की क्षमता की जांच विकलांगता मूल्यांकन बोर्ड से होनी चाहिए**
- **केवल तय मानक के आधार पर अभ्यर्थी को अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता**

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि केवल 40 प्रतिशत दिव्यांगता का तय मानक किसी को मेडिकल शिक्षा प्राप्त करने से नहीं रोकता, जब तक कि विशेषज्ञ की रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख न हो कि अभ्यर्थी एमबीबीएस करने में असमर्थ है।

न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने अपने 18 सितंबर के आदेश के लिए विस्तृत कारण बताए। इस आदेश में न्यायालय ने एक उम्मीदवार को एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने की अनुमति दी थी क्योंकि मेडिकल बोर्ड ने कहा था कि वह बिना किसी बाधा के मेडिकल शिक्षा प्राप्त करने में समर्थ है। पीठ ने कहा कि दिव्यांग उम्मीदवार की एमबीबीएस पाठ्यक्रम में पढ़ाई करने की क्षमता की जांच विकलांगता मूल्यांकन बोर्ड की ओर से की जानी चाहिए। इसने कहा कि केवल निर्धारित मानक की दिव्यांगता होने के आधार पर अभ्यर्थी को एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए पात्रता के अयोग्य नहीं ठहराया जाएगा। अभ्यर्थी की दिव्यांगता का आकलन करने वाले विकलांगता बोर्ड को सकारात्मक रूप से यह दर्ज करना होगा कि अभ्यर्थी की दिव्यांगता पाठ्यक्रम की पढ़ाई में अभ्यर्थी के लिए बाधा बनेगी या नहीं। अगर ऐसा है तो उसे कारण बताना चाहिए। न्यायालय ने ओंकार नामक छात्र की याचिका पर यह फैसला सुनाया, जिसने 1997 के स्नातक चिकित्सा शिक्षा विनियमन को चुनौती दी है जो 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले अभ्यर्थी को एमबीबीएस करने से रोकता है।

## एक नजर

### ऑनलाइन पंजीकरण के बिना होंगे सबरीमला में दर्शन : विजयन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि वर्चुअल बुकिंग (ऑनलाइन पंजीकरण) कराए बिना सबरीमाला आने वाले तीर्थयात्रियों को भी भगवान अयप्पा मंदिर में सुचारू दर्शन की सुविधा प्रदान की जाएगी। व्यापक विरोध के बीच पिनराई विजयन सरकार ने आगामी तीर्थयात्रा के दौरान केवल 'वर्चुअल' कतार बुकिंग (ऑनलाइन) के माध्यम से दर्शन प्रदान करने के अपने पहले के फैसले को बदल दिया। उन्होंने कहा कि बिना वर्चुअल कतार बुकिंग के आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए भी सुचारू दर्शन की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी उन लोगों के लिए भी दर्शन सुनिश्चित किए जाएंगे जिन्होंने ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कराया है और जो प्रणाली के बारे में जाने बिना आते हैं।

### रूसी वायु रक्षा ने तीन यूक्रेनी ड्रोन किए नष्ट

**मॉस्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने बेलगोरोड, कुर्स्क और तुला क्षेत्रों में सोमवार रात तीन यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार पिछली रात, कीव शासन द्वारा रूसी संघ के क्षेत्र पर मानव रहित हवाई वाहनों का उपयोग करके आतंकवादी हमले को अंजाम देने का प्रयास किया जा रहा था, जिस दौरान तीन यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग ड्रोनों को बेलगोरोड, कुर्स्क और तुला क्षेत्रों में वायु रक्षा द्वारा नष्ट कर दिया गया।

### मादक पदार्थ तस्करी में दो भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्तता के आरोप में दो भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बिहार के किशनगंज निवासी 38 वर्षीय जमकोद खान को उसके 18 वर्षीय बेटे किशोर के साथ झापा जिले के भद्रपुर नगरपालिका क्षेत्र के एक होटल से सोमवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पिता-पुत्र के पास से कथित तौर पर करीब 52 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की।

### भारती की याचिका पर उप्र सरकार को फिर नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को आप नेता सोमनाथ भारती की उस याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को नया नोटिस जारी किया, जिसमें राज्य में अस्पतालों और स्कूलों की स्थिति पर कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए उनके खिलाफ दर्ज मामले को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है। भारती के खिलाफ मामला सुल्तानपुर के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में लंबित है। उन्होंने मामले को राउज एवेन्यू कोर्ट में स्थानांतरित करने का अनुरोध करते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और अरविंद कुमार की पीठ ने इस मामले में शिकायतकर्ता को भी नोटिस जारी किया और मामले की सुनवाई के लिए तीन सप्ताह बाद की तारीख तय की।

### एशत भारत में मालदीव की नई उच्चायुक्त होंगी

**माले।** वरिष्ठ राजनयिक एशत अज़ीमा भारत में मालदीव के उच्चायुक्त इब्राहिम शाहीब की जगह लेंगी। समाचार पोर्टल सन.एमवी ने कहा कि भारत में नए राजदूत की नियुक्ति का कदम ऐसे समय उठाया गया है जब यह द्वीपीय देश भारत के साथ अपने संबंधों को सुधारना और मजबूत करना चाहता है। इस खबर में भारत को मालदीव के सबसे करीबी द्विपक्षीय साझेदारों में से एक बताया। यह घटनाक्रम राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की इस महीने की शुरुआत में भारत की पहली राजकीय यात्रा के कुछ दिनों बाद हुआ है। मुइज्जू ने सोमवार को संसद की विदेश संबंध समिति को एक पत्र भेजकर अज़ीमा की नियुक्ति के लिए संसदीय मंज़ूरी मांगी।

# इजराइल का आश्वासन, ईरानी परमाणु या तेल संयंत्रों पर नहीं करेगा हमला : अमेरिकी

## अमेरिकी राष्ट्रपति के निर्देश पर लिया गया फैसला, टीएचएएडी के बाद चिंताएं कम

वाशिंगटन, एजेंसी

इजरायल ने बाइडन प्रशासन को आश्वासन दिया है कि वह ईरान के परमाणु या तेल संयंत्रों पर हमला नहीं करेगा। अमेरिका के दो अधिकारियों ने मंगलवार को यह दावा किया। इस महीने की शुरुआत में ईरान द्वारा किये गए मिसाइल हमले के बाद आशंका है कि इजराइल जवाबी कार्रवाई कर सकता है।

बाइडन प्रशासन का मानना है कि रक्षा प्रणाली अमेरिकी टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस बैटरी (टीएचएएडी) तथा उसे संचालित करने के लिए लगभग 100 सैनिक भेजने से इजराइल की कुछ चिंताएं कम हो गई हैं। पेंटागन ने अप्रैल और अक्टूबर में ईरान द्वारा इजराइल पर किए गए बैलेस्टिक मिसाइल हमलों के बाद इजराइल की वायु रक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए टीएचएएडी की तैनाती की रविवार को घोषणा की थी।

उसने कहा था कि राष्ट्रपति जो बाइडन के निर्देश पर यह फैसला किया गया। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों ने आगाह किया कि इजराइल का आश्वासन पक्का नहीं है और परिस्थितियां बदल सकती हैं। अधिकारियों ने यह भी कहा कि अतीत में आश्वासनों को पूरा करने में इजरायल का ट्रैक रिकॉर्ड मिला-जुला रहा है और इस संबंध में अक्सर घरेलू इजराइली राजनीति प्रभावी नजर आयी है जिसने अमेरिका की उम्मीदों पर पानी फेरा है। इन अधिकारियों ने अपनी पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर निजी कूटनीतिक चर्चाओं का जिक्र करते हुए यह जानकारी दी।



### रेवॉल्यूशनरी जनरल के जनाजे में पहुंचे शीर्ष नेता

**यरूशलम।** ईरान के शीर्ष नेता मंगलवार को देश के रेवॉल्यूशनरी गार्ड के जनरल के जनाजे में शामिल हुए, जो बेरूत में हिजबुल्ला के नेता हसन नसरल्ला के साथ मारे गए थे। रेवॉल्यूशनरी गार्ड की अभियान शाखा के प्रमुख जनरल इस्माइल कानी की स्थिति के बारे में कई सप्ताह तक अफवाहें फैली रहीं, लेकिन मंगलवार की सुबह इन पर उस समय विराम लग गया, जब तेहरान के मेहराबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जनरल अब्बास निलफोरशान का शव लाये जाने पर उन्हें आंसू पोंछते हुए देखा गया।

### संरा सुरक्षा परिषद ने शांति सैनिकों के लिए गंभीर चिंता जताई

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इजराइल द्वारा दक्षिणी लेबनान में युद्ध के दौरान संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर गोलीबारी कर उन्हें घायल करने पर गंभीर चिंता व्यक्त की और क्षेत्र में सुरक्षा बनाए रखने में उनकी भूमिका के लिए अपना समर्थन दोहराया। पिछले सप्ताह शांति सेना यूनिफिल के ठिकानों पर इजराइल द्वारा किए हमलों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निंदा हुई थी और संयुक्त राष्ट्र के सबसे शक्तिशाली निकाय द्वारा इस हमले के बाद दिया यह पहला बयान है। संयुक्त राष्ट्र शांति सेना प्रमुख ज्यां-मैरी लैक्रोइक्स ने बताया कि महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने पुष्टि की है कि शांति सैनिक अपने सभी तैनाती स्थलों पर बने रहेंगे। इजराइल ने लेबनान में जमीनी हमलों के दौरान शांति सैनिकों से उत्तर की ओर जाने का आग्रह किया है। इजराइल, लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ अपने युद्ध को दोनों देशों के बीच संरा द्वारा तय की गई सीमा के उस पार बढ़ा रहा है।

### हिजबुल्लाह ने इजरायली रक्षा बल पर दागे 115 गोले

**बेरूत।** लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्लाह ने इजरायल पर 115 गोले दागे हैं। इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने यह जानकारी दी। सेना ने टेलीग्राम पर कहा कि हिजबुल्लाह आतंकवादी संगठन द्वारा दागे गए 115 गोले सोमवार को लेबनान से इज़राइल में प्रवेश कर गए हैं। गौरतलब है कि एक अक्टूबर से इजरायल दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह बलों के खिलाफ जमीनी अभियान चला रहा है। शिया आंदोलन के नेताओं सहित दो हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इजरायल के सैन्य अभियान का मुख्य लक्ष्य देश के उत्तर से 60 हजार निवासियों की वापसी के लिए स्थितियां बनाना है, जिन्हें एक साल पहले फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के समर्थन में हिजबुल्लाह द्वारा शुरू की गई गोलाबारी के कारण निकाला देश से छोड़ना पड़ा था।

# उ. कोरिया ने अंतर-कोरियाई सड़कों के कुछ हिस्सों को किया नष्ट

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने मंगलवार को सड़कों के उस उत्तरी हिस्से को नष्ट कर दिया है जो अब उपयोग में नहीं है और कभी उसे दक्षिण कोरिया से जोड़ता था। उसने यह कदम उस दावे के बाद उठाया है कि दक्षिण कोरिया ने उसकी राजधानी प्योंगयांग पर ड्रोन उड़ाए थे जिसके बाद दोनों प्रतिद्वंद्वी देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है।

सड़कों को ध्वस्त करना दक्षिण कोरिया की रूढ़िवादी सरकार के खिलाफ उत्तर कोरिया के बढ़ते गुस्से को दिखाता है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया के साथ संबंध खत्म करने का आह्वान किया है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि सड़कों को विस्फोट के जरिये नष्ट करने के जवाब में दक्षिण कोरियाई सेना ने भी दक्षिणी सीमा पर गोलीबारी की है।

### किम ने की रक्षा और सुरक्षा मामलों पर बैठक

**सोल।** उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन ने रक्षा और सुरक्षा मामलों को लेकर बैठक की है, जिसमें अन्य मुद्दों के अलावा दक्षिण कोरिया द्वारा उ. कोरिया की संप्रभुता के उल्लंघन पर ध्यान केंद्रित किया गया। उत्तर कोरिया की समाचार एजेंसी केसीएनए ने मंगलवार को रिपोर्ट में बताया कि बैठक में मुख्य खुफिया निदेशालय के प्रमुख की रिपोर्ट सुनी गई, उ. कोरिया की संप्रभुता के खिलाफ गंभीर उकसावे के व्यापक विश्लेषण पर चर्चा की गई।

# अस्पतालों में सुरक्षा संबंधी चिंताओं के आकलन में तेजी लानी चाहिए : न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



- **राष्ट्रीय कार्यबल की धीमी प्रगति पर सुप्रीम कोर्ट ने जताया असंतोष**
- **27 अगस्त की बैठक में सिफारिशें तैयार करने को चार उप-समूहों का हुआ था गठन**

उच्चतम न्यायालय ने चिकित्सकों और स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े अन्य पेशेवरों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के वास्ते प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए गठित राष्ट्रीय कार्यबल (एनटीएफ) की धीमी प्रगति पर मंगलवार को असंतोष जताया। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि 27 अगस्त को हुई पहली बैठक में एनटीएफ ने हितधारकों के साथ जुड़ने और चिकित्सा संस्थानों के बुनियादी ढांचे, सुरक्षा प्रणालियों, सभी राज्यों में चिकित्सा पेशेवरों की कामकाज की स्थिति में सुधार और कानूनी ढांचे को मजबूत करने के लिए सिफारिशें तैयार करने के लिए चार उप-समूहों का गठन किया था।

शीर्ष अदालत ने एनटीएफ की ओर से नौ सितंबर के बाद कोई और बैठक नहीं करने पर आश्चर्य व्यक्त किया। पीठ ने कहा कि नौ सितंबर के बाद कार्यबल ने क्या किया? नौ सितंबर के बाद कोई बैठक क्यों नहीं हुई? कोई प्रगति क्यों नहीं हुई? इसे काम में तेजी लानी चाहिए। केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि एनटीएफ द्वारा अब तक उठाए गए कदमों का विवरण देते हुए एक हलफनामा दायर किया गया था। मेहता ने कहा कि एनटीएफ के कार्य व्यापक प्रतीत होते हैं और उन्होंने बल द्वारा स्वास्थ्य पेशेवरों की समस्याओं के दीर्घकालिक समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि एनटीएफ अपने काम में तेजी लाएगा। कार्यबल के सदस्यों में चिकित्सा सेवा (नौसेना) की महानिदेशक और वाइस एडमिरल आरती सरीन, हैदराबाद स्थित एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और एआईजी अस्पताल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. डी नागेश्वर रेड्डी, दिल्ली एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास, भी शामिल हैं। अन्य सदस्यों में रोहतक स्थित पंडित बी डी शर्मा चिकित्सा विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अनीता सक्सेना हैं जो पूर्व में दिल्ली स्थित एम्स के कार्डियोलॉजी विभाग की अध्यक्ष रह चुकी हैं। मुंबई के ग्रांट मेडिकल कॉलेज और सर

# पूर्व भारतीय राजनयिकों बोले- भारत ने कनाडा के खिलाफ सही कदम उठाया

**नई दिल्ली।** कई पूर्व राजनयिकों ने मंगलवार को ओटावा में भारतीय राजनयिकों को सिख चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर के मारे जाने की घटना की जांच से जोड़ने के कनाडा के आरोप की आलोचना की और कहा दिल्ली ने जवाब में सही कदम उठाया है।

पूर्व राजदूतों ने कहा कि कनाडा का मिथ्या प्रचार प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की अगले चुनाव में अपनी संभावनाएं बढ़ाने के लिए अपने देश के भीतर कट्टरपंथी तत्वों से समर्थन हासिल करने की दुःसाहस से उपजा है। ओटावा द्वारा निज्जर के मारे जाने की घटना की जांच से भारतीय उच्चायुक्त को जोड़े जाने के बाद पहले से ही खराब भारत-कनाडा संबंधों में भारी गिरावट देखी गई। भारत ने कनाडा के आरोपों को खारिज करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी और छह कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया तथा कनाडा से अपने उच्चायुक्त को वापस बुला लिया।

### स्टार्मर ने कानून व्यवस्था के महत्व के मुद्दे को उठाया

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ फोन पर बातचीत के दौरान कानून व्यवस्था के महत्व पर जोर दिया। भारत के साथ कनाडा के राजनयिक विवाद के बीच यह बातचीत हुई। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के कार्यालय-सह-आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट ने यह जानकारी दी। इससे पहले भारत ने छह कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था और सिख चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच से अपने राजनयिक को जोड़ने के कनाडा के आरोपों को खारिज करने के बाद वहां से अपने उच्चायुक्त संजय वर्मा को वापस बुलाने की घोषणा की थी।

# बाहरी ताकतों को बुलाने से एकता के प्रयासों को लगेगा झटका : राजनाथ

**विकाराबाद (तेलंगाना)।** भारत के साथ समुद्री सीमा साझा करने वाले देशों को संदेश देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि समुद्री सुरक्षा एक सामूहिक प्रयास है और बाहरी ताकतों को दहलीज तक आमंत्रित करने से एकता के प्रयासों को झटका लगेगा।

विकाराबाद जिले के दामागुंडम वन क्षेत्र में भारतीय नौसेना के बेहद कम आवृत्ति (वीएलएफ) वाले रडार स्टेशन की आधारशिला रखने के बाद सिंह ने कहा कि बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर क्षेत्र में शांति बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रयास में भारत के मित्र देशों का सहयोग आवश्यक है, क्योंकि यदि एक भी देश छूट गया तो सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत सबको साथ लाने में विश्वास करता है, तोड़ने में नहीं। इसलिए हम मित्र पड़ोसी देशों को साथ लेने के लिए हर संभव कदम उठा रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि वीएलएफ नौसैनिक स्टेशन से जब संचालन हो जाएगा तो यह समुद्री बलों के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा।

# एससीओ नेताओं के साथ शरीफ ने की द्विपक्षीय बैठकें

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन से इतर विभिन्न एससीओ सदस्य देशों के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कीं और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने तथा अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन को मजबूत करने के लिए विचारों का आदान-प्रदान किया।

पाकिस्तान 15 और 16 अक्टूबर को एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) के दो दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। शरीफ ने बेलारूस के प्रधानमंत्री रोमन गोलोवचेंको, तजाकिस्तान के प्रधानमंत्री कोहिर रसूलजोदा और किर्गिस्तान के प्रधानमंत्री अकिलबेक जापारोव के साथ अलग-अलग बैठकें कीं तथा द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की।



### हम एससीओ प्रारूप में जुड़े हुए हैं : जयशंकर

**इस्लामाबाद।** भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भाग लेने के लिए विदेश मंत्री एस. जयशंकर के पाकिस्तान पहुंचने से कुछ घंटे पहले मंगलवार को कहा कि वह इस प्रभावशाली क्षेत्रीय समूह के विभिन्न तंत्रों से सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। भारत और पाकिस्तान के संबंधों में तनाव के बीच करीब एक दशक में किसी भारतीय विदेश मंत्री की पड़ोसी देश की यह पहली यात्रा है। पाकिस्तान 15 और 16 अक्टूबर को एससीओ शासनाध्यक्षों की परिषद (सीएचजी) की दो दिवसीय बैठक की मेजबानी कर रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारत एससीओ रूपरेखा के भीतर विभिन्न तंत्रों और पहल समेत एससीओ प्रारूप में सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है।

# छात्रा से दुष्कर्म के खिलाफ आंदोलन पूरे पंजाब प्रांत में फैला

लाहौर, एजेंसी

- **लाहौर के कॉलेज में छात्रा से गार्ड ने किया था दुष्कर्म, पंजाब ग्रुप ऑफ कॉलेज में विरोध प्रदर्शन**

पाकिस्तान में लाहौर के एक कॉलेज में एक छात्रा से कथित दुष्कर्म की घटना को लेकर बड़ी संख्या में छात्रों ने पंजाब प्रांत की नेशनल असेंबली के बाहर मंगलवार को विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने लाहौर के एक कॉलेज में छात्रा से बलात्कार मामले, पंजाब महिला कॉलेज में उत्पीड़न की घटना और हाल ही में छात्राओं के खिलाफ हुई हिंसा की जांच के लिए एक समिति के गठन की मांग की, जिसमें स्वतंत्र मानवाधिकार निकायों के सदस्य, छात्र प्रतिनिधि और न्यायाधीश शामिल हों।

इस बीच, लाहौर के कॉलेज में छात्रा से कथित दुष्कर्म की घटना के खिलाफ छात्रों का आंदोलन पंजाब प्रांत के अन्य शहरों में भी फैल गया। पंजाब ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के कम से कम चार परिसरों में सोमवार सुबह उस समय विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गए, जब सोशल मीडिया पर खबरें आईं कि लाहौर के गुलबर्ग गर्ल्स कॉलेज की एक छात्रा के साथ संस्थान के बेसमेंट में एक सुरक्षा गार्ड ने कथित तौर पर बलात्कार किया। पुलिस ने दावा किया कि संदिग्ध उसकी हिरासत में है, लेकिन उसने पूछताछ के दौरान सभी आरोपों से इनकार किया है। पंजाब प्रांत की सूचना मंत्री उज्मा बुखारी ने दावा किया कि किसी भी कॉलेज के परिसर में बलात्कार की कोई घटना नहीं हुआ है। बुखारी ने कहा, लाहौर और पंजाब को कॉलेज परिसर में बलात्कार की घटना की झूठी खबर फैलाकर निशाना बनाया जा रहा है।

# चंद्र अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण करेगा चीन

**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को कुछ दशकों में अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम का विस्तार करने के लिए मानवयुक्त चंद्र मिशन शुरू करने, चंद्र अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण करने और रहने योग्य ग्रहों तथा पृथ्वी के अतिरिक्त अन्य जगहों पर जीवन का पता लगाने की योजना की घोषणा की। देश के शीर्ष अंतरिक्ष निकायों ने अंतरिक्ष विज्ञान के लिए दीर्घकालिक विकास कार्यक्रम का अनावरण किया, जो 2024 से 2050 तक देश के अंतरिक्ष विज्ञान मिशन और अंतरिक्ष अनुसंधान की योजना का मार्गदर्शन करेगा।

चाइना एकेडमी ऑफ साइंसेज (सीएएस), चाइना नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन और चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी द्वारा यहां मीडिया को जारी कार्यक्रम में चीन के अंतरिक्ष विज्ञान लक्ष्यों को रेखांकित किया गया। इसमें पांच प्रमुख वैज्ञानिक विषयों के तहत 17 प्राथमिकता वाले क्षेत्र और तीन चरण वाला प्रारूप शामिल हैं।

**अद्भुत दृश्य** | इस वर्ष दूसरी बार हुई यह अद्भुत खगोलीय घटना

# दुर्लभ ऑरोरा की रोशनी में जगमगाया मैक्सिको

नैनीताल, अमृत विचार

भूचुम्बकीय सौरतूफ़ानों का असर पृथ्वी के कम अक्षांश वाले क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है। हाल ही में निम्न अक्षांश में मैक्सिको में ऑरोरा का आसमान रंग बिरंगी रोशनी में नहाया नजारा आया। यह दुर्लभ खगोलीय घटना इस वर्ष दूसरी बार देखने को मिली हैं।

दरअसल ऑरोरा की रोशनी ध्रुवीय क्षेत्रों में ही नजर आती है। इसकी वजह सूर्य से उठने वाले भूचुम्बकीय सौरतूफ़ान हैं, जो सूर्य की सतह पर होने वाले विस्फोट के साथ उत्पन्न होते हैं। ये तूफान उच्च ऊर्जावान कण साथ लेकर आते हैं और पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों के चुम्बकीय क्षेत्रों से टकराते हैं। तब ऑरोरा की रोशनी रंग बिरंगे बादल समान तैरते नजर आते हैं।



मैक्सिको से इस तरस नजर आई ऑरोरा के रंगबिरंगी रोशनी।

मगर इस बार यह 23 डिग्री अक्षांश में भी प्रभाव छोड़ने में कामयाब रहे। इसकी वजह भीषण सौरतूफ़ान हैं, जो पिछले दिनों मैक्सिको तक पहुच गए, जबकि इससे पहले 10 मई को भारत के लदाख क्षेत्र तक आ पहुचे थे। जिसे वैज्ञानियों ने देखा और तस्वीरें भी बनाई। मैक्सिको में ऑरोरा के दृश्य बेहद मनमोहक थे। लाल रंग में समूचा आसमान जगमगा उठा। जिसका वहां स्थानीय लोगों ने भरपुर आनंद उठाया। रेने साडे नामक एस्ट्रोफाटोग्राफर ने माज़ातलान, सिनालोआ के समुद्र तट से ऑरोरा की मनमोहक तस्वीरों को कैमरे में कैद किया। यह स्थान 23 डिग्री उत्तरी अक्षांश पर हैं। इससे पहले 10 मई के महा सौरतूफ़ान के दौरान भी औरोरा देखे गए थे। वैज्ञानिक कहते हैं कि इतने दूर एक साल में दो बार औरोरा देखना अद्भुत है।

### लगातार जारी है सौरतूफानों का उठना

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौरवैज्ञानिक डा वहाबउद्दीन के अनुसार यह सौरचक्र बेहद सक्रिय हो चला है, जो पिछले कई रिकार्ड तोड़ने में तुला हुआ है। 11 अक्टूबर का सौर तूफान एक्स1.8 का था। जिसने दुर्लभ व बहुत कम अक्षांश वाले अरोरा उत्पन्न किए। अभी सौर सक्रियता का चरम आना शेष है, जो अगले वर्ष देखने को मिलेगा।